पश्चिमी अमेरिका के सम्मेलन में दी गयी सीख

ली होंगज़ी

फरवरी 21-22, 1999 लॉस एंजिलस

सभी को नमस्कार! *(तालियाँ)*

पहले इस सम्मेलन का उद्देश्य पश्चिमी क्षेत्रों के लिए एक स्थानीय अनुभव-साझाकरण सम्मेलन का था। इसका उद्देश्य यू.एस. के पश्चिमी क्षेत्रों के छात्रों की साधना बेहतर करने में, और साधना का वातावरण बेहतर करने के लिए है—लक्ष्य बस यही है। क्योंकि यह एक क्षेत्रीय सम्मेलन है और मुख्य रूप से उनके स्थानीय मुद्दों को हल करने के उद्देश्य से है, इसे बहुत से लोगों को बताया नहीं गया था, न ही हमने विश्व के अन्य भागों में इसे बताया। एक और महत्वपूर्ण कारण यह है कि मैं चाहता हूं कि सभी को एक स्थिर वातावरण मिले और किसी भी हस्तक्षेप से मुक्त शांतिपूर्ण मन के साथ साधना कर पाएं। अब विभिन्न क्षेत्रों में कई संघ और स्वयंसेवक केंद्र हैं, और इसलिए बहुत सारी गतिविधियां हो रही हैं। यदि आप सभी मेरे पीछे-पीछे आते रहेंगे, तो आपके पास साधना के लिए समय नहीं रहेगा, न ही आपके पास साधना के लिए स्थिर वातावरण होगा। इससे आपकी साधना में कोई लाभ नहीं होगा। इसलिए मैं नहीं चाहता की बहुत से लोग यहाँ वहां भागते फिरें। निश्चित ही, आप सभी इस आशय को समझते हैं, लेकिन आप फिर भी गुरु को देखने की इच्छा रखते हैं। मैं इस भावना को समझता हूं। वास्तव में, यदि आपने स्वयं अच्छी तरह से साधना की है तो मुझे देखना और भी सरल होगा।

क्योंकि आप आए हैं, आइये सभी शांत मन से, सुनें और समझें, इस समय के दौरान पश्चिमी तट के छात्रों की साधना में क्या सुधार हो रहे हैं और उनके क्या अनुभव हैं। उनके भाषणों से और अनुभवों को साझा करने से हम यह पता लगाने में सक्षम होंगे कि हम कहां पीछे रह गए हैं, जिससे हम अपनी साधना में सुधार कर पाएं। सभी को स्वयं का आत्म-मूल्यांकन करना चाहिए, अपनी कमियों की खोज करनी चाहिए, और एक दूसरे को आगे बढ़ने में सहायता करनी चाहिए। यही हमारे फा सम्मेलनों का मूल उद्देश्य है। यदि हमारा फा सम्मेलन इस उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकता है, तो इसे आयोजित नहीं किया जाना चाहिए; इसका कोई मूल्य नहीं होगा, और यह अपना अर्थ खो देगा। दाफा के सभी साधना के रूप, और जो कुछ भी मैं करता हूं, वे सभी को जितनी जल्दी हो सके सुधरने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से हैं। यदि ऐसा नहीं होता और यह लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सकता, तो मैं इन चीजों को नहीं करता। हालांकि, वर्तमान में आपके पास साधना के रूपों में,

इस अभ्यास के अलावा फा फैलाने का भी एक रूप है। यह तब की बात है जब से मैंने फा को सिखाना शुरू किया था, और यह उस दिन से ऐसा ही संरक्षित रखा गया है; यह भी महत्वपूर्ण है और वास्तव में उत्कृष्ट परिणाम ला सकता है। तदनुसार, आपको क्षेत्रीय स्तर पर फा सम्मेलनों को जारी रखना चाहिए। लेकिन मुझे लगता है कि उन क्षेत्रीय सम्मेलनों को विशिष्ट क्षेत्रों तक ही सीमित रखना बेहतर होगा जो इसके अंतर्गत हैं और इन्हें छोटे स्तर पर होना चाहिए। मुझे लगता है कि बड़े स्तर पर फा सम्मेलन वर्ष में एक या दो बार आयोजित करना पर्याप्त है। उन्हें बार-बार आयोजित न करें और उन्हें केवल औपचारिकता में न पड़ने दें। यह केवल तभी लाभदायक होता है जब यह वास्तव में और ठोस रूप से सभी को सुधरने में सहायता करने के उद्देश्य का कार्य करता है।

जैसा कि आप जानते हैं, मैंने पहले ही इस फा को बहुत उच्च स्तर पर सिखाया है। ज़ुआन फालुन, पुस्तक के माध्यम से फा को समझना आप सब के लिए अपेक्षाकृत सरल है। वह फा जो मैंने बाद में सिखाया, यदि आपने ज़ुआन फालुन को नहीं पढ़ा है और सीधे ही विभिन्न क्षेत्रों में दिए गए व्याख्यान को पढ़ा है, हालांकि आप उन्हें समझ सकेंगे, वे आपकी साधना को संयुक्त तरीके से मार्गदर्शन करने में सक्षम नहीं होंगे। क्योंकि फा में सबकुछ समाहित है और पूरी तरह से जुड़ा हुआ है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप फा कैसे पढ़ते हैं, यह उत्तर प्रदान कर सकता है। सामने से, पीछे से या मध्य से—चाहे आप कोई भी विधियां अपना कर इसे देखें और कैसे भी इस दाफा को पढ़ें—यह सभी जुड़े और संयुक्त हैं, विभिन्न भाग सभी एक दूसरे को स्पष्ट कर सकते हैं, और वे परस्पर जुड़े होने का प्रभाव प्राप्त कर सकते हैं। यही वास्तव में दाफा का पूर्ण समाहित और अविनाशी होने के पीछे का कारक है। अन्य क्षेत्रों में मेरे सिखाये गए फा की बात की जाए तो, यह वास्तव में विशेष रूप से विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न स्थितियों को ध्यान में रखते हुए सिखाया गया था। मैंने विशेष रूप से यू.एस. और कुछ यूरोपीय देशों में ब्रह्मांड की संरचना के बारे में अधिक बात की है; और वह निश्चित रूप से, आपकी साधना से अविभाज्य है। आपकी साधना का उद्देश्य क्या है? फल पदवी तक पहुंचने के बाद, आप निश्चित रूप से इस आयाम में नहीं होंगे; इसमें अनिवार्य रूप से अन्य आयामों के साथ-साथ ब्रह्मांड की संरचना शामिल होगी। यही कारण है कि मैंने इन चीजों के बारे में बात की है। लेकिन, विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों के लिए और विभिन्न परिस्थितियों के आधार पर, मैं

हमेशा विभिन्न कोणों और विभिन्न तरीकों से फा को सिखाता हूं। यह मेरे फा सिखाने की एक विशेषता है।

क्योंकि सब कोई किसी न किसी चीज से मोहभाव रखते हैं, और हर कोई सोचता है कि साधारण लोगों के समाज में भी कुछ सच्चाई है जिसका उसे स्वयं से आभास हुआ है, फिर वह उसको जीवनभर पकडे रहता है। वास्तव में, मैं आपको बताना चाहता हूं कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने साधारण लोगों के बीच किसी भी सिद्धांत का ज्ञानप्राप्त किया है, मानव जाति से उच्च किसी भी स्तर के जीवों की दृष्टि में वे सभी अनुचित हैं, क्योंकि पूरा मानव समाज [उच्चतर आयामों से] विपरीत है। तो, आपकी इस बाधा को तोड़ने के लिए, जैसे की, जिन धारणाओं को आपने गठित किया है वे आपके फा प्राप्त करने में गंभीर रूप से हस्तक्षेप कर रही हैं—मैंने विभिन्न लोगों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में फा पर व्याख्यान करने में विभिन्न दृष्टिकोणों का उपयोग किया है ताकि उन बाधाओं को तोड़ सके जो आपके मन में हैं, जो फा प्राप्त करने में रुकावटें हैं। चीन से अमेरिका आये कई लोग बहुत सफल हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त की हुई है। कईयों के पास डिग्री है, और वे सभी मानते हैं कि उनके पास आधुनिक विज्ञान की अपेक्षाकृत अधिक स्पष्ट समझ है। लेकिन वास्तव में, जिसे आप स्पष्ट समझ मानते हैं वही आपके लिए एक बाधा है। कारण यह है,जैसे मैंने कई अवसरों पर चर्चा की है, यह विज्ञान स्वयं वास्तव में वैज्ञानिक नहीं है। यह कुछ ऐसा है जो पर-ग्रहियों द्वारा मनुष्य पर थोपा गया है, कुछ ऐसा जो पूरे समाज में प्रवेश कर गया है और हर बात में व्याप्त हो गया है। क्योंकि आप इनके बीच में हैं, इसलिए आप निश्चित रूप से यह नहीं बता सकते कि यह सब क्या है। फिर मैंने फा को सिखाने में आधुनिक विज्ञान क्यों सम्मिलित किया है? क्योंकि विज्ञान ने मानव धारणाओं और व्यवहार को बदल दिया है। मानव जाति की जीने की परिस्थितियों के बदलाव ने मानव व्यवहार में बदलाव लाया है, और सभी मानव संस्कृतियां बदल गई हैं। लोग अब उन संस्कृतियों को नहीं समझ सकते हैं जो विज्ञान से संबंधित नहीं हैं, जैसे कि विभिन्न जातीय समूहों की स्थानीय संस्कृतियां। इस ब्रह्मांड पर चर्चा करने के लिए केवल आधुनिक विज्ञान के तरीकों का उपयोग करके समकालीन लोग ब्रह्मांड में पदार्थ के वास्तविक मूल कारणों, जीवन, और स्वयं ब्रह्मांड को समझने और जानने में सक्षम होंगे। इस तरह, तथाकथित सत्य जो आपको लगता है कि आपने साधारण लोगों के बीच समझा है, टूट जाएगा और समाप्त हो जाएगा, और

इसके टूटने पर आपको फा—वास्ताविक सत्य—प्राप्त करने में सहायता होगी। जब आप पाते हैं कि वह चीज वास्तव में सच नहीं है, तो आपके लिए फा प्राप्त करना सरल होगा। तो यह विभिन्न लोगों, विभिन्न परिस्थितियों, और विभिन्न क्षेत्रों के अनुसार मेरे शिक्षण की विशेषताओं में से एक है—यह कि, फा सिखाने के दौरान मैं आधुनिक लोगों की विचलित धारणाओं को सम्मिलित करता हूँ। वास्तव में, आप में से कई, विशेष रूप से अपेक्षाकृत उच्च शिक्षा वाले लोगों ने लंबे समय तक एक आदत और मानसिकता को विकसित किया है जो ज्ञान के बारे में, विज्ञान के बारे में जिज्ञासु है। जब इस प्रकार की चीजें इन लोगों के सामने आती हैं तो वे इसका पता लगाना और इसके बारे में अधिक जानना चाहते हैं। क्योंकि वे ज्ञान का पीछा करने के आदी हो गए हैं, और एक ऐसी मानसिकता के परिणामस्वरूप जो कभी भी संतुष्ट अनुभव नहीं करती है, वे हमेशा और अधिक खोजना चाहते हैं। वास्तव में, मानव सोच, मानव धारणाओं, मानव उपलब्धि का वर्तमान स्तर, या उपलब्धि के भविष्य के स्तर का उपयोग करके, आप कभी भी यह नहीं खोज पाएंगे कि ब्रह्मांड अंततः क्या है—यह पता लगाना बिलकुल असंभव होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि मानवीय सोच और मानव भाषा केवल एक निश्चित सीमा तक ही चीजों का वर्णन कर सकती है। उस सीमा से परे, मानव जाति के पास इसका वर्णन करने के लिए आवश्यक भाषा का प्रकार नहीं है। न केवल इसका वर्णन करने के लिए कोई भाषा नहीं है, लेकिन आपके पास उस शब्दावली का भी अभाव होगा, क्योंकि वर्तमान शब्दावली में इससे मेल करने का कोई तरीका नहीं है। चाहे आप इसका वर्णन कैसे भी करें, इसका वर्णन नहीं किया जाएगा। यही कारण है कि कभी-कभी व्याख्यान करते समय फा सिखाना मेरे लिए इतना सरल नहीं होता है।

दूसरी बात यह है कि मानव सोच एक निश्चित कार्यक्रम का अनुसरण करती है। लेकिन क्योंकि यह कार्यक्रम अब काम नहीं करता है, आप ब्रह्मांड के बारे में स्पष्ट रूप से नहीं बता सकते। कई बार, फा को पढ़ते समय भी, छात्र अपने मन में फा को समझ सकते हैं लेकिन उसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते। सभी छात्रों को यह अनुभूति हुई है कि वे फा को समझने में सक्षम तो हैं लेकिन इसे स्पष्ट रूप से व्यक्त करने में सक्षम नहीं हैं। यह कि यह कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे साधारण लोगों की सोच या भाषा से स्पष्ट रूप से समझाया जा सके। फिर भी, मैं मानवीय भाषा का उपयोग करके फा को सिखाने का पूरा प्रयत्न कर रहा हूं, और सभी को

इसे समझने का अवसर दे रहा हूं। पिछली बार जब मैं आपको जिनेवा में फा सिखा रहा था, मुझे यह पहले से ही काफी कठिन लगा; मुझे लगा कि मैंने अपनी ओर से चीजों को स्पष्ट रूप से नहीं समझाया।

मैंने हाल ही में छः पुस्तकें प्रकाशित की हैं। वे सिंगापुर, जिनेवा, फ्रैंकफर्ट के पिछले साल के फा व्याख्यान, उत्तरी अमेरिका का पहला फा सम्मेलन और चांगचुन में स्वयंसेवकों के लिए फा सम्मेलन हैं। एक अन्य चार-पंक्ति वाले लेखों का एक संग्रह है जो मैंने छात्रों के लिए लिखा था, जिसे कविताएँ भी कहा जा सकता है—यह उस प्रकार की पुस्तक है। कुल मिलाकर छः पुस्तकें हैं, और सभी प्रकाशित हो चुकी हैं। उद्देश्य क्या है? जिन चीजों के विषय में मैंने भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में बात की, वे केवल उन विशेष परिस्थितियों के लिए उपयुक्त थीं। जब उन्हें उस संदर्भ से हटा दिया जाता है और अन्य परिस्थितियों में सुना जाता है, हालांकि वे अभी भी कुछ प्रभाव प्राप्त कर सकते हैं क्योंकि वे फा हैं, वे अपने लक्ष्य खो सकते हैं और उन लोगों को सरलता से भटका सकते हैं जिन्होंने व्यवस्थित रूप से फा को नहीं सुना है। क्योंकि ऐसी परिस्थिति है, इसलिए मैंने उन्हें इस कमी को पूरा करने के लिए संकलित किया, और वे सभी अब प्रकाशित हो चुके हैं। इसलिए एक बार जब आपको पुस्तकें मिल जाती हैं, तो आपको उन वीडियो टेपों को नष्ट कर देना चाहिए जिन्हें आपने विभिन्न क्षेत्रों में बांटा था। आप जानते हैं, वीडियो टेप एक और प्रमुख विशेषता साझा करते हैं: जब आप लोगों के किये गए प्रश्नों के मेरे उत्तर सुनते हैं, तो मेरे उत्तर केवल उनके उत्तर नहीं होते जो पूछा गया था। ऐसा क्यों है? ऐसा इसलिए है क्योंकि हमारा समय बहुत सीमित है, और जैसे ही मैं कुछ लोगों द्वारा लिखी गयी पर्चियों में उठाए गए प्रश्नों को पढ़ता हूं, आप उन्हें समझ जाते हैं, और इसलिए मैं इस अवसर का अन्य मुद्दों को संबोधित करने के लिए उपयोग करता हूं। यदि एक ऑडियो टेप जिसमें उत्तर सम्मिलित हैं जो प्रश्नों को संबोधित नहीं करते हैं, तो अन्य लोगों को समझ में नहीं आएगा। हम इन सभी समस्याओं का समाधान करना चाहते हैं, और इसलिए हमने पुस्तकें प्रकाशित की हैं। अभी जो मेरे कहने का तात्पर्य है वह यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में मैंने उन विशिष्ट क्षेत्रों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए चीजों के बारे में बात की थी।

पिछली बार जब मैं चीन में था, संयुक्त राज्य अमेरिका आने से कुछ समय पहले, मैंने लोगों से कहा था कि वे कुछ दाफा स्वयंसेवकों के साथ उन साधकों को भी

साथ लाएं जो बीजिंग में वैज्ञानिक समुदाय में महाविद्यालय के प्रोफेसर और वैज्ञानिक हैं, ताकि मैं उनसे विज्ञान के विषय में विस्तार से बात कर सकूं। अंत में, मैं जो करने का ध्येय रखता था वह संतोषजनक ढंग से पूरा नहीं हुआ, क्योंकि कई अन्य छात्र आ गए और ऐसे प्रश्न उठाए जो उस विषय पर केंद्रित नहीं थे जिस पर मैं चर्चा करना चाहता था। इसलिए बात करना कठिन हो गया। मैं उन लोगों के विरुद्ध नहीं हूं जो फा को सुनना चाहते हैं या मुझे देखना चाहते हैं, लेकिन भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थितियां होती हैं। मैं आज ज्यादा बात नहीं करना चाहता क्योंकि यह एक फा सम्मेलन है, और आप अपने पत्र पढ़ेंगे। कल मैं आपके प्रश्नों का उत्तर दूंगा।

क्योंकि आप यहां बैठे हैं, इसलिए इस अवसर का लाभ उठाकर मैं आपसे कुछ मुद्दों पर बात कर सकता हूं।

मुझे पहले फा के प्रसार के विषय के बारे में बात करने दें। आपने वास्तव में बहुत प्रयास किया है, लेकिन एक समस्या है: आपने पाया है कि हाल के समय में बहुत कम नए छात्र हैं। ऐसा क्यों है? क्योंकि इस पूरे आयोजन को शुरुआत में बहुत ही व्यवस्थित तरीके से किया गया था। हालाँकि, इस व्यवस्था को मेरे द्वारा स्वीकार नहीं किया गया था, क्योंकि इसे ब्रह्मांड में प्राचीन शक्तियों द्वारा इस स्थिति में व्यवस्थित किया गया था जिसके बारे में मुझे पता नहीं था और मैं इसके लिए सहमत नहीं हुआ। इस पर इस तरह संक्षेप में ही चर्चा की जा सकती है। क्योंकि यह फा-सुधार है, इसमें क्या सुधार किया जा रहा है? जिन्हें सुधारा जा रहा है वे सभी प्राचीन चीजें हैं जो फा से भटक गई हैं। अतीत की भटकी हुई चीजें एक शक्ति बन गई हैं और एक व्यवस्था का गठन किया है, और ये चीजें ऊपर से नीचे तक नकारात्मक भूमिका निभा रही हैं। मैं चाहता हूं कि अधिक से अधिक लोगों को फा प्राप्त करने की अनुमति मिले जैसे-जैसे मैं इसे प्रदान करते जा रहा हूं। क्योंकि प्राचीन शक्तियों ने पहले ही इस घटना को भिन्न-भिन्न चरणों में विभाजित कर दिया है और उन्हें लगता है कि इस अवसर के लिए लोगों की संख्या पहले ही पूरी हो चुकी है, वे अब इसे रोक रहे हैं। पहले मैंने 20 करोड़ लोगों को फा से परिचित करने की योजना बनाई थी, लेकिन अंत में, प्राचीन बुरी शक्तियों ने संख्या को 10 करोड़ तक सीमित कर दिया है। इसलिए फा का प्रसार करते समय आपको प्रगति करने में कुछ कठिनाई हुई है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि लोग भविष्य में

फा प्राप्त नहीं करेंगे; वे धीरे-धीरे फा को जान और प्राप्त कर रहे हैं। आपको जो करना चाहिए वह करते रहना चाहिए। लेकिन, फिर भी, आपको फा प्राप्त करने के लिए किसी व्यक्ति को घसीटने की आवश्यकता नहीं है। साधना स्वैच्छिक रूप से की जाती है। यदि कोई व्यक्ति साधना नहीं करना चाहता है, तो भी ठीक है। हमें केवल प्राचीन शक्तियों के हस्तक्षेप के कारण कुछ बदलने की आवश्यकता नहीं है। यदि आप उन लोगों को जागरूक होने का अवसर दे सकते हैं जो फा के बारे में जागरूक नहीं हैं, और जो फा के बारे में नहीं जानते हैं उन्हें जानने दें, तो आपने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है, और यह पर्याप्त है। मैंने अभी जो कहा वह आपको यह बताने के लिए था कि यह एक कारक है, और यह इस स्थिति का कारण बना है। लेकिन मैंने जो कहा उसे आपको अनुचित तरीके से नहीं समझना चाहिए, जैसे कि आपको कुछ नया समझ में आ गया है, और फिर अपनी स्वयं की धारणाओं और मोहभावों को पकड़े हुए इसके बारे में संदर्भ से बाहर बात करें—यह अच्छा नहीं है। समझदारी से काम लें। मैं आपको केवल इतना बता रहा था कि यह इस तरह की स्थिति है।

दूसरी ओर, आज इस जिम्मेदारी को पूरा करने के क्रम में, मैंने आपको और फा को एक साथ जोड़ दिया है। आपकी साधना इतनी तेजी से क्यों प्रगति कर रही है? इसके पीछे कई, कई कारक हैं; यह एक प्रमुख कारण है। जैसे-जैसे मैं इस फा को सिखा रहा हूं और फा-सुधार की संपूर्ण प्रक्रिया हो रही है, विभिन्न स्तरों पर जीव फा को सुन रहे हैं; मानव जगत में जो साधक सबसे निचले स्तर पर फा को सुनते हैं, वे आप हैं, इसलिए आप इस दाफा से जुड़े हुए हैं। यद्यपि आप ही हैं जो निम्नतम स्तर पर फा को सुनते हैं, आप निम्नतम स्तर पर हमेशा के लिए नहीं रहेंगे। आप फल पदवी प्राप्त करेंगे और विभिन्न आयामों और विभिन्न स्तरों तक पहुँचेंगे—यह ऊपर से नीचे तक पूरी तरह से जुड़ा हुआ है। जब भविष्य में यह जिम्मेदारी समाप्त हो जाएगी, तो उस समय साधना करने आने वाले लोगों का आज के फा-सुधार कार्यक्रम से कोई लेना-देना नहीं होगा। वे सामान्य तरीके से साधना करेंगे।

ब्रह्मांड का यह दाफा जिसे मैं आज सिखा रहा हूं, मानव जाति को दिया गया सबसे बड़ा अवसर भी है, क्योंकि इतने विशाल फा के साथ साधना निश्चित रूप से अतीत में अकल्पनीय थी। अब आप फा प्राप्त कर सकते हैं, आप मुझे व्यक्तिगत

रूप से फा की शिक्षा देते हुए सुन सकते हैं, और इसके अलावा, आप फा-सुधार के इस विषय से जुड़े हुए हैं—आप अभी तक इसके महत्व को नहीं समझ पाए हैं! कभी-कभी कुछ छात्र निष्ठावान होने में असफल हो जाते हैं, ऐसे में वे स्वयं के प्रति गैर-जिम्मेदार हो रहे हैं! आखिर वे इंसान हैं, उनके विचार मानवीय हैं, और वे इसे अनुभव नहीं कर सकते हैं, इसलिए वे केवल वैसे ही हो सकते हैं जैसे वे हैं। वास्तव में, यह सब शब्दों से परे है, और भविष्य में आपको पता चलेगा कि आप कितने भाग्यशाली हैं! *(तालियाँ)*

साथ ही, साधना के दौरान आप सभी को पता चल गया है कि हमारा यह वातावरण बहुत अच्छा है। अभ्यास स्थलों पर हर कोई अपना दिल खोलकर और स्वतंत्र रूप से कह सकता है जो वह चाहता है। यह मानव समाज में कहीं और संभव नहीं है। इसलिए प्रत्येक शिष्य को यह अनुभव हो सकता है कि अभ्यास स्थल पर पहुंचकर वह एक पवित्र भूमि में प्रवेश कर गया है और एक परम पवित्र स्थान में प्रवेश कर गया है। लोग एक-दूसरे की इस तरह परवाह करते हैं कि "तुम मेरी देखभाल करते हो और मैं आपकी देखभाल करता हूं।" यह किसी अन्य मानव परिस्थिति में नहीं पाया जा सकता है। ऐसा क्यों हो सकता है? यह केवल इसलिए है कि दाफा का प्रत्येक शिष्य स्वयं की साधना कर रहा है। एक बार जब कोई समस्या या संघर्ष सामने आता है, तो हर कोई अपनी कमियों को खोजता है, यह देखने के लिए कि क्या यह उसके अपने अनुचित कार्यों के कारण हुआ है। ऐसा करना हर कोई जानता है, लेकिन कुछ व्यक्ति जो फा का अध्ययन करने में दृढ़ नहीं हैं, वे अभी भी ऐसा नहीं कर सकते हैं। क्योंकि मैंने इस विशिष्ट समस्या का उल्लेख किया है, इसलिए मुझे यह कहने की आवश्यकता है—और निश्चित रूप से, मैंने कई मौकों पर इसका उल्लेख किया है—जब किसी मतभेद का सामना कर रहे हैं, तो हर किसी को अपने अंदर झांकना चाहिए। फिर भी कुछ लोग मतभेद का सामना करने पर भी अपने भीतर झांक नहीं पाते हैं। कुछ लोग इसे भांप पाते हैं, जबकि कुछ इस पर विचार करने को भी तैयार नहीं हैं या पूरी तरह से भूल जाते हैं कि वे साधक हैं। मैं कहूंगा कि यह इतना अच्छा प्रयास नहीं है। चाहे वह आपके और किसी अन्य छात्र के बीच हो, चाहे वह कार्यस्थल पर हो, या मानव समाज की किसी भी परिस्थिति में हो, या छात्रों के बीच या छात्र और स्वयंसेवक के बीच उन मतभेदों में, इन लोगों ने अपने भीतर कारणों की खोज करने के बारे में नहीं सोचा है।

मैं अक्सर आपको इस तरह की स्थितियों के बारे में बताता हूं: जब दो लोगों के बीच मतभेद होता है, तो दोनों को अपने भीतर कारणों की तलाश करनी चाहिए, यह पूछते हुए, "मुझे यहां क्या समस्या है?" प्रत्येक को अपनी समस्या स्वयं खोजनी चाहिए। यदि कोई तीसरा व्यक्ति दोनों के बीच मतभेद को देखता है, तो मैं कहूंगा कि उस तीसरे व्यक्ति का इसे देखना आकस्मिक नहीं है, और उसे भी इस पर विचार करना चाहिए: "मैंने उनका मतभेद क्यों देखा? क्या इसलिए कि मुझमें अभी भी कुछ कमियाँ हैं?" इस तरह से ही इसका लाभ हो सकता है। फिर भी जब भी आप किसी मतभेद का सामना करते हैं, तो आप हमेशा इसे दूसरों पर धकेल देते हैं और दूसरों में कमजोरियाँ और कमियाँ खोजते हैं। आपका ऐसा करना ठीक नहीं है। आप दाफा के कार्य में विघ्न पैदा कर सकते हैं, या स्वयं दाफा में रूकावट पैदा कर सकते हैं। आप समझ नहीं पाए हैं कि आप दाफा और दाफा कार्य का उपयोग अपनी कमियों को दूर करने या अपने स्वयं के मोहभाव को छिपाने के लिए कर रहे हैं। जब आप सोचते हैं कि किसी अन्य व्यक्ति ने अच्छा नहीं किया है, जब आप इसे अपने मन से नहीं निकाल पाते हैं, तो आपको इसके बारे में सोचना चाहिए: "मेरा मन इससे क्यों परेशान है? क्या उसे सचमुच कोई समस्या है? या ऐसा है कि मेरे अंदर ही कुछ समस्या है?" आपको इसके बारे में ध्यान से सोचना चाहिए। यदि आपको वास्तव में कोई समस्या नहीं है और उसने जो किया वह वास्तव में समस्याग्रस्त है, तो आपको उसे करुणा के साथ बताना चाहिए, और इससे मतभेद नहीं होंगे। इसकी गारंटी है। यदि दूसरा व्यक्ति इसे नहीं समझ सकता है, तो यह उसकी समस्या है। आपने वही कहा जो आपको कहना चाहिए था।

मतभेदों के बिना सुधार नहीं होगा। कुछ लोगों को लगता है कि वे जिस वातावरण में हैं, वह बहुत शांतिपूर्ण है, और हर कोई सोचता है कि उसकी साधना बहुत अच्छी चल रही है। वास्तव में, मैं आपको बता दूं कि यह उचित नहीं है। मैं जो करना चाहता हूं वह यह है कि आपके लिए कुछ मतभेद पैदा करूँ, क्योंकि ऐसा कोई भी ना होना आपके लिए अच्छा नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि केवल मतभेदों के बीच ही आपके मोहभाव को उजागर किया जा सकता है और आपको और दूसरों को दिखाई दे सकता है, और फिर उन्हें हटा दिया जा सकता है। यदि इस तरह के मतभेद नहीं होते तो आपके सामान्य व्यक्ति के मोहभाव हट नहीं पाते। इसलिए, इस पर कुछ ध्यान दें: किसी भी परिस्थिति में, विशेष रूप से जब आप सामान्य

लोगों के बीच साधना करते हैं, तो यह अनिवार्य है कि केवल मतभेदों और नैतिकगुण के हस्तक्षेप से ही आप अपने नैतिकगुण में सुधार कर सकते हैं। जब भी मैं व्याख्यान देता हूं मैं इस मुद्दे पर बात करता हूं। जिस समय आप वहां बैठे थे और फा को सुन रहे थे, आप उसके बारे में बिल्कुल स्पष्ट थे। लेकिन एक बार जब आप दरवाजे से बाहर निकले, तो आप उतने अच्छे नहीं थे और आप भूल गए।

हाल के समय की अवधि में, विशेष रूप से पिछले दो वर्षों में, छात्रों की प्रगति अत्यधिक रही है, और फा के बारे में उनकी समझ अधिक परिपक्व होती जा रही है। यह उत्कृष्ट है। जब से दाफा को सार्वजनिक किया गया तब से मैं आपको साधना के सबसे पवित्र मार्ग पर ले जा रहा हूं। चाहे वह फा को सिखाने के तरीके के संदर्भ में हो, समाज में फा को फैलाने का तरीका हो, या जो मैंने सभी को करना सिखाया है, यह सबकुछ पवित्र मार्ग पर चल रहा है। और क्योंकि हम पवित्र हैं, वे सब जो नहीं हैं, हमारे विषय में अपनी राय रखेंगे, क्योंकि वे सब जो पवित्र नहीं हैं, दाफा की उपस्थिति में उजागर हो जाते हैं। तो वे निश्चित रूप से दाफा के लिए विपत्ति पैदा करेंगे और नकारात्मक टिप्पणी करेंगे। यह निश्चित है।

लेकिन दूसरी ओर, यदि नकारात्मक कारक नहीं होते और यह दाफा सुचारू रूप से और शांति से पारित किया जाता, तो मैं आपको बता दूं: यह आधुनिक मनुष्य के समान नैतिक आदर्श के अनुरूप होना चाहिए था, और यही कारण होता कि आज के लोगों के पास इसके बारे में कहने के लिए कुछ भी बुरा नहीं होता। यह बिलकुल इसलिए कि हम एक बहुत ही पवित्र मार्ग पर हैं, जो सब पवित्र नहीं हैं, उन्हें उजागर किया जा सकता है, कि आपके भीतर की अपवित्र चीजों को हटाया जा सकता है, और सामान्य लोगों के समाज में जो कुछ भी सही नहीं है उसे ठीक किया जा सकता है। समाज के वे मुद्दे आपके ठीक करने के लिए नहीं हैं, क्योंकि जब बुरी चीजें उजागर होती हैं, तो सामान्य लोग स्वाभाविक रूप से इसे देख पाएंगे। मानव जाती के मन में अभी भी अच्छाई है और अभी भी उनका स्वभाव दयालु है; जब लोग अपनी कमियों और गलतियों को देखेंगे, तो उन्हें पता चल जाएगा कि क्या करना है, और यह अनिवार्य रूप से लोगों के मन को सुधारने की भूमिका निभाएगा। अपनी साधना में आपको मुख्य रूप से इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि कैसे दृढ़ रहना चाहिए, और इस पर अधिक प्रयास करना चाहिए, बजाय इसकी चिंता करने के कि साधारण लोगों का समाज कैसा है या समाज के लिए आपको

क्या करना चाहिए। तुम्हारा वह कर्तव्य नहीं है, न ही मैंने तुम्हें वह करने के लिए कहा है। आप साधक हैं, और केवल अपने स्वयं के नैतिकगुण को सुधारना ही साधना का मूल है।

आप जानते हैं कि दाफा में अब 10 करोड़ लोग अध्ययन कर रहे हैं और साधना कर रहे हैं। लोगों की संख्या ने पहले ही समाज में लोगों के मन को सुधारने के लिए परिवर्तन शुरू करने की भूमिका निभाई है—यह अपरिहार्य है। लेकिन मैं ऐसा नहीं करना चाहता था। विशेष रूप से, इसके प्रसार की प्रक्रिया के दौरान, दाफा की अपनी कठिनाइयाँ हैं और दाफा के विरुद्ध साधारण लोगों की आलोचनाएं हैं। आपको इन समस्याओं का सामना कैसे करना चाहिए? हमारे छात्रों ने उन हिंसक क्रियाओं की नकल नहीं की है जो साधारण लोग करते हैं, और न ही "यदि आप मेरे साथ ऐसा व्यवहार करते हैं, तो मैं आपके साथ भी ऐसा ही करूंगा" की पद्धति को अपनाया है, जिसका लोग प्रयोग करते हैं या जो इससे भी बदतर हैं। आपने इसे इस तरह नहीं किया है; आप यह सब कुछ उदारता के साथ संभालते हैं। यह भी एक कारक है जो दाफा को स्वस्थ तरीके से विकसित होने देता है। निःसंदेह, आपके द्वारा सामना की जाने वाली प्रत्येक परीक्षा भी आपके लिए और दाफा के लिए महान सद्गुण स्थापित करती है।

जैसा कि आपने देखा है, बहुत सारे लोग भविष्य में फल पदवी प्राप्त करेंगे—वे फल पदवी की ओर साधना करेंगे। दिव्यलोक के दिव्य पूछेंगे: “आप कैसे फल पदवी तक पहुँचे? आपने यहाँ तक कैसे साधना की? आपने यहाँ तक किस फा से साधना की?" निश्चित ही, आप जानते हैं कि साधना के निम्न तरीके लोगों को नहीं बचा सकते हैं, और सामान्य तरीके किसी दिव्य को तीन लोकों से आगे नहीं बचा सकते हैं। फा जितना महान और ऊंचा होता है, उतना ही महान दिव्य मोक्ष के माध्यम से सिद्ध किया जा सकता है और बचाया गया व्यक्ति उतने ही स्तर तक पहुंच सकता है। भविष्य में, जब अन्य यह देखना चाहेंगे कि आप वहाँ तक कैसे ऊपर उठे, तो वे पाएंगे कि आप वास्तव में दाफा में साधना के माध्यम से ऊपर उठने वाले व्यक्ति होने के योग्य हैं। इस दाफा द्वारा स्थापित महान सदगुण भी अपने आप में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप में से कोई एक अच्छा कर रहा है, तो यह आपकी व्यक्तिगत साधना की बात है; यदि एक क्षेत्र के लोग अच्छा कर रहे हैं, तो इसका अर्थ है कि उस क्षेत्र के छात्र अच्छा कर रहे हैं; यदि हम पुरे विश्व में या

हर उस क्षेत्र में जहां दाफा के शिष्य हैं, बहुत अच्छा कर रहे हैं, तो यह अब एक क्षेत्र या एक व्यक्ति की बात नहीं है, बल्कि पूरे दाफा के अच्छा करने और उसके एक सच्चे मार्ग पर होने की बात है।

अब मैं एक और मुद्दे को संबोधित करूंगा। अमेरिका में निश्चित रूप से इस प्रकार के छात्र हैं, लेकिन ऐसे बहुत कम हैं; मुख्य भूमि चीन में अपेक्षाकृत अधिक हैं। अर्थात, कुछ कभी बौद्ध थे और बौद्ध धर्म या अन्य धर्मों में बहुत रुचि रखते हैं। अलौकिक सिध्दियों के द्वारा या दूसरों को सुनकर, कुछ लोगों ने देखा या, एक दुसरे के माध्यम से जाना कि दाफा लोगों को बचा सकता है और वर्तमान में केवल यही दाफा लोगों को बचा सकता है। इसलिए वे धर्मों में जो स्थिति उत्पन्न हुई है उसे जानते और समझते हैं। और उन्होंने समझा है कि धर्म अब लोगों को नहीं बचा सकते। क्योंकि दिव्य अब लोगों की देखभाल नहीं करते हैं, शास्त्रों ने उनके शब्दों के पीछे के आंतरिक अर्थों को खो दिया है और इस प्रकार लोगों को बचाने में उनकी वास्तविक प्रभावशीलता खो दी है। तो ये लोग जब यह समझ गए, वे दाफा सीखने आए। लेकिन मूल स्तर पर उन्होंने पहले की चीज़ों को या धर्म के प्रति मोहभाव को नहीं छोड़ा है। वे अपनी पुरानी बातों को पकड़े हुए हैं और दाफा का लाभ उठाकर और दाफा का उपयोग करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। सोच सच में खराब है। वास्तव में, कुछ जानबूझकर ऐसा करते हैं, और अच्छी तरह जानते हैं कि वे इस मार्ग पर जा रहे हैं; मैंने उन्हें बहार कर दिया है और उन्हें कुछ भी प्राप्त करने नहीं दूंगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे दाफा का लाभ उठा रहे हैं, और यह अपने आप में, एक मनुष्य के लिए, बहुत ही अनुचित और एक भयानक इरादा है। यदि वे अनजान हैं—अर्थात, व्यक्ति की सतही परत को पूरी तरह से समझ में नहीं आता है और उलझन में है—तो मैं उन्हें ठीक करने का पूरा प्रयास करूंगा और उन्हें इस मुद्दे को समझने में सहायता करूंगा। मैंने इसलिए आज इस विषय को उठाया है: इसकी बिल्कुल अनुमति नहीं है।

जैसा कि आप जानते हैं, मैं जो सिखा रहा हूं वह ब्रह्मांड का फा है, और हर साधना मार्ग और शिक्षण की सभी विचारधाराएं इस ब्रह्मांड में निहित और इस फा में समाहित हैं। प्रत्येक स्तर पर जीवित प्राणी ब्रह्मांड के दाफा द्वारा बनाए गए हैं। प्रत्येक दिव्यलोक, प्रत्येक दिव्य का दिव्यलोक, या बुद्ध का दिव्यलोक, प्रत्येक स्तर पर ब्रह्मांड, और प्रत्येक स्तर पर ब्रह्मांडीय पिंड सभी इस दाफा द्वारा बनाए

गए हैं। क्या इसमें सब कुछ शामिल नहीं है? इस दाफा में बहुत से लोग बुद्ध के दिव्यलोक से संबंधित जीव हैं; बहुतों का जीवन ताओ के जैसा था; और कई पश्चिमी लोगों के दिव्य थे या जीव थे जो उनके दिव्यलोक के थे। और कई, कई अलग-अलग दिव्यों के दिव्यलोकों से और भी जीव हैं जिनके बारे में न तो आप जानते हैं और न ही मानव जाति और न ही जो दाफा प्राप्त करने के लिए यहां आए हैं। दाफा उन्हें वापस जाने के लिए सक्षम क्यों कर सकता है? वास्तव में उन्हें वापस जाने में सक्षम बनने का कारण यह है कि मैंने जो सिखाया है वह ब्रह्मांड का मूल महान फा है, जबकि किसी भी दिव्यलोक का फा केवल पुष्टि किए गए सिद्धांत हैं जिन्हें किसी ने ब्रह्मांड के विभिन्न स्तरों से समझा और ज्ञानप्राप्त किया है। उनमें से किसी की भी दाफा से तुलना नहीं की जा सकती।

मैं आपका [साथ-साथ] अन्य चीजों की साधना करने को क्यों अस्वीकार करता हूं और आपको केवल दाफा में साधना करने के लिए कहता हूं? क्योंकि दाफा ने विभिन्न स्तरों के साथ-साथ विभिन्न जीवों की स्थितियों को एकीकृत और संबोधित किया है, और केवल इस तरह से आप वापस जा सकते हैं। यह न केवल आपके पास पहले से उपस्थित किसी भी चीज़ को बदलता नहीं है, बल्कि यह आपके वापसी का मार्गदर्शन भी कर सकता है। आप जानते हैं कि हमारे कई छात्रों ने देखा है कि वे ताओ हैं, कुछ ऐसे हैं जिन्होंने देखा है कि उनका एक पश्चिमी दिव्य का रूप है, और कुछ ऐसे भी हैं जिनकी छवि बुद्ध विचारधारा से संबंधित है। वे सभी दाफा में साधना कर रहे हैं, लेकिन मैं उनकी किसी भी चीज़ को खोने या खराब होने नहीं दूंगा। चाहे वे पहले किसी भी साधना के तरीके से साधना करते आये हों, मैं उन सभी का मार्गदर्शन करने में सक्षम हूं, और यही एकमात्र तरीका है। केवल ब्रह्मांड के फा के साथ ही यह किया जा सकता है। यह दाफा और पहले के किसी भी साधना मार्ग या धर्म में सबसे बड़ा अंतर है।

वास्तव में, कोई नहीं जानता कि भले ही बहुत से लोग बुद्ध में विश्वास करने या दिव्य में विश्वास करने की बात करते हैं, सच्चाई यह है कि यदि आप उस विशेष दिव्य के दिव्यलोक से नहीं हैं तो वह आपको बिलकुल भी नहीं बचाएगा। मैंने एक बार एक कथन किया था कि चाहे वह ईसाई धर्म हो या कैथोलिक धर्म, उनके दिव्यलोक में कोई पूर्वी लोग नहीं हैं। यह एक परम सत्य है जिसे मनुष्य नहीं समझ पाता। फिर भी पश्चिमी धर्म धर्मयुद्ध के साथ पूर्व की ओर चले गए, और

जिस तरह से वे फैल गए, वह पहले से ही अच्छा नहीं था, क्योंकि यीशु और यहोवा दोनों ने अपने शिष्यों को शिक्षाओं को पूर्व की ओर फैलाने से रोक दिया था। यह मानव जातियों के मिश्रण को रोकने के लिए था, लेकिन वे इसे नहीं समझ पाए थे। मैंने एक बार कहा था कि यीशु की कई आदरणीय छवियाँ हैं लेकिन आप उनका उपयोग नहीं करते हैं। फिर भी आप सलीब को सलीब पर चढ़ाये जाने के प्रतीक के रूप में उसकी छवि का उपयोग करते हैं। क्या इससे ऐसा नहीं लगता कि लोग यीशु को हमेशा के लिए सलीब पर चढ़ाए रखना चाहते हैं?? मनुष्य अभी भी सोचते हैं कि वे कुछ अच्छा कर रहे हैं। वास्तव में, लोग क्या करना चाहते हैं और उन्होंने जो किया है वह जरूरी नहीं कि अच्छी चीजें हैं। दिव्य अभी भी लोगों की देखभाल क्यों करते हैं? क्योंकि लोग आज भी दिव्य को मानते हैं। लोग भ्रम में खोए हुए हैं, तो उन्हें क्या पता?

दाफा सभी जीवों को उन स्थानों पर वापस पहुँचाने में सक्षम है जहां वे सृजित हुए थे। ऐसा कुछ तो मैं निश्चित रूप से कर सकता हूं। फा-सुधार के वास्तविक अभ्यास में, यह उच्च-स्तरीय जीवों के लिए किया गया है, चाहे उनका स्तर कितना भी ऊँचा क्यों न हो। पिछले कुछ वर्षों में मेरे अनेक, अनेक शिष्यों में से, कुछ ने साधना में सफलता प्राप्त की है; जिन लोगों ने फल पदवी प्राप्त कर ली है या जो फल पदवी के पास पहुंच रहे हैं, वे काफी संख्या में हैं। क्योंकि अभी पूरा मामला खत्म नहीं हुआ है, इसलिए उन्हें रोका जा रहा है। वे सब कुछ जान सकते हैं और सब कुछ देख सकते हैं, लेकिन उनकी अलौकिक क्षमताओं और दैवीय शक्तियों का उपयोग करने की अनुमति नहीं है, क्योंकि यह पृथ्वी इसे सहन नहीं कर पाएगी। निश्चित ही, छात्र भी इन बातों को धीरे-धीरे चर्चा और एक दूसरे के साथ अनुभव साझा करने के माध्यम से समझने लगे हैं; बहुत सी बातें और स्पष्ट होती जा रही हैं। इसलिए मैं आपको इन चीजों के बारे में बता रहा हूं। इसका अर्थ यह है कि यदि आप उस जाति के नहीं हैं या आप उस दिव्य के दिव्यलोक से नहीं हैं, तो वह आपको स्वीकार नहीं करेंगे।

बुद्ध शाक्यमुनि ने कहा कि तथागतों की संख्या गंगा नदी में रेत के दानों के बराबर है। जब विभिन्न दिव्यलोकों में जीव भ्रष्ट हो जाते हैं तो वे नीचे गिर जाते हैं। वे कहाँ गिरते हैं? वे सभी ब्रह्मांड के मध्य में गिरते हैं—यह सबसे निचला स्थान है। यह पृथ्वी ही मध्य में है, और यह एक बहुत ही विशेष वातावरण है। वे

सब यहाँ गिरे हैं, क्योंकि वे नीचे गिरे हुए हैं। क्योंकि बुद्ध दयालु हैं और उनके विश्वों से गिरे हुए जीवों को बचाना चाहते हैं, वे उन्हें छोड़ नहीं देंगे। तो जिन्हें दिव्य बचाना चाहते हैं, वे संक्षेप में, दिव्यों के अपने संसार के लोग हैं; वे दूसरे विश्वों के जीवों को बिल्कुल नहीं छू सकते। और ऐसा क्यों है? क्योंकि किसी विशेष जीव की रचना करने वाले सभी तत्व उस दिव्य के अपने विश्व के तत्व हैं। एक बार उन तत्वों को हटा दिए जाने के बाद, वह जीव बिखर जाएगा। यह ऐसा कुछ नहीं है जो कोई भी मनमाने ढंग से कर सकता है। अतीत में, सभी लोग बुद्ध में विश्वास करते थे और बुद्ध या दिव्यों की पूजा करते थे। वास्तव में, हालांकि, यह परमात्मा में विश्वास का एक प्रकार का पवित्र विचार मात्र था। वह बुद्ध चाहकर भी उस व्यक्ति की देखभाल नहीं कर सकते थे। निश्चित ही, लोगों को बचाने के लिए नीचे आए शाक्यमुनि और यीशु जैसे दिव्य विशेष हैं। निश्चित रूप से इसमें कई मुद्दे शामिल हैं, और हम यहां उनकी चर्चा नहीं करेंगे। मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि दाफा ऐसा करने में सक्षम है [अर्थात, अन्य दिव्यों के जीवों की देखभाल करना]। उन लोगों के लिए, जिन्होंने अपने मन की गहराई में, अपने अतीत की बातों को अभी तक नहीं छोड़ा है, मैं आज इस मुद्दे को उठा रहा हूं ताकि उन्हें एक अवसर दिया जा सके। यदि वे फिर भी नहीं छोड़ते हैं, तो वे इस मौके को गंवा देंगे। दाफा पवित्र है और साधना गंभीर है।

अब, मैं आपके लिए एक अन्य विषय को संबोधित करूंगा, जिसे छात्र साधना में स्पष्ट रूप से नहीं समझा सकते हैं, अर्थात् "दिव्यलोक" *(तियान)*। समकालीन विज्ञान के अनुसार, अंतरिक्ष यान बाहरी अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं और कई अन्य ग्रहों तक उड़ान भर चुके हैं, लेकिन उन्होंने किसी भी मनुष्य को या दिव्यों के दिव्यलोक को नहीं देखा है, न ही तीन लोकों के भीतर अलग-अलग दिव्यलोक के दृश्य दिखाई दिए जिनके बारे में लोगों ने बात की है। इसलिए आधुनिक लोग इस तर्क का उपयोग धर्म को अस्वीकार करने, अतीत की दंतकथाओं को नकारने और मनुष्य की सबसे मूल प्रकृति को नकारने के लिए करते हैं। वास्तव में, जिस "दिव्यलोक" का उल्लेख दिव्य करते हैं, वह बिल्कुल वैसी अवधारणा नहीं है जैसा कि मनुष्य समझते हैं। मैं अक्सर कहता हूं कि अणु ही मनुष्य जाती के इस भौतिक आयाम में सब कुछ निर्मित करते हैं, जबकि सूक्ष्म जगत के पदार्थ अणुओं की संरचना का तत्व है, और इससे भी अधिक-सूक्ष्म ब्रह्मांडीय पदार्थ की परतें विभिन्न स्तरों पर कणों की परतों की संरचना के मूल तत्व हैं। दिव्य अत्यंत सूक्ष्म

जगत में होते हैं, जो अपने आप में अत्यंत विशाल जगत, विस्तृत आयाम हैं। सूक्ष्म जगत और सूक्ष्म जगत में बने आयाम जिनके बारे में मैंने आपको प्रत्येक व्याख्यान में बताया है, वहीं दिव्य निवास करते हैं। इसके बारे में सोचें: दिव्य... मैंने दूसरे दिन उल्लेख किया कि मानव आयाम की चीजें, जैसे वायु, पदार्थ, मिट्टी, पत्थर, लोहा और स्टील—इस आयाम में सब कुछ, आपके शरीर सहित—अणुओं से बना है। फिर भी अणु ब्रह्मांड में सबसे मोटे, सबसे सतही और सबसे गंदे पदार्थ हैं। ये अणु—वास्तव में, दिव्यों की दृष्टि में, सभी अणु—को गंदगी के रूप में देखा जाता है और ब्रह्मांड के संदर्भ में मिट्टी माना जाता है। और यह केवल तथागत के स्तर तक की समझ है। यही कारण है कि अतीत में जो कहा गया था कि यहोवा और नु वा ने मनुष्य को बनाने के लिए मिट्टी का उपयोग किया था, वह सच था। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपका मांस भी अणुओं से बना है, और दिव्यों की दृष्टि में, यह मिट्टी है, यह धुल है, और कुछ ऐसा है जो सबसे अधिक स्थूल है। फिर सभी इसके बारे में सोचें: अंतरिक्ष यान चाहे कितनी भी दूर यात्रा कर लें, क्या वे अणुओं के आयाम से परे पहुँच गए हैं? मान लीजिए आकाश में एक हवाई जहाज उड़ता है और आप एशिया से अमेरिका की यात्रा करते हैं। आपको ऐसा लगता है कि आप काफी ऊँचे और दूर तक उड़ गए हैं। लेकिन सच तो यह है कि आप केवल अणुओं के टीले के अंदर घूम रहे हैं और आप धरती पर ही चल रहे हैं। यह दिव्यलोक बिलकुल भी नहीं है। दिव्यों की दृष्टि में यह एक ही स्तर के पदार्थों में भिन्न-भिन्न लंबी या छोटी दूरी की ही बात है। सूक्ष्म जगत से बने आयाम वास्तविक दिव्यलोक हैं जिनका उल्लेख दिव्य करते हैं। कोई पदार्थ जितना अधिक परिष्कृत और सूक्ष्म होता है, उसकी रचना उतनी ही उत्कृष्ट और परिष्कृत होती है।

अणुओं सहित, सभी पदार्थों में ऊर्जा होती है। यह केवल इसलिए है क्योंकि मानव शरीर और आपके आस-पास सब कुछ अणुओं से बना है—यहां तक कि जिन मशीनों को आप मापने के लिए उपयोग करते हैं वे भी अणुओं से बने होते हैं—इसलिए आप अणुओं की ऊर्जा का पता नहीं लगा पाते हैं। पदार्थ जितना सूक्ष्म होता है, उसमें उतनी ही अधिक ऊर्जा होती है और उसकी रेडियोधर्मी शक्ति उतनी ही अधिक होती है—जितना अधिक सूक्ष्मजगत, उतनी ही अधिक शक्तिशाली। इसलिए दिव्यों की शक्ति और अस्तित्व के रूप ऐसे होते हैं। तो मैं इसे आपके लिए थोड़ा और स्पष्ट रूप से बताता हूं: पृथ्वी पर लोग देखते हैं कि चंद्रमा, सूर्य, शुक्र,

मंगल, साथ ही आकाशगंगा, बाहरी अंतरिक्ष, दूरस्थ ब्रह्मांडीय पिंड, और इत्यादि, सभी आकाश में हैं। लेकिन यदि आप मंगल से पृथ्वी को देखें तो क्या आप यह नहीं कहेंगे कि वह भी आकाश में है? यह भी आकाश में है। यह एक ऐसी समझ है जो आम लोगों के सोचने के तरीके को बदल देती है।

लेकिन, गहरे स्तर पर समझें तो—इसके बारे में सोचें—आकाश क्या हैं? एक बार जब आप एक सूक्ष्म ब्रह्मांडीय आयाम में प्रवेश करते हैं, तो वह आकाश है। मैं सबसे सरल उदाहरण देता हूं और आपको एक कहानी बताता हूं। पुराने जमाने में ताओ का एक साधक पीते हुए सड़क पर चल रहा था। उसने अचानक किसी को देखा। यह व्यक्ति वही था जिसकी वह तलाश कर रहा था—कोई ऐसा व्यक्ति जो ताओ की साधना कर सके। इसलिए वह इस व्यक्ति को बचाना चाहता था और उसे अपना शिष्य बनाना चाहता था। उसने इस व्यक्ति से पूछा, "क्या आप ताओ की साधना करने के लिए मेरे साथ आना चाहोगे?" इस व्यक्ति का ज्ञानोदय का गुण और जन्मजात गुण बहुत अच्छा था, और उसने कहा, "हाँ मैं चाहता हूँ।" "क्या तुम मेरे साथ चलने का साहस करोगे?" साधक ने पूछा। उस व्यक्ति ने उत्तर दिया, "हाँ, मैं करूँगा!" फिर उन्होनें ने पुछा "क्या तुम मेरे साथ चलने का साहस करोगे जहाँ भी मैं जाऊं?" जवाब में "हाँ," था। साधक ने तब कहा, "ठीक है। अब मेरे पीछे आओ!" इतना कहकर उन्होनें अपनी हथेली के आकार की लौकी की बोतल को जमीन पर रख दी, ढक्कन खोला और लौकी में कूद गए। उस व्यक्ति ने देखा कि उसके गुरु जी कूद गए हैं, इसलिए उसने अपने गुरु का अनुकरण किया और उसी तरह लौकी में कूद गया। राहगीरों ने झुक कर लौकी के अंदर देखा। "बहुत खूब!" वे चिल्लाए. कद्दू के अंदर एक विशाल संसार था, सचमुच विशाल। यदि मानवीय सोच से देखा जाए, तो इतना बड़ा व्यक्ति शराब के कद्दू के इतने छोटे हिस्से में कैसे कूद सकता है? यदि आप उस आयाम में प्रवेश करना चाहते हैं, तो आपके प्रवेश करने से पहले आपके शरीर की हर चीज को उस आयाम की स्थिति के अनुरूप होना होगा। जब आप विभिन्न आयामों के बीच अंतराल में यात्रा करते हैं, तो आपका शरीर अनिवार्य रूप से उन अवस्थाओं में प्रवेश करता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पदार्थ के कण जितने अधिक सूक्ष्म होते हैं, उतने ही विशाल और व्यापक सतह अपने स्तर पर होते हैं। सूक्ष्म जगत के कणों के स्तर पर, जिस तरह से कद्दू प्रकट होता है वह उस रूप से भिन्न होता है जिसे मनुष्य देखता है; सभी कण जुड़े हुए हैं। मनुष्य को जो बड़ा या छोटा प्रतीत होता है, वह

उन्हीं कणों द्वारा निर्मित अंतरिक्ष-समय में प्रकट होने का एक रूप है। कहने का तात्पर्य यह है कि कद्दू की सतह अणुओं से बनती है, और वह आकृति आप देखते हैं, लेकिन सूक्ष्म जगत में कद्दू ऐसा नहीं है। यह उस दायरे में ब्रह्मांड से जुड़ा हुआ है। क्या आप समझे मैंने क्या कहा? (तालियाँ) मैं बस उस तरह के विचार की चर्चा कर रहा हूँ। यह कुछ ऐसा है जिसे मनुष्य समझ नहीं सकता है और जिसे मानवीय धारणाओं द्वारा नहीं समझा जा सकता है।

तो, स्वर्ग में जाने वाले एक व्यक्ति का उल्लेख करते हुए, मैं कह सकता हूं कि यदि आप अचानक एक पत्थर में प्रवेश करते हैं, तो क्या वह स्वर्ग तक नहीं जा रहा है? यदि आप पत्थर के पदार्थ द्वारा निर्मित सतह में प्रवेश करते हैं तो यह काम नहीं करेगा। आप सूक्ष्म ब्रह्मांडीय कणों के दायरे में प्रवेश करते हैं जो इसके आणविक कण बनाते हैं-क्या आप स्वर्ग नहीं जा रहे हैं? यदि आप अपने शरीर के सूक्ष्म स्तर में सिकुड़ते हैं तो क्या आप स्वर्ग में नहीं हैं? जब आप किसी भी स्तर पर आयाम के सतही कणों के सूक्ष्म जगत् कणों में प्रवेश करते हैं—दूसरे शब्दों में, उस एक से छोटे कणों की परत में प्रवेश करते हैं—तो आप पहले से ही स्वर्ग में हैं। यह सिर्फ इतना है कि स्वर्ग के स्तर अलग हैं, और सूक्ष्म जगत की डिग्री अलग है। सूक्ष्म जगत में प्रवेश करने के बाद, यद्यपि आप देखते हैं कि आप पत्थर में प्रवेश करते हैं, अपने शरीर में प्रवेश करते हैं, या एक निश्चित वस्तु में प्रवेश करते हैं, आप वास्तव में उस आयाम से जुड़े व्यापक ब्रह्मांड में प्रवेश कर चुके हैं। दूसरे शब्दों में, यह सोचने का मानवीय तरीका नहीं है। मैं अक्सर कहता हूं कि जिसे लोग पूर्व, पश्चिम, दक्षिण या उत्तर, ऊपर, नीचे, अंदर या बाहर कहते हैं, वह ब्रह्मांड में मौजूद नहीं है, और यह मानव सोच और अवधारणाओं से अलग है। मेरे द्वारा इसे इस तरह समझाने के बाद, आप समझेंगे, "ओह, ऐसा बिल्कुल नहीं है जब आप इस पर चिंतन करने के लिए मानवीय सोच का उपयोग करते हैं।" आज का विज्ञान बहुत उथला है। यह वास्तविक आकाश का पता नहीं लगा सकता या उसे नहीं जान सकता क्योंकि यह केवल वर्तमान भौतिक आयाम के भीतर रेंगता है, और इसने इसे सीमित कर दिया है। और इस प्रकार एलियंस द्वारा मनुष्य पर थोपा गया विज्ञान इसी तक सीमित है। एलियंस भी इस आयाम में जीवित प्राणी हैं, और इसी तरह वे ब्रह्मांड की सच्चाई को जानने में भी असमर्थ हैं।

मनुष्य देवताओं में विश्वास नहीं करता है, और यह कोई साधारण समस्या नहीं है। यह मानव नैतिकता को नष्ट कर रहा है। जब मनुष्य कर्म प्रतिकार में विश्वास करता है, यह मानता है कि अच्छे कर्म करने का फल मिलता है और बुरे कर्म करने से प्रतिशोध मिलता है, और यह कि मनुष्य जो कुछ भी करता है वह देवताओं द्वारा देखा जाता है, तब मनुष्य बुरे काम करने की हिम्मत नहीं करेगा। मनुष्य जानता है कि अच्छे कर्म करने से पुण्य (द) का संचय होगा और उसे खुशी का फल मिलेगा, जो कि बिल्कुल सच है। परन्तु मनुष्य अब इन बातों पर विश्वास नहीं करता; आजकल विज्ञान उन पर विश्वास नहीं करता और उन्हें अंधविश्वास मानता है। यह वास्तव में लोगों की नेक सोच पर प्रहार करने के लिए विज्ञान के डंडे को लहराना है। क्या यह मनुष्य के सबसे आवश्यक स्वभाव पर प्रहार नहीं कर रहा है? जब लोगों की नैतिकता, ईमानदार विश्वास और धर्मी सोच को इस हद तक नष्ट कर दिया जाता है कि लोग अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जो कुछ भी करना चाहते हैं, वे लापरवाही से करेंगे और किसी भी तरह का सहारा लेंगे। यह मानव समाज के बिगड़ने के मूलभूत कारणों में से एक है। पश्चिमी समाज में लोग ईश्वर में विश्वास करते प्रतीत होते हैं, लेकिन वे वास्तव में ईश्वर में विश्वास नहीं करते हैं: वे वास्तव में जिस चीज में विश्वास करते हैं वह विज्ञान है। भगवान वैसी नहीं हैं जैसी उन्होंने कल्पना की है, यानी मानवीय भावनाओं वाले प्राणी हैं। अभी-अभी मैंने आपके लिए एक महत्वपूर्ण अवधारणा को ठीक किया है, अर्थात् "आकाश" को कैसे समझा जाए। जब देवता और मनुष्य दोनों "आकाश" की बात करते हैं, तो दो अलग-अलग चीजें होती हैं।

साधना के दौरान, कई लोग कभी-कभी देखते हैं कि वे अपने ही शरीर में प्रवेश कर चुके हैं। उनके शरीर एक विशाल आकाश की तरह हैं, वे आकाश में चलते हैं और ब्रह्मांडीय पिंडों के बीच चलते हैं, और दरवाजे एक के बाद एक खुलते हैं जैसे वे आगे बढ़ते हैं। जब वे करीब से देखते हैं या एक बार देखने के लिए अपने दिमाग का विस्तार करते हैं, तो वे महसूस करते हैं, "ओह, यह मेरे शरीर में ऊर्जा चैनल खोले जा रहे हैं।" आइए इसके बारे में सोचते हैं। जब आप साधना कर रहे होते हैं, तो आपके शरीर को अति सूक्ष्म जगत से ऊपर तक बदला जा रहा होता है। तो परम सूक्ष्म जगत क्या है? क्या आपके अन्य शरीर ठीक स्वर्ग में और उन लोकों में नहीं हैं? यह केवल इतना है कि आप वह व्यक्ति सामान्य लोगों के बीच में गिर गए हैं, और इसके साथ ही, आप उस स्थान पर गिर गए हैं जहां सामान्य लोग हैं; यहां

तक कि सबसे सूक्ष्म जगत का हिस्सा भी सामान्य लोगों के स्तर तक गिर गया है। हालांकि, यदि आप साधना के माध्यम से लौट सकते हैं, तो आपके लिए सब कुछ ठीक हो जाएगा, इसलिए आप उस अनुभव से गुजरेंगे। इतिहास में कई साधकों ने उन घटनाओं को देखा है [जिसका मैंने अभी वर्णन किया है], लेकिन वे इसका वर्णन करने में सक्षम नहीं थे। कभी-कभी बौद्ध धर्म के लोग कहते हैं कि बुद्ध किसी के मन में हैं, जबकि दाओ विचारधारा के लोग कहते हैं कि मानव शरीर एक छोटा ब्रह्मांड है, और इसी तरह, और इसका संबंध ऐसी चीजों को देखने से है।

जब मैं विज्ञान की बात कर रहा था तो मैंने कहा कि विज्ञान अच्छी भूमिका नहीं निभा रहा है। यह न केवल मानव जाति के पर्यावरण को प्रदूषित करता है और मानव शरीर के ऊतकों को नष्ट करता है, बल्कि एलियंस भी अंततः मनुष्यों को प्रतिस्थापित करने के लिए होते हैं। इसकी चीजें मानव समाज में हर क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी हैं, मानव जाति विज्ञान से अलग नहीं हो सकती है, और सब कुछ अब विज्ञान द्वारा बनाया गया है। चूंकि यह मामला है, दाफा शिष्यों के रूप में, कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पेशे क्या हैं, आपको बस आगे बढ़ना चाहिए और अपना काम करना चाहिए, और अपना काम अच्छी तरह से करना चाहिए-यह काफी अच्छा होगा। जो कुछ भी हो रहा है, उसके बारे में खुद को चिंतित न करें। मैं आपको इस विज्ञान का विरोध करने के लिए नहीं कह रहा हूं, न ही मैं आपको इससे मुक्त होना सिखा रहा हूं। मेरा यह मतलब नहीं था। मैं आपको बता रहा हूं कि विज्ञान क्या है। बहुत सी चीजों के बारे में विज्ञान की समझ बहुत उथली है; इस मौजूदा आयाम में पदार्थ की उसकी समझ भी अपर्याप्त है। दिव्य प्राणियों के अस्तित्व को पहचानने में इसकी अक्षमता ने इसके विकास को सीमित कर दिया है। उदाहरण के लिए, वैज्ञानिक आजकल कह रहे हैं कि मानव जाति का औद्योगिक प्रदूषण काफी गंभीर है, और इसका एक उदाहरण यह है कि शीतलक में प्रयुक्त फ्रीऑन और अन्य पदार्थ ओजोन परत को नुकसान पहुंचाते हैं। उनका कहना है कि ओजोन परत को नुकसान दक्षिणी ध्रुव पर हुआ है, जहां एक छिद्र दिखाई दिया है। तथ्य यह है कि विज्ञान देवताओं द्वारा निभाई गई भूमिका को महसूस करने में असमर्थ है, इसलिए लोग कहते हैं कि छेद ओजोन परत को नुकसान के कारण हुआ था। यह सच है कि आधुनिक उद्योग द्वारा लाए गए

प्रदूषण ने मानव जाति की वायु को अत्यंत भयानक सीमा तक प्रदूषित कर दिया है।

फिर भी विशाल ब्रह्मांड के सूक्ष्म जगत में अनगिनत जीवन हैं, चाहे उनका रूप हो या न हो, सभी देवता हैं, और वे सूक्ष्म जगत में मौजूद हैं जिन्हें मनुष्य नहीं देख सकता है। वायु आणविक कणों से बनी होती है, जबकि आणविक कण अधिक-सूक्ष्म ब्रह्मांडीय कणों से बने होते हैं। हवा में ही अनगिनत परतें हैं—परत दर परत, सूक्ष्म जगत की ओर बढ़ती हुई—और सभी [जो वहां मौजूद हैं] देवता हैं। जब उन्होंने देखा कि मनुष्य का वातावरण ऐसा हो गया है, तो उन्होंने एक खिड़की खोली, एक दरवाजा खोला, पृथ्वी से अपशिष्ट गैसों को बाहर निकालने के लिए। यह देवताओं द्वारा किया गया था। उन्होंने जानबूझकर इसे खोला और फिर बंद कर दिया। यदि देवता मनुष्य की रक्षा नहीं करते, तो मनुष्य जीवित नहीं रहता। मनुष्य न केवल देवताओं में विश्वास करता है, बल्कि देवताओं का अनादर करने का भी साहस करता है। आइए सबसे सरल उदाहरण का उपयोग करें। आप जानते हैं कि जिन जगहों पर औद्योगिक प्रदूषण सबसे अधिक गंभीर है, वे सबसे अधिक आबादी वाले स्थान हैं—बड़े शहर। उन जगहों के ऊपर ओजोन परत में छेद क्यों नहीं हुआ? ऐसा इसलिए है क्योंकि देवता सोचते हैं कि दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में छेद खोलना मनुष्य के लिए सुरक्षित है। ऐसा होना चाहिए कि जहां भी अधिक अपशिष्ट गैसें हों, वहां ओजोन परत में छेद हो, ठीक है, तो ऐसा क्यों नहीं है? यह वैसा कुछ नहीं है जैसा लोगों ने सोचा था। चीन में तिब्बती पठार के ऊपर एक बड़ा छेद भी है—बड़े छेद हमेशा कम बसे हुए क्षेत्रों में दिखाई देते हैं। यह केवल ओजोन परत तक ही सीमित नहीं है जिसे हम देख सकते हैं, क्योंकि पदार्थ में निहित सूक्ष्म पदार्थ काफी संख्या में हैं, और उन सभी को रास्ता बनाना चाहिए ताकि उन चीजों को खाली किया जा सके। निःसंदेह देवताओं ने मनुष्य के लिए यही किया है।

मानव जाति के प्रदूषण ने और भी गंभीर समस्याएँ खड़ी कर दी हैं। आप जानते हैं कि दुनिया में लगभग कोई भी ताजा पानी शुद्ध नहीं होता है। चाहे वह भूमिगत जल हो या भूमिगत जल, लोग पानी को कैसे भी छानें या शुद्ध करें, पानी की वास्तविक शुद्धता तक नहीं पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा, लोग बार-बार पानी का पुनः उपयोग करते हैं और पानी अधिक से अधिक प्रदूषित हो जाता है क्योंकि मानव पानी फैलता है—ताजा पानी एक परिसंचारी पदार्थ है। ताजा पानी

गुरु जी: इस विषय में, मैं सभी को यह बताना चाहता हूं: अपने व्यक्तिगत जीवन को साधना के साथ न मिलाएं, और न ही अपने काम को साधना के साथ मिलाएं। साधना बहुत गंभीर होती है। दाफा पवित्र है। ऐसा नहीं है कि हमें लोगों को फा प्राप्त करने के लिए उनसे से अनुरोध करना चाहिए। यदि वे नहीं चाहते हैं, तो कोई बात नहीं। निश्चित रूप से शिष्य का ध्येय अच्छा है, यह सोचना कि, "मैं अपनी शादी का त्याग कर दूंगा ताकि आप फा प्राप्त कर सकें।" मैं देख सकता हूं कि इरादा बहुत अच्छा है। लेकिन मुझे लगता है कि आपको इसे इस तरह से देखने की आवश्यकता नहीं है। फा पवित्र है, और उसके लिए आपके बलिदान का अर्थ यह होगा कि उसने फा को किसी चीज का पीछा करने से प्राप्त किया; वह केवल कुछ प्राप्त करने के लिए फा सीख रहा होगा, और वह उसके लिए काम नहीं करेगा, क्योंकि वह शुरू से ही योग्य नहीं था। ऐसा नहीं है कि उसने दाफा प्राप्त करना चाहिए। कुछ लोग कहते हैं: "गुरु जी, आपको अपने फा को इस तरीके से सिखाना चाहिए। बुद्ध इस तरीके से लोगों को क्यों नहीं बचाते?" क्या आपको लगता है कि बुद्धों के पास करने के लिए बेहतर कुछ नहीं है और वे आपको बचाने के लिए बाध्य हैं? बुद्ध मनुष्य के प्रति करुणामयी होते हैं, लेकिन वे महान भगवान हैं! उनकी करुणा बिल्कुल उस तरह की मानवीय करुणा नहीं है जिसकी लोग कल्पना करते हैं; मनुष्य जिस करुणा की बात करता है और उसकी कल्पना करता है वह केवल दयाभाव है। बुद्ध दयालु हैं, निश्चित रूप से। लेकिन वह करुणा बुद्ध फा की महान शक्ति का प्रकटीकरण है। कोई व्यक्ति कितना भी बुरा क्यों न हो या कितना भी दुष्ट क्यों न हो, बुद्ध फा की महान शक्ति और करुणा के आगे लोहे और स्टील जैसी मजबूत चीजें भी पिघल जाएंगी। इसलिए असुर जब इसे देखते हैं

तो डर जाते हैं—वे वास्तव में डरते हैं। वे पिघल जाएंगे और गायब हो जाएंगे। यह मनुष्य की कल्पना से बिलकुल भिन्न है।

शिष्य: ज़न और शान के आयाम की भव्यता का अनुभव करना सरल है। क्या रेन में केवल कष्ट है?

गुरु जी: यह आपके सामान्य व्यक्ति के समझ के विचार हैं। यह मेरे द्वारा समझाए गए सिद्धांत की तरह है: यदि आप किसी चीज का मोहभाव रखते हैं और लक्ष्य हासिल नहीं कर पाते हैं, तो आप इतने क्रोधित हो जाते हैं कि आप इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते, लेकिन अपना मुहँ दिखाने और प्रतिष्ठा खोने की चिंता के डर से अपना आपा खोने का साहस नहीं करते, तो मैं कहूंगा कि यह एक सामान्य व्यक्ति का रेन है और साधक का रेन बिल्कुल नहीं है। आपने इसे पूरी तरह अनुचित तरीके से समझा है। हमारा रेन पूरी तरह से कोई मोहभाव नहीं रखता है और न ही कोई क्रोध उत्पन्न करता है। आपको इस तरह के रेन की इच्छा होनी चाहिए, और केवल यही रेन है जो आदर्श को पूरा करता है। उन बातों से आपका मन बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होता। दूसरों की दृष्टि में आपकी सहनशक्ति अच्छी हैं, जबकि वास्तव में आपका मन प्रभावित नहीं होता। और वह है साधना जनित रेन।

जब कुछ लोगों ने पहली बार फा प्राप्त किया और ज़ुआन फालुन को पढ़ना शुरू किया, तो उन्होंने कहा, "ओह, मैं ज़न और शान का पालन कर सकता हूं।" वास्तव में, आप ज़न या शान भी नहीं कर पा रहे थे। आपने स्वयं को मापने के लिए केवल भ्रष्ट मानवीय आदर्श का उपयोग किया। जब आप वास्तव में साधना में प्रवेश करते हैं तो आप पाएंगे कि आप आदर्शों को पूरा करने से बहुत दूर हैं। इसके अलावा, जब आप साधना के दौरान अपने स्तर को लगातार बढ़ाते हैं, तो आप पाएंगे कि विभिन्न स्तरों पर ज़न, शान, रेन के बारे में आपकी पिछली समझ इतनी अधिक नहीं थी। जैसे-जैसे आपका साधना स्तर ऊंचा और ऊंचा होता जाएगा, ज़न, शान, रेन की विभिन्न स्तरों पर विभिन्न अभिव्यक्तियां, विभिन्न आवश्यकताएं, और विभिन्न अवस्थाएं होंगी। और यही मन के स्तर और फल पदवी की स्थिति का सही अर्थ है। रेन उत्कृष्ट आयाम निर्माण कर सकता है, और

इसे समझने का यही एकमात्र तरीका है। जब आप सफल नहीं हो पाते हैं जो आपने निर्धारित किया है, तो आप हठपूर्वक अपने तरीके पर जोर देते हैं, आप अपनी रुची खो देते हैं और उसपर ध्यान नहीं देते हैं, और आप मूल रूप से अपनी भावनाओं को दूसरों द्वारा नियंत्रित होने देते हैं और आपका जीवन दूसरों के नेतृत्व में छोड़ देते हैं। आप जागृत हुए बिना, दूसरों के लिए जीते हुए एक थका देने वाला जीवन जीते हैं। यदि आप वास्तव में एक कदम पीछे हट जाते हैं और छोड़ देते हैं, तो यह ऐसा होगा जैसे "हरे पहाड़ों के होते हुए, जलाऊ लकड़ी की कमी का क्या डर," और हालांकि यह एक सामान्य कहावत है, यदि आप एक कदम पीछे हट सकते हैं, तो आप अपने क्षितिज को अंतहीन रूप से व्यापक पाएंगे और आपका दृष्टिकोण पूरी तरह से बदला हुआ पाएंगे। इस छोड़ देने की अपनी इच्छा को दृढ़ करें, और आपका आयाम तुरंत बदल जाएगा। उस अवस्था में आप स्वयं को हल्का और उर्जा युक्त पाएंगे। यह रेन है। लेकिन मैं कहता हूं कि आप फा का अधिक अध्ययन करें और इससे भी ऊंचे स्तरों पर पहुंचें।

शिष्य: कभी-कभी मैं एक साधक के स्तर और एक साधारण व्यक्ति के स्तर के बीच की विभाजन रेखा को नहीं समझ पाता।

गुरु जी: इस बारे में मुझे आपसे ज्यादा कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है। जब तक आप लगातार साधना में अधिक परिश्रमी होते जायेंगे, आप सब कुछ समझ जायेंगे। आप साधना कर रहे हैं इसलिए आपके लिए अपने सभी मोहभावों को एक साथ छोड़ देना असंभव है। यह ठीक वैसा ही है जैसा मैंने पहले कहा था: साधना में आप जिस स्तर पर पहुंचते हैं, वह हर स्थिति में स्वयं प्रकट होगा। लोग कहेंगे कि आप एक अच्छे मनुष्य हैं—काम पर, दिनचर्या में, घर पर या समाज में। क्यों? आपकी साधना की स्थिति आपके जीवन के हर पहलू में प्रकट होगी। यह जानबूझकर कुछ करने के बारे में नहीं है, जैसे कि आप किसी इरादे से कुछ कर रहे हैं; तो आप चीजों को बलपूर्वक कर रहे होंगे। लेकिन एक साधक के रूप में हमें संयमी और शांत चित्त होना चाहिए। हर काम को दयालु मन से करो, क्योंकि हमें ऐसे ही करना चाहिए, और इसे मोहभाव नहीं कहा जा सकता। यह वह तरीका है जिसका उपयोग हम आसुरिक-प्रकृति को दबाने, शान के आदर्शों तक पहुँचने और

उन स्तरों की आवश्यकताओं और आदर्शों को पूरा करने के लिए करते हैं जो उत्तरोत्तर उच्चतर हैं। यह मोहभाव नहीं है।

शिष्य: फा को तर्कसंगत रूप से समझना मानवीय धारणाओं को सीधे समाप्त कर सकता है और इस प्रकार साधना की प्रगति को तेज कर सकता है।

गुरु जी: जब आप फा को समझने लगे थे, आप सभी शुरुआती समझ के दौर से गुजरे थे। ज़ुआन फालुन को पढ़ने के बाद, बहुत से लोग कहते हैं कि यह अच्छा है, वास्तव में अच्छा है। ऐसा कैसे? यदि आप वास्तव में उनसे पूछते हैं तो वे इसे स्पष्ट रूप से नहीं समझा सकते हैं। उस विषय में यह एक अवधारणात्मक समझ है, एक भावना है कि यह अच्छा है। यदि कोई पूछता है, "आखिर इसमें इतना अच्छा क्या है?" सच्ची साधना में प्रवेश करने के बाद ही आप यह पता लगा सकते हैं कि पुस्तक में वास्तव में क्या अच्छा है, क्योंकि आपने अपनी समझ को तर्कसंगत स्तर तक बढ़ा लिया होगा। यदि आपके दैनिक जीवन में आपका सारा व्यवहार एक साधक के आदर्श को पूरा करता है और आप फा को समझने के लिए मानवीय सोच या धारणाओं का उपयोग नहीं करते हैं, तो आप फा को तर्कसंगतता के साथ और शांतचित्त तरीके से समझ रहे हैं, अपने प्रति उत्तरदायी हो रहे हैं।

शिष्य: क्या हम सामान्य लोगों के बीच की चीज़ों का भुगतान करने के लिए साधना से प्राप्त चीज़ों का उपयोग कर सकते हैं?

गुरु जी: नहीं, आप नहीं कर सकते, और मैंने आपको ऐसा करने के लिए नहीं कहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि साधना से प्राप्त की गयी चीजें अमूल्य होती हैं। गुरु आपकी साधना के लिए उनकी देखभाल करते हैं, फिर भी आप उन्हें इतना कम महत्व देते हैं। वे केवल वही नहीं हैं जो आपने साधना से प्राप्त की हैं: इसका एक भाग वह है जो गुरु ने आपके लिए सहन किया है और आपके लिए किया है। आपके मन में ऐसा विचार भी नहीं आना चाहिए। ऐसा करने का कोई कारण नहीं है।

शिष्य: क्या अर्ध-ज्ञानप्राप्ति पाये हुए शिष्य फा के सिद्धांतों को अन्य आयामों में देख सकते हैं?

गुरु जी: आपको इसकी जाँच-पड़ताल करना बंद कर देना चाहिए। शिष्यों की एक बड़ी संख्या है जिन्होनें उस स्थिति में प्रवेश कर लिया है, विशेष रूप से वे जिन्होंने शीघ्र या शुरआती चरण में फा प्राप्त कर लिया है। वे सब कुछ जानते हैं, सब कुछ देखते हैं, और वे सब कुछ समझ सकते हैं। लेकिन जिस स्तर पर वे हैं, वे इसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते हैं, इसलिए वे सब कुछ जानते हुए भी बात नहीं करते या कुछ भी नहीं कहते हैं। केवल एक चीज यह है कि उनकी अलौकिक शक्तियों और क्षमताओं का उपयोग नहीं किया जा सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आप में से बहुत से लोग साधना कर रहे हैं, और यदि उनकी दैवीय शक्तियों का उपयोग किया जाता तो पृथ्वी इसे सहन नहीं कर पाती। ऐसे बहुत से लोग हैं।

शिष्य: कुछ लोगों को बुद्ध फा साधना में अविश्वसनीय रूप से बहुत विश्वास है, यहां तक कि वे दैनिक जीवन की कुछ समस्याओं को हल करने के लिए सामान्य लोगों के तरीकों का उपयोग करने के लिए तैयार नहीं हैं।

गुरु जी: मैं आपको बता सकता हूं कि हमारी साधना में इस प्रकार की अवस्था है: कुछ लोग कहते हैं, "फा प्राप्त करने के बाद, मैं यह नहीं करना चाहता, मैं वह नहीं करना चाहता। मैं अपना काम नहीं करना चाहता, और मैं अब व्यवसाय नहीं करना चाहता।" मैं आपको बताना चाहूंगा कि ऐसा प्रतीत होता है कि आपने फा को सबसे महत्वपूर्ण स्थान पर रखा है और साधना को ही अपनी एकमात्र प्राथमिकता बना लिया है। लेकिन दूसरे दृष्टिकोण से देखा जाए तो आपने वास्तव में फा को नहीं समझा है। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि साधना करते समय आपको सामान्य लोगों के जैसे जहाँ तक हो सके उनकी तरह रहना चाहिए। लोग साधारणतः मेरे द्वारा कही गई बातों पर पर्याप्त ध्यान नहीं देते हैं। इसके बारे में सब लोग सोचें: हमारे 10 करोड़ लोग साधना कर रहे हैं, और क्या होगा यदि भविष्य में और भी हों? यदि कोई कुछ न करे तो समाज का क्या होगा? तब दाफा को समाज किस दृष्टि से देखेगा? क्या यह दाफा पर धब्बा लगाना नहीं होगा? बेशक, मुझे उन स्थितियों के बारे में कुछ भी कहने की आवश्यकता नहीं है जो

उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद अभिव्यक्त होती हैं—जो वर्तमान में आम बात है मैं उस विषय में बात कर रहा हूं। आप में से जो उस तरह की स्थिति में नहीं पहुंचे हैं, उनके लिए यह अनुचित होगा यदि आप जबरदस्ती कुछ करते हैं। जहां तक दैनिक जीवन में आपके सामने आने वाले प्रश्नों का संबंध है और आप उनसे कैसे निपटते हैं, ये आपकी साधना की बाते हैं, और मैं आपके लिए विशिष्ट प्रश्नों का उत्तर नहीं दूंगा। आप उनसे कैसे निपटते हैं और आप स्वयं को कैसे सुधारते हैं, यह आप पर निर्भर करता है।

शिष्य: गुरु जी ने कहा है, "फालुन प्राप्त करना, उतना ही अच्छा है जितना कि अपनी आधी साधना पूरी कर लेना।" कुछ शिष्य "अपनी आधी साधना पूरी कर लेने" का अर्थ, "अपनी आधी साधना में सफल होना" समझते हैं।

गुरु जी: जब बात साधना से जुड़ी होती है, तो आज के चीनी लोग इस तरह की सोच क्यों रखते हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि प्राचीन काल से आपके सोचने के तरीके को इस तरह से ढाला गया है जो आपको फा को समझने के लिए इस तरह की मानसिकता और सोच का उपयोग करना आपको उचित लगता है। आपकी साधना के लिए मैंने आपको ज़ुआन फालुन दिया है, आपके लिए एक फालुन स्थापित किया है, गुरु ने महान फालुन का उपयोग करके आपकी हर चीज को शुद्ध किया है, और आपकी साधना की आधी समस्याएं वास्तव में हल हो गई हैं—यह बिल्कुल सच है। लेकिन बात यहीं तक सीमित नहीं है। क्योंकि इस दाफा की शक्ति बहुत अधिक है, लोगों को और भी तेजी से साधना करने में सक्षम बनाया जाता है। जहां तक इस विचार का संबंध है, "गुरु ने मुझमें फालुन स्थापित किया है, इसलिए मैं अपनी आधी साधना में सफल हो गया हूं, और यदि मैं आज साधना करना बंद कर दूं तो भी मैं आधा सफल हो जाऊंगा," ऐसी सोच उचित नहीं है।

शिष्य: आपने कहा था कि एक अवसर पर आप चार-पांच उच्चस्तरीय महान ज्ञानियों और महान ताओ के संपर्क में थे। मुझे यह बात अच्छी तरह समझ नहीं आयी कि आपने इस बारे में बात क्यों की।

गुरु जी: ऐसा इसलिए है क्योंकि आपकी मानवीय सोच में बाधाएं हैं। फा को आपकी पसंद के अनुसार नहीं सिखाया जा सकता है! आपका इसे अच्छी तरह से

नहीं समझना यह दर्शाता है कि आपका जिस बाधा से मोहभाव है वह बहुत अधिक है। शब्दों को किसी इच्छा के साथ गहराई से समझने का प्रयत्न न करें। यदि आप इच्छा से हर वाक्य और हर पंक्ति के अर्थ को गहराई से समझने का प्रयत्न करते हैं, तो आप पूरी तरह से अनुचित हैं। मैंने हमेशा आपको कहा है कि जब आप ज़ुआन फालुन पढ़ते हैं तो आपको अंत तक पढ़ना चाहिए, लेकिन आपको पता होना चाहिए कि आप क्या पढ़ रहे हैं। जब आपको किसी निश्चित स्तर पर किसी समझ के लिए ज्ञानप्राप्ति होनी होती है, तो बुद्ध, देवता और ताओ आपको इसका संकेत देंगे और आप तुरंत वाक्य का अर्थ समझ जाएंगे। आपको इस बारे में संकेत नहीं दिए जाएंगे जिसका आपको ज्ञानप्राप्त नहीं होना चाहिए; आप इसे प्राप्त नहीं करेंगे चाहे आप कितना भी गहराई में जाने का प्रयत्न करें। यदि आप कहते हैं, "मुझे बस उन शब्दों के आधार पर ऐसे उच्च स्तरों के सिद्धांतों को समझना है," तो आप जबरदस्ती कर रहे हैं। साधना व्यक्ति पर निर्भर है, जबकि गोंग गुरु पर निर्भर है। चाहे आप अपने आप से कोई भी तरीके अपनाएं, वे आपको दिव्यलोक तक नहीं पहुंचाएंगे—इसका यही अर्थ है। ज़ुआन फालुन में कुछ खंड ऐसे हैं जिन्हें पढ़ने में कुछ लोगों का मन नहीं लगता है। वे केवल नैतिकगुण के विषय के भागों को पढ़ना चाहते हैं। मैं आपको बता दूं कि यद्यपि ऐसा लगता है कि जिन भागों की मैं चर्चा कर रहा हूं उनमें से कुछ दिव्य सिध्दियों या अन्य चीजों के बारे में हैं, उन सभी के भीतर अलग-अलग सिद्धांत हैं, और विभिन्न आवश्यकताओं की स्थितियाँ उनमें व्याप्त हैं जो सभी को साधना में प्राप्त करनी होती हैं। आपको यह सब एक के बाद एक पढ़ना है। हर बार जब आप पढ़ते हैं, तो आपको कोई खंड या कोई शब्द नहीं छोड़ना चाहिए। आपको इसे इस तरह पढ़ना चाहिए। पुस्तक का क्रम व्यक्ति की साधना में अत्यंत सटीक भूमिका निभाता है।

जब मैंने फा के उस भाग को सिखाया था, तो मैं बस ऐसे ही बात नहीं कर रहा था या केवल आपको कोई कहानी नहीं बता रहा था। सतही तौर पर, मैं आपको बता रहा था कि उस शांत अवस्था की स्थिति में पहुंचने के बाद वह आयाम कैसा होता है, और उनसे जुड़ने के बाद मुझे कैसा महसूस हुआ था। मुझे अभी भी सामान्य लोगों के बीच कुछ बातें पूरी करनी हैं, अभी भी मेरा एक सामान्य व्यक्ति का शरीर है, और अभी भी मैं आपको बचाना चाहता हूं। यदि ऐसा नहीं होता, तो संभवतः उनकी शांत अवस्था को मेरे आयाम में शांत अवस्था के रूप में शायद नहीं गिना जाता। यदि आप, एक सामान्य व्यक्ति के रूप में, उनके साथ जुड़ते हैं, तो आपका

मस्तिष्क एक पल में पूरी तरह से खाली हो जाएगा। सभी मानवीय विचार पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगे। उनके विचार इतने शक्तिशाली हैं। आप संभवतः बहुत उच्च आयामों की आवश्यकताओं को तुरंत पूरा कर लेते, लेकिन यह आपकी स्वयं की साधना नहीं होगी। इसमें बहुत गहरा आंतरिक अर्थ है। फा को परखने के लिए मानवीय सोच का प्रयोग न करें।

शिष्य: ब्रह्मांड में दो अति सूक्ष्म पदार्थों और जेन, शान, रेन की प्रकृति के बीच क्या अंतर है? ऐसा क्यों है कि स्तर जितना निम्न होता है, उतना ही ये दोनों पदार्थ एक दूसरे का विरोध करते हैं?

गुरु जी: वास्तव में, जब आप अपनी मानवीय सोच का उपयोग करते हुए ये प्रश्न पूछते हैं, तो वास्तव में आपका आचरण अपमानजनक है। यदि आप एक देवता की तरह हो सकते, तो आप बिल्कुल भी इस तरह से प्रश्न पूछने का साहस नहीं करते। वह यही है जिसे ब्रह्मांड के महान फा ने जीवों के लिए बनाया है; यह दो पदार्थ महान फा द्वारा बनाए गए थे। आपको समझाने का यही एकमात्र तरीका है। कोई जीव जब एक वातावरण में रहता है, उसका जीवन विविधता और रंगों भरा होना चाहिए। उदाहरण के लिए मनुष्यों को लें: यदि मनुष्य के पास कोई प्रसन्नता नहीं होती, तो वे एक उबाऊ, थकाऊ जीवन व्यतीत करते—बस वे इतना ही अनुभव करते। जीवों को एक सुखद जीवन जीने देने की आवश्यकता है। महान फा विभिन्न स्तरों पर जीवन के लिए फलते-फूलते समाजों का निर्माण कर सकता है। यह ऐसा कुछ नहीं है जो मानवजाति अपने मन से गढ़ सकते हैं। मैंने केवल उन दो पदार्थों के अस्तित्व के बारे में संक्षेप में बात की जो परस्पर-जनन और परस्पर-निषेध, साथ ही यिन और यांग का कारण बनते हैं, और केवल यिन और यांग की उत्पत्ति और परस्पर-जनन और परस्पर-निषेध पर चर्चा करते हुए मैंने उन दो पदार्थों का उल्लेख किया है। फिर भी ब्रह्मांड में जटिल चीजें, संख्या में उससे कहीं अधिक हैं। मैं ऐसी किसी भी चीज़ के बारे में बात नहीं करता जो सीधे तौर पर आपकी चल रही साधना से संबंधित न हो। मैंने उन चीजों पर चर्चा करना चुना है जो आपको फा के सिद्धांतों के बारे में ज्ञानप्राप्ति प्रदान कर सकती हैं और आपको सुधरने में सक्षम बना सकती हैं, और मैंने सब चीज़ों के लिए ऐसा किया है।

यदि आप बहुत अधिक जान जाते हैं, तो आपका मन हमेशा एक निश्चित विचार के आसपास घूमता रहेगा और आपकी साधना प्रभावित होगी।

शिष्य: कई शिष्य सप्ताहांत में एक साथ अभ्यास करने के लिए एक ही पार्क में जाते हैं। यदि लोग विभिन्न पार्कों में जाते है तो क्या फा को प्रचार-प्रसार करना ज्यादा लाभदायक होगा?

गुरु जी: यह आपके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विशेषताओं से संबंधित है। आपकी भावना यह है कि जब आप अधिक लोगों के साथ एक साथ अभ्यास करते हैं, तो उर्जा शक्तिशाली होती है और प्रभाव अधिक हो सकता है। जब अन्य लोग इसे देखेंगे, तो वे कहेंगे: "वाह, फालुन गोंग का अभ्यास करने वाले बहुत से लोग हैं! ऊर्जा इतनी शक्तिशाली है! आइये हम भी इसका अभ्यास करते हैं।" ऐसे लोग भी हो सकते हैं जो सोचते हैं: "इस जगह के लोग इसे पहले से जानते हैं, लेकिन अन्य जगहों के लोग नहीं जानते। आइए बंट जाएं और अन्य स्थानों पर जाएं ताकि उन स्थानों के लोगों को प्रोत्साहित किया जा सके और फा प्राप्त करने में उनकी सहायता की जा सके।" ये आपके अपने विशिष्ट मामले हैं। आगे बढ़ो और वही करो जो आपको लगता है कि आपको करना चाहिए। इन विषयों में, आप मुझसे अपने लिए विशिष्ट निर्देश की अपेक्षा ना करें। विभिन्न क्षेत्र हैं, विभिन्न अवस्थाएं हैं, और फिर विभिन्न स्तरों पर फा के बारे में आपकी समझ की स्थितियां हैं। यह सब आपकी अपनी साधना का अंग है। चीजों को कैसे करना है, इस पर चर्चा करें और जो आपको सबसे अच्छा लगे वह करें।

शिष्य: कुछ लोग सोचते हैं कि फा का प्रचार-प्रसार करने का अर्थ है अभ्यास करना और दाफा पुस्तकें उपलब्ध कराना, और यह कि बड़े स्तर पर समूह अभ्यास या फा व्याख्यान के वीडियो दिखाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

गुरु जी: यह आप पर निर्भर करता है कि आप इन विषयों की विशेषताओं को कैसे संभालते हैं, ठीक उसी तरह जैसे आप अपनी साधना करते हैं। मैं आपको बता सकता हूं कि वीडियो देखना, समूह अध्ययन, समूह अभ्यास, और सम्मेलन जैसे

कि आज हम आयोजित कर रहे हैं, दाफा साधना के एकमात्र रूप हैं जो मैंने आपको दिए हैं। बाकी सब कुछ सख्ती से व्यवस्थित नहीं है, इसके समेत कि चाहे आप यहां आएं या नहीं। कोई उपस्थिति दर्ज नहीं करता और आपको आने के लिए नहीं कहता। सब स्वेच्छा से आते हैं। साधना आपके अपने मन पर निर्भर करती है। यदि आप नहीं आना चाहते हैं और आप साधना नहीं करना चाहते हैं, तो आप जैसा चाहें वैसा कर सकते हैं।

शिष्य: कोकेशियान शिष्य सामुदायिक सेवा के प्रति उत्साही हैं और इसे करुणा की अभिव्यक्ति और एक अच्छा मनुष्य होना मानते हैं।

गुरु जी: यह केवल एक प्रकार का प्रेम करने वाला मन है जो साधारण लोगों का होता है, लेकिन मैं इसका विरोध नहीं करता, क्योंकि मैं लोगों को हर स्थिति में अच्छा मनुष्य बनने के लिए कहता हूं। लेकिन यदि फा और साधना के अध्ययन पर इन चीजों को प्राथमिकता दी जाती है, तो मैं कहूंगा कि यह अनुचित है। किसी भी चीज से लगाव होना मोहभाव हो सकता है। दूसरी ओर, हालांकि, यदि आप हर स्थिति में स्वयं का अच्छा आचरण नहीं रख सकते हैं, तो आप एक साधक के आदर्श पर खरे नहीं उतरे हैं। दूसरे शब्दों में, जैसे-जैसे आप फा में लगातार अधिक परिश्रमी होते जाते हैं, ये मुद्दे हल हो जाएंगे और आपको पता चल जाएगा कि क्या करना है।

शिष्य: यदि सर्दी के मौसम में बाहर व्यायाम करना जारी रखा जाए, तो क्या इस तरह से कर्म हटाने का तरीका पद्मासन में बैठने से कर्म हटाने का स्थान ले सकता है?

गुरु जी: ऐसा कुछ नहीं है। आप स्वयं को कठिनाई से बाहर निकलने का मार्ग खोजना चाहते हैं, एक ऐसा साधना मार्ग अपनाना जो दुःख से मुक्त हो या जो दुःख को सहन करने के सरल तरीके प्रदान करता हो। यह अस्वीकार्य है। लेकिन मुझे लगता है कि, साधना सुधार के लिए है, और आप हमेशा एक ही स्थिति में नहीं रहेंगे। क्या पद्मासन में बैठने का डर भी एक मोहभाव नहीं है?

शिष्य: भले ही किसी की सहायक चेतना (फू यिशी) एक ज्ञानप्राप्त जीव के रूप में विकसित हो गई हो, उसकी मुख्य चेतना (जू यिशी) अभी भी जन्म-मरण के चक्र में प्रवेश कर सकती है। ऐसा लगता है कि वे विभिन्न अस्तित्व हैं।

गुरु जी: मैंने इस मुद्दे को बहुत स्पष्ट रूप से समझाया है। इस संसार में, आपके लिए, आपकी मुख्य चेतना और सहायक चेतना दोनों ही आप हैं। आपको प्रत्येक को स्वीकार करना होगा। वे आपका नाम साझा करते हैं, वही काम करते हैं जो आप करते हैं, और आपके मस्तिष्क को नियंत्रित करती हैं—वे दोनों आप हैं। हालाँकि, जहाँ तक वास्तव में व्यक्ति को नियंत्रित करने की बात है—जब आप वास्तव में सबसे अधिक सचेत होते हैं, अर्थात—यह आपकी मुख्य चेतना है जो आपकी सभी चेतनाओं को नियंत्रित करती है। ऐसा क्यों है? ऐसा इसलिए है क्योंकि जब आपकी सहायक चेतना (फू युआनशेन) साधना के माध्यम से फल पदवी प्राप्त करती है, तो आप इसके बारे में नहीं जानते हैं। वह आपके जैसी ही है, उसका वही रूप है, और साधना समाप्त करने के बाद चली जाती है, लेकिन फिर भी आपको जन्म-मरण के चक्र में प्रवेश करना होगा। जब आपकी मुख्य चेतना साधना में सफल हो जाती है, तो आप स्वयं इसे जान पायेंगे—"वाह, मैं साधना में सफल हो गया हूं और फल पदवी प्राप्त करने जा रहा हूं।" लेकिन आपकी सहायक चेतना भी आपका ही एक भाग है, इसलिए जब आप साधना कर रहे होते हैं तो वह आपके साथ साधना करती है। जब आप फल पदवी प्राप्त करेंगे तो वह आपके साथ फल पदवी प्राप्त कर लेगी। यही उनका संबंध है।

शिष्य: मैं एक फार्मासिस्ट हुआ करता था और कुछ चिकित्सीय मालिश तकनीकों को जानता हूँ। क्या मैं अब भी निःशुल्क आधार पर दूसरों की मालिश कर सकता हूँ?

गुरु जी: यहाँ आपने स्वेच्छा से मालिश करने और पैसा न बनाने पर जोर दिया है, तो क्या इसे एक अच्छा काम करना माना जाता है? मैं आपको यह बताना चाहता हूं: साधना एक बहुत ही गंभीर विषय है, मैं लगातार आपके शरीर को शुद्ध कर रहा हूं, और आपको इसे फिर से प्रदूषित नहीं करना चाहिए—इसका यही अर्थ है।

कारण यह है कि किसी अन्य व्यक्ति की त्वचा के साथ शारीरिक संपर्क दो व्यक्तियों के क्षेत्रों को जोड़ सकता है। जब आप समूह में अभ्यास करते हैं तो अभ्यास स्थल की ऊर्जा बहुत शक्तिशाली क्यों होती है? ऐसा इसलिए है क्योंकि आपके प्रत्येक के क्षेत्र, ऐसे अच्छे क्षेत्र, जुड़े हुए हैं, इसलिए प्रगति तेज होती है और सभी को बहुत अच्छा लगता है। जहां तक सामान्य लोगों का सवाल है, वे साधना नहीं करते और उनके शरीर के क्षेत्र कर्म से भरे होते हैं। जैसे ही मैं यह कहता हूँ बहुत सारे लोग सोचेंगे, "ओह, क्या इसका अर्थ यह है कि मुझे अपने परिवार के साथ नहीं रहना चाहिए?" आप साधक हैं और मैंने आपके लिए इस समस्या का समाधान पहले ही कर दिया है, इसलिए आपको इसके बारे में सोचने की आवश्यकता नहीं है और आपको सचेत रूप से किसी चीज़ से डरना नहीं चाहिए। कहने का तात्पर्य यह है कि यदि आप किसी कार्य को आशय से करना चाहते हैं तो यह वैसा ही है जैसे कि आप उस बात को आशय से स्वीकार करते हैं। जब आप किसी की मालिश कर रहे होते हैं, तो आपके मन में यह विचार आ सकता है, "मुझे उसे ठीक करना है।" क्योंकि आप उसका उपचार करने के लिए आधुनिक चिकित्सा साधनों या दवाओं का उपयोग नहीं कर रहे हैं—इसके बजाय, आप अपने शरीर का उपयोग उसका उपचार करने के लिए कर रहे हैं—इसकी बहुत संभावना है कि आप प्रदूषित होंगे। इसका यही अर्थ है। जहां तक हमारे उन शिष्यों की बात है जो जीवनयापन करने के लिए मसाज थेरेपिस्ट के रूप में काम करते हैं, इस कारण कि उन्हें वास्तव में कोई दूसरा काम नहीं मिल पा रहा है, मैं जीवनयापन की समस्या को हल करने के लिए उनके शरीर को सील कर दूंगा। लेकिन यदि आप उस पेशे में नहीं हैं तो बेहतर है कि आप इसे न करें। मेरे कहने का यही तात्पर्य है। जहां तक एक्यूपंक्चर करने की बात है या चिकित्सक होने के नाते जो दूसरों के लिए दवाएं और इंजेक्शन लिखता है, वह ठीक है। वे तकनीकें हैं।

शिष्य: यदि किसी व्यक्ति के परिवार में किसी को मानसिक रोग हो लेकिन स्वयं व्यक्ति को यह रोग न हो, तो क्या वह साधना कर सकता है?

गुरु जी: मैंने कहा है कि आपको भी मानसिक रोग हो ऐसा आवशयक नहीं है चाहे आपके परिवार में किसी को है। क्या इसे ऐसा नहीं समझा जाना चाहिए? इसे दोनों ओर से देखा जाना चाहिए। दूसरे शब्दों में, एक बहुत ही तर्कसंगत व्यक्ति के

लिए—जिसके पास एक शक्तिशाली मुख्य चेतना है—साधना करना ठीक है। यदि आपका पारिवारिक इतिहास मानसिक रोग का है तो आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। यदि आप मानसिक रोगी हैं तो आप अभ्यास नहीं कर सकते। ऐसा इसलिए है क्योंकि मानसिक रोगी की मुख्य चेतना साधारणतः बेसुध होती है, तो ऐसा नहीं है कि मैं आपको बचाना नहीं चाहता। मेरा फा मुख्य चेतना को दिया जाना होता है और व्यक्ति को बचाने के लिए है, लेकिन यदि वह व्यक्ति बेसुध है, तो हम फा किसको दे रहे हैं? जब मानसिक समस्या आपको ग्रस्त करती है, तो वह आपके कर्म, बुरे विचारों और बाहरी जीवों के नियंत्रण के कारण होता हैं। क्या हम उन्हें फा दे सकते हैं? नहीं, और यही कारण है। इसलिए मानसिक रोग के पारिवारिक इतिहास वाले लोगों को साधना करते समय सतर्क रहना चाहिए! यदि आपको लगता है कि आप स्वयं को नियंत्रित नहीं कर सकते, तो यहाँ ना आएं। जिन्हें वर्तमान में मानसिक रोग है: अभ्यास स्थलों पर आपको आने की अनुमति नहीं है, और आपको फा को सुनने के लिए फा सम्मेलनों में शामिल नहीं होना चाहिए।

शिष्य: मेरा बच्चा बारह साल का है। वह सप्ताह में एक बार अभ्यास करता है और रात को सोने से पहले फा को सुनता है। क्या उसका अभ्यास और फा का अध्ययन सामान्य माना जायेगा है?

गुरु जी: बच्चों की अपनी स्थितिया होती हैं। यदि वे फा के संपर्क में आ गए हैं और अध्ययन और अभ्यास कर रहे हैं, तो वे भी वास्तव में साधना कर रहे हैं, निश्चित रूप से। हमारे लिए बच्चों और वयस्कों के बीच के नियमों में कड़ा अंतर है। क्योंकि बच्चों के पास उन धारणाओं और जटिल विचारों से बनी चीजें नहीं होती हैं जो वयस्कों के पास होती हैं, वे बहुत सरल होते हैं, और इसलिए वे जल्दी से फा प्राप्त कर लेते हैं।

शिष्य: जब मेरे मन में मैं बुरी बातें सोचता हूँ, तो दूसरे आयामों में बुरे पदार्थ उत्पन्न होते हैं। मुझे क्या करना चाहिए ?

गुरु जी: पूरा प्रयत्न करें कि बुरी बातें न सोचें, और आप धीरे-धीरे अपनी साधना में प्रगति कर रहे होंगे। यदि आप उन्हें सोचते भी हैं, तो उन पर ध्यान न दें और डरें नहीं। एक बार आप भयभीत हो जाते हो—"अब मैं क्या करूँ?"—वह मोहभाव है। इसलिए हमें फा का अध्ययन करना चाहिए और जितना हो सके पुस्तक को पढ़ना चाहिए, और यह बेहतर होगा कि शुद्ध और शांत मन बनाए रखें। लेकिन आपके लिए यह असंभव है कि आप बुरी चीजों के बारे में बिल्कुल भी न सोचें। यदि आपने फल पदवी प्राप्त नहीं की है तो आप ऐसा नहीं कर पाएंगे। जहाँ तक यह बात है कि किस प्रकार के पदार्थ उत्पन्न होते हैं, अब आप एक साधक हैं, इसलिए मैं आपको बता सकता हूँ कि आप, एक साधक को, दिव्यलोक में मनुष्य के रूप में नहीं देखा जाता है। वे आपको देवता मानते हैं। फल पदवी प्राप्त करने पर आप विभिन्न स्तरों पर भविष्य के देवता होंगे। इसलिए एक बार जब आप साधारण लोगों से ऊँचे उठ जाएंगे और अपने शरीर में ऐसी चीजें ले जाएंगे जो साधारण लोगों से उच्च है—और विशेष रूप से जब आप फा-सुधार के दौरान साधना कर रहे हैं—न केवल मैं आपकी देखभाल कर रहा हूं, बल्कि आपके शरीर के चारों ओर बुद्ध के आठ प्रकार के दिव्य सिद्धांत-संरक्षक भी हैं जो फा की निगरानी कर रहे हैं। यह केवल इतना है कि आप यह नहीं जानते हैं। बहुत से लोग अभ्यास शुरू करने के बाद साहसी बन जाते हैं। ऐसा क्यों है? यह केवल आपके कारकों के कारण नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपका एक पक्ष है जो चीजों को जानता है। इसलिए आपके साहस को बढ़ावा मिलता है।

शिष्य: मैं बचपन से ही बहुत शर्मीला रहा हूँ। क्या यह एक शक्तिशाली मोहभाव है?

गुरु जी: मनुष्य होने के नाते यदि किसी व्यक्ति में लज्जा का भाव नहीं है तो मैं कहूंगा कि वह एक बहुत बुरा व्यक्ति है। यदि एक साधक होते हुए आप इस प्रकार का मोहभाव रखते हैं, तो आप केवल एक मनुष्य हैं। फिर भी अतीत में ऐसे बहुत से लोग हुए हैं, जो साधना शुरू करने के बाद, बेढ़ंगे, बिना संवरे और गंदे बन जाते हैं। यदि दाफा का कोई शिष्य ऐसा है, तो मैं कहूंगा कि आप दाफा की छवि खराब कर रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं, जब भी मैं किसी भी अवसर पर आपको फा पर व्याख्यान देता हूं, तो मुझे लगता है कि मैं हमेशा ढंग के कपड़े पहने होता हूँ,

अपेक्षाकृत तौर पर। तथ्य यह है कि, मैं आपको एक उदाहरण देने के लिए ऐसा करता हूं। यहां तक कि ऐसे लोग भी हैं जो मेरे बात करने के तरीके और मेरे जीने के तरीके की नकल करते हैं, इसलिए मैं इन बातों पर विशेष ध्यान देता हूं। मैं आपके लिए एक बुरा उदाहरण नहीं बन सकता। चूंकि आप साधारण लोगों के बीच रहते हैं तो आपको इस पर थोड़ा ध्यान देना चाहिए।

मैंने कुछ ऐसा पाया है: चीनी लोग उपरी दिखावे पर ध्यान नहीं देते हैं बल्कि काफी अनौपचारिक होते हैं। यह उस उपहास की तरह है जो मैंने पिछली बार बताया था: चीनी लोग तत्व पर बहुत अधिक ध्यान देते हैं, उनके मस्तिष्क में बहुत सी चीजें होती हैं, महान कौशल से भरे होते हैं, और उनके द्वारा पकाए जाने वाले व्यंजन स्वादिष्ट होते हैं, लेकिन उनकी प्रस्तुति बेढंगी और गंदी होती है। लेकिन कोकेशियान—इस बात को एक उपहास के रूप में लें—उनका भोजन उतना स्वादिष्ट नहीं होता है जैसा कि चीनी पकाते हैं, लेकिन उनके छुरी और कांटे अच्छी तरह से रखे जाते हैं और विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए विभिन्न चांदी के बर्तन और विभिन्न पेय के लिए विभिन्न गिलास होते हैं। वे दिखावे को बहुत महत्व देते हैं और बहुत विनम्र होते हैं। कोकेशियान और चीनी लोगों में यही अंतर है। लेकिन मुझे लगता है कि यदि इन विशेषताओं को जोड़ा जा सके, चीनी लोग शिष्टाचार के प्रति अधिक ध्यान दें और कोकेशियान स्वाद पर थोड़ा अधिक ध्यान दें, तो यह बेहतर होगा। (तालियाँ)

कोकेशियान अपने सभ्य शिष्टाचार पर बहुत ध्यान देते हैं। यही उनकी संस्कृति है। कोकेशियान कभी-कभी आपसे क्रोधित क्यों होते हैं? कुछ लोगों को यह भी लगता है कि वे आपसे बिना कारण क्रोधित हैं। यदि आप उनकी संस्कृति को हानि पहुंचाते हैं, भले ही वह छोटी सी बात हो, तो वे वास्तव में क्रोधित होंगे। बहुत से चीनी लोग छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देते हैं। उदाहरण के लिए, जब आप किसी दूकान में प्रवेश करते हैं और कोई आपके पीछे होता है, तो आप दरवाजा खोलने के बाद किसी और चीज की परवाह नहीं करते हैं, और आपके पीछे दरवाजा बंद हो जाता है। यदि कोई कोकेशियान इसे देखता है तो वह वास्तव में क्रोधित होगा, क्योंकि आप उनकी संस्कृति को हानि पहुंचा रहे हैं और वह इसे छोटी बात नहीं मानता। वह आपके अशिष्ट व्यवहार और वाणी पर वास्तव में क्रोधित होगा। आप उनके समाज में रह रहे हैं, इसलिए आपको इस पर ध्यान देना चाहिए।

शिष्य: मैं चीन का शिष्य हूं। इस बार जब मैंने गुरु जी को देखा तो मैं अपने आंसू नहीं रोक पाया और मैं अपने आप को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता।

गुरु जी: देखिये, जबकि मैं संयुक्त राज्य अमेरिका में हूं, मैं शायद आपसे पिछले छः महीनों में अक्सर मिल रहा हूं और यह काफी सरल है। लेकिन मुख्य भूमि चीन में बहुत सारे शिष्य हैं जो मुझे नहीं देख सकते हैं। उन्हें अपने गुरु की बहुत याद आती है, और मैं भी उनके बारे में सोचता रहता हूं। यही स्थिति है।

शिष्य: विभिन्न विशिष्ट आयामों में विद्यमान एक "मैं" हूँ। क्या ये विशिष्ट आयाम तीन लोकों में हैं?

गुरु जी: यह सच है, वे तीन लोकों के भीतर हैं। तीन लोकों के आयाम सबसे जटिल हैं। यदि अवसर मिला तो मैं भविष्य में आपको पदार्थ की संरचना के बारे में और बताऊंगा; जटिलता का विस्तार आश्चर्यजनक है। लेकिन इसका वर्णन करने के लिए कोई भाषा नहीं है, न ही चित्र इसे चित्रित कर सकते हैं। इसलिए कभी-कभी जब मैं आपको फा सिखाता हूं तो यह इतना चुनौतीपूर्ण होता है कि सभी मानवीय भावों का उपयोग करने पर भी ब्रह्मांड की भव्यता को व्यक्त करना कठिन होता है।

शिष्य: मैंने सुना है कि चीन के वैज्ञानिक अनुसंधान विभाग पांडा की प्रतिकृतियाँ बना रहे हैं।

गुरु जी: आपका अर्थ क्लोनिंग है, है ना? हम उन चीजों पर ध्यान नहीं देंगे। मानव जाति स्वयं को नष्ट कर रही है। उस दिन मैंने कहा था कि मानवजाति इसका प्रतिरूपण कर रही है और उसका प्रतिरूपण कर रही है, और जैसे ही मानवजाति मानवों का प्रतिरूपण करना शुरू करती है, यह मानवों की परग्राहियों से प्रतिस्थापित करने को स्वीकार करने की शुरुआत होगी। इसलिए क्योंकि लोग अस्तित्व के उस पक्ष को नहीं देख सकते जो दिव्य है, लोगों को अभी भी लगता है

कि उनकी अथक खोज, उनकी तथाकथित खोज, अच्छी लगने वाली चीजें हैं। वास्तव में, वे मानव जाति को नष्ट कर रहे हैं। मानव जाति स्वयं को नष्ट कर रही है।

शिष्य: बौद्ध समुदाय के कुछ लोग दाफा को पवित्र मार्ग नहीं मानने के कारण उसपर हमला करते हैं।

गुरु जी : बस इसे अनदेखा कर दें। वे धर्म विनाश काल के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। यदि इन समस्याओं के साथ हम चीजों को संभालने के उनके तरीकों को अपनाते—जहां जब वे दाफा पर हमला करते हैं तब आप उनको जवाब देने के लिए पत्रिकाएँ भेजते हैं—तो क्या दाफा उन्हीं के जैसा नहीं हो जाता? हमारा दाफा ब्रह्मांड का महान फा है, और भले ही ऐसा लगे कि वे हानि पहुंचा रहे हैं, वे वास्तव में कुछ भी नहीं हैं। उस समय जब शाक्यमुनि आए थे, तब भी ब्राह्मण धर्म ने वही किया था।

शिष्य: क्या सूक्ष्म रूप से स्थूल रूप में परिवर्तन की प्रक्रिया जन्मजात शरीर (बनती) के परिवर्तन की प्रक्रिया है?

गुरु जी: आप इसे इस तरह समझ सकते हैं। एक व्यक्ति जितनी जल्दी स्वयं की साधना करता है, उतनी ही तेजी से परिवर्तन होता है।

शिष्य: ऐसा क्यों है कि ब्रह्मांड के एक निश्चित क्षेत्र के कई, कई अन्य आयामों में, एकसाथ एक "वह" का अस्तित्व है?

गुरु जी: ब्रह्मांड की रचना इतनी अधिक जटिल है। जिस समय आपका जन्म होता है, उस समय अनेक आयामों में एक "आप" का जन्म होता है। आप लगभग एक जैसे दिखते हैं, लगभग वही काम करते हैं, एक ही नाम होते हैं, एक ही समय में पैदा होते हैं, और एक ही समय में मर जाते हैं, लेकिन जीवन की गुणवत्ता अलग होती है। वे आपसे कैसे संबंधित हैं? मैंने अभी बताया, वे एक ही समय में पैदा होते

हैं और एक ही समय में मर जाते हैं, और इसके अलावा कोई अन्य प्रमुख संबंध नहीं है। मैंने कहा कि आप एक ही समय में पैदा हुए हैं, और इसका अर्थ है कि यदि वे पैदा नहीं हुए, तो आप पैदा नहीं हो सकते, भले ही आप चाहते। और यदि वे नहीं मरे, तो तुम चाहो तो भी मरना बहुत कठिन होगा। तो उन "भटकती आत्माओं और बेघर प्रेतों" के बारे में बात करने का कारण यह है कि वे पुनर्जन्म नहीं ले सकते हैं, क्योंकि सभी "वह" की मृत्यु नहीं हुई है। केवल "वह" में से एक ने आत्महत्या करके मरना चाहा, इसलिए उसके पास मरने के बाद जाने के लिए कोई जगह नहीं है। उसे तब तक इंतजार करना पड़ता है जब तक कि सभी जीवित "वह" एक साथ अपनी जीवन यात्रा पूरी नहीं कर लेते और उसके बाद ही सभी एक साथ गंतव्य की ओर जा सकते हैं। जहां तक मुख्य चेतना की बात है, जैसा कि मैंने अभी कहा, आपकी चेतना आप हैं—आपकी मुख्य चेतना आप हैं, आप स्वयं हैं—और आपके विचारों का स्रोत आप हैं। और जहां तक अमर शिशु *(युआनयिंग)* का संबंध है, वह बुद्ध-शरीर है जो आपकी साधना में आपके विवेक और फा से विकसित हुआ है। हमारा फा मानव शरीर को मूलभूत परिवर्तनों से गुजरने में सक्षम बना सकता है, और यह शरीर ही बुद्ध शरीर में रूपांतरित हो सकता है।

शिष्य: गुरु ने कहा, "संभवतः जब आप ताओ प्राप्त करेंगे, तो भविष्य में बहुत से लोगों को लाभ होगा।"

गुरु जी: यह सच है। इसके बारे में सोचें: यदि कोई व्यक्ति साधना द्वारा बुद्धत्व प्राप्त करने में सक्षम होता है, उनके माता-पिता और भाई-बहन—या मान लें कि केवल उनके माता-पिता, जिन्होंने ऐसे अद्भुत पुत्र या पुत्री को जन्म दिया है—तो क्या वे पुण्य में भागिदार नहीं होंगे? वे निश्चित रूप से होंगे। यह पूण्य कितना अधिक होगा और वे कहाँ पहुंचेंगे, यह निश्चित रूप से पूर्वनिर्धारित पुण्य में उनका भाग कितना बड़ा है उसी के अनुसार किया जायेगा। लेकिन जो व्यक्ति फल पदवी प्राप्त कर रहा है और बुद्ध बन रहा है, उनके माता-पिता भी साधना न करने पर भी बुद्ध बन जायेंगे—यह पूरी तरह से असंभव है, क्योंकि उन्होंने साधना नहीं की है। यह उनके पूर्वनिर्धारित पुण्य के भाग और उनके नैतिक गुण के अनुसार तय किया जाता है। उनके कर्म की मात्रा भी महत्वपूर्ण है। ऐसा होते हुए, यह केवल माता-पिता और भाई-बहनों तक ही सीमित नहीं रहता है। इसमें कई, कई लोग

और जीव भी सम्मिलित हैं जिनके साथ व्यक्ति का मानव संसार में संपर्क रहा है, और द्वेष के कारण कर्म संबंध बने हैं। आपने वध किये हैं, लेकिन फिर आप बुद्ध बन जाते हैं, तो उन जीवों का क्या जिन्हें आपने मार डाला? आपको उन्हें बचाना है। निःसंदेह, जब आप साधना में सफल होते हैं और फल पदवी प्राप्त करते हैं, तो गुरु आपके लिए इन बातों को संभाल लेंगे, और इन्हें भी ऐसे ही माना जाएगा जैसे आपने बचाया है। उन्हें आपके दिव्यलोक में स्थान देना होगा, इस प्रकार से आपके लिए समस्याएं हल की जाती हैं। ऐसे भी बहुत से लोग हैं, जिन्होंने कभी ऐसे काम किए जिनसे आपको लाभ हुआ, और जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। सभी प्रकार के कारक होते हैं। यहां तक कि साधना भी कोई साधारण विषय नहीं है, और आप कई चीजों में व्याप्त कई प्रकार के पूर्वनिर्धारित कारण-प्रभाव संबंधों को स्वयं हल नहीं कर सकते। वह भी गुरु द्वारा किया जाता है।

शिष्य: जब गुरु जी विभिन्न क्षेत्रों के कुछ शिष्यों से मिले, तो कोई भी पीछे नहीं बैठना चाहता था। क्या यह भी मोहभाव है?

गुरु जी: आज ऐसी स्थिति हो सकती है। जब मैं चीन में फा सिखा रहा था, तो सभी शिष्य जानते थे—और संभवतः आपने सुना होगा—कि हर कोई व्यख्यान के पहले दिन, गुरु के पास आने और अधिक ऊर्जा प्राप्त करने की आशा में, अग्रिम पंक्ति की सीटों की खोज में थे। व्याख्यान के तीसरे दिन के अंत तक, कोई भी आगे बैठने का प्रयत्न नहीं कर रहा था। सभी ने वृद्धों के लिए या दूसरों के लिए अच्छी सीटें छोड़ दीं, किसी ने सीटों के लिए लड़ाई नहीं की, और पूरे हॉल में शांतिपूर्ण स्थिति बन गयी। लोगों के बदलने की एक प्रक्रिया होती है। बेशक, आप में से कई लोग आज यहां शहर से बाहर से आए हैं या मुझे लंबे समय से नहीं देखा है। आप गुरु को अच्छी तरह देखने के लिए पास आना चाहते हैं, और मैं इस भावना को समझ सकता हूं। सीटों के लिए लड़ना, हालांकि—कोकेशियान लोग ऐसा कुछ नहीं करेंगे। साधारणतः यह सतही स्तर की चीजें हैं।

शिष्य: अनुभवी शिष्यों का नैतिक गुण उच्च होता है और उनकी गोंग क्षमता अधिक से अधिक बढ़ती जा रही है। उनके शब्दों और कार्यों का नए शिष्यों पर

बहुत प्रभाव पड़ता है। प्रत्येक अनुभवी और नए शिष्यों को स्वयं को कैसे संभालना चाहिए?

गुरु जी: अधिकांश अनुभवी शिष्यों ने बहुत अच्छी साधना की है, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि हर अनुभवी शिष्य इतना अच्छा है। साथ ही, मैं यह नहीं कह सकता कि आप आदर्श को पूरा नहीं करते हैं और इसलिए मैं आपको अभ्यास के लिए नहीं आने दूंगा—मैं ऐसा कैसे हो सकता हूं? मैं नहीं कर सकता। तो, आपकी कई बातें और कर्म दूसरों को प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन फा अस्तित्व में है, इसलिए डरो मत। एक नया शिष्य भी फा का कुछ बार अध्ययन करने के बाद हर चीज का मूल्यांकन करने के लिए फा का उपयोग करेगा। भले ही आप एक अनुभवी शिष्य हैं, फिर भी उन्हें पता चल जाएगा कि आपने कहां कुछ अनुचित किया है। लोगों की अपनी समझ होती है, और फा होता है, इसलिए ये समस्याएँ समस्याएँ नहीं हैं। आप सब ऐसे ही करते आये हैं। स्वयंसेवक के रूप में, अनुभवी शिष्यों के रूप में, आप इस समस्या से चिंतित हो सकते हैं। चिंता का विषय और विचार सभी अच्छे हैं। यदि आप इसे देखते हैं, तो इसे हल करने का एक तरीका खोजें और लोगों को इस पर ध्यान देने के लिए कहने की पूरी कोशिश करें। फिर अनुभवी शिष्यों के रूप में, आपको वास्तव में नए शिष्यों के सामने स्वयं को नियंत्रित करना चाहिए। यदि आप अपनी प्रतिष्ठा के बारे में चिंतित नहीं हैं, तब भी आपको दाफा की प्रतिष्ठा के बारे में सोचना चाहिए। यह यहां एक पवित्र भूमि है, इसलिए मैं नहीं चाहता कि जब आप समस्याओं में पड़ें तो आप अपने अंदर झांकें नहीं। यह अस्वीकार्य है यदि यह किसी [चीनी] समाज की कार्य इकाइयों के समान बन जाता है।

शिष्य: अपनी साधना से पहले, एक रात मुझे बहुत ठंड लग थी और मैं हिल भी नहीं सका।

गुरु जी: मैं कहूंगा कि व्यक्तिगत परिस्थितियों से संबंधित कोई प्रश्न न पूछना बेहतर है। करोड़ों, अरबों स्थितियों के साथ—केवल आपकी ही इतनी स्थितियां है—मैं आपके लिए इसका उत्तर कैसे दे सकता हूँ? मैं आपको बता सकता हूं कि सभी स्थितियां अच्छी हैं। मैंने कल कुछ कहा था: चाहे आप अच्छा महसूस करें या

बुरा, वास्तव में आप यह नहीं बता सकते कि क्या चल रहा है। मैं आपको केवल एक बात बताता हूँ: यदि आप इन सबको अच्छा मान सकते हैं तो यही पर्याप्त है। *(तालियाँ)* मैं आपको एक उदाहरण देता हूँ। इसके बारे में सोचो, सब लोग: मानव समाज की मिटटी उच्च स्तरीय जीवों का मल है। इस तरह के गंदे वातावरण में रहना ऐसा ही है, जैसे कि मनुष्य खाद के गड्ढे में कूद गया हो—आप सभी अब खाद के गड्ढे में हैं, फिर भी आप इस बात पर झल्लाहट अनुभव करते हैं कि यह अच्छा है या इतना अच्छा नहीं है। उन चीजों की परवाह करने का क्या अर्थ है? आपको साधना करने में जल्दी करनी चाहिए और सोचना चाहिए कि यह अच्छा हो रहा है चाहे आपके साथ जो भी हो। और यह वास्तव में अच्छा है। यदि आपने साधना नहीं की तो आपको वे संवेदनाएं कभी नहीं होंगी, और इसमें अप्रिय संवेदनाएं भी सम्मिलित हैं। परिवर्तन कितना भी अच्छा क्यों न हो, यह आपके शरीर में अभिव्यक्त होने पर सुखद नहीं लगेगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि किसी भी प्रकार के गोंग या ऊर्जा की उपस्थिति में विद्युत प्रवाहित होती है, और यह आपके शरीर में प्रतिक्रियाओं को अभिव्यक्त करने का कारण बनेगी। गोंग इतना शक्तिशाली है और आपके पास अभी भी एक मानव शरीर है। यदि यह शरीर के अंदर थोड़ा सा भी हरकत करता है, तो आपका मानव शरीर निश्चित रूप से असुविधा अनुभव करेगा। जब आप साधना पूर्ण कर लेंगे तो आपको वे अनुभूतियां नहीं होंगी। जब कुछ लोग हवा में उठते हैं तो हवा में उनकी कुछ निश्चित स्थितियां होती हैं। उन सभी पर ध्यान न दें, वे सभी अच्छी चीजें हैं। आप जितने अधिक भयभीत होते हैं, उतनी ही अधिक संभावना है कि आपके साथ वे चीजें कुछ और बार घटित होंगी, क्योंकि आपके लिए भय का मोहभाव होना अनुचित है।

शिष्य: स्वयं के लिए जीने के साथ-साथ निस्वार्थ और परोपकारी होना—इसे हमें कैसे समझना चाहिए?

गुरु जी: इसके बारे में सोचें: एक व्यक्ति एक ऐसा जीवन है जिसका व्यक्तिगत स्तर पर अस्तित्व है, और यदि आप निःस्वार्थता और परोपकारिता को उस बिंदु पर ले जाते हैं, जहां आप स्वयं की साधना करना भी नहीं चाहते हैं और आप अब अपने मूल, सच्चे रूप पर नहीं लौट रहे हैं, तब, यह तो अत्यधिक "निःस्वार्थ" होना होगा। आप इसे ऐसे कैसे समझ सकते हैं? क्या आपकी साधना स्वयं के लिए नहीं

है? हालाँकि, साधना के दौरान आप अधिक से अधिक दयालु बनते जाते हैं, इस हद तक कि जब भी आप किसी चीज़ के बारे में सोचते हैं, तो आप दूसरों के बारे में सोचते हैं, इस प्रकार एक निःस्वार्थ जीव बनने में सफल होते हैं। साधना का अर्थ है स्वयं की साधना : आप फल पदवी तक पहुँचते हैं और साथ ही एक महान जीव बनने में सफल होते हैं जो दूसरों के बारे में सोचता है और दूसरों के लिए बलिदान कर सकता है। व्यक्तिगत जीवन हमेशा अस्तित्व में रहना चाहिए। यदि आप सभी अपने आप को उस बिंदु तक विकसित करें जहां अब आपके पास अपना व्यक्तिगत अस्तित्व भी नहीं रहे, तो क्या इसकी अनुमति दी जा सकती है? तो मैं आपको यह बताना चाहता हूं: आप वापस लौटना चाहते हैं—आप फल पदवी प्राप्त करना चाहते हैं—और तदनुसार, आपके बलिदान आपको अपार प्रसन्नता देंगे। बलिदानों से आपको यही मिलता है। एक ऐसे आयाम में लौटना जो उच्च और अधिक अद्भुत है—जिसमें दयालुता की आकांक्षा रखना है और उसे पार करने के लिए प्रेरित होना है। कुछ लोग ध्यान (वुवेई) का अर्थ स्वयं का नहीं होना, स्वयं का कोई अस्तित्व नहीं होना समझते हैं। वास्तव में, ऐसा बिल्कुल नहीं है। ब्रह्मांड में स्तर होते हैं और, वास्तव में, जीवों के भी पदानुक्रम होते हैं; वे फल पदवी की स्थिति और उस शक्तिशाली सदगुण के अनुसार होते हैं जिनकी आप पुष्टि करते हैं और साधना के माध्यम से प्राप्त करते हैं।

शिष्य: क्या पैरों में अकड़न ज्यादा मात्रा में कर्म के कारण होती है?

गुरु जी: मैं पहले ही इस पर चर्चा कर चुका हूं। कुछ लोगों की टांगों में दर्द कर्म के कारण होता है, तो कुछ के लिए उन्हें अकड़न इसलिए अनुभव होती है क्योंकि उनके पैर पहले कभी इस तरह मुड़े नहीं हैं। ये शरीर की सतही शारीरिक स्थितियां हैं। लेकिन वह बड़ी मात्रा में कर्म के कारण हो या फिर शारीरिक कारकों के कारण हो, हर कोई पद्मासन में बैठ सकता है। जहां तक दर्द न अनुभव होने की बात है, तो ऐसे बहुत कम लोग होते हैं।

शिष्य: दुनिया भर में अब तक *10* करोड़ से अधिक लोग हैं जिन्होंने फा प्राप्त कर लिया है। क्या फा का प्रचार-प्रसार करना अब भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना पहले था?

गुरु जी: क्या आप वास्तव में फा का प्रचार-प्रसार करने के लिए कुछ करने को तैयार नहीं हैं? जैसा कि आप जानते हैं, आप साधना में करुणा की साधना करते हैं, और जब आप लोगों को कष्टों के बीच देखते हैं, तो आप उन्हें फा प्राप्त करने में सहायता करना चाहेंगे। यह कुछ ऐसा है जो आपको साधना में धीरे-धीरे अपनाना चाहिए। चाहे आप दूसरों को कुछ भी दें, यह उतना अच्छा नहीं होगा जितना कि उन्हें फा देना। चाहे आप किसी को जो देते हैं वह कितना भी अच्छा क्यों न हों, या आप उन्हें कितना भी पैसा क्यों न दें, वह केवल एक जन्म के लिए या एक पल के लिए सुखी होगा। लेकिन यदि आप उसे फा देते हैं, तो उसका जीवन हमेशा के लिए सुखी हो जाएगा। फा से बेहतर क्या हो सकता है? (तालियाँ) तो मुझे लगता है कि दूसरों को फा से परिचित कराना स्वयं फा का प्रसार करना है और एक अच्छा कार्य है। लेकिन आपको ऐसा बलपूर्वक नहीं करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति सीखना नहीं चाहता है और आप उसे बलपूर्वक सिखाते हैं, तो यह अच्छा नहीं है। आपने वह किया है जो आपको करना है और उसे फा के बारे में बताया, और यह पर्याप्त है। वह साधना करता है या नहीं यह उसका अपना मामला है। बहुत से लोगों ने फा का प्रचार-प्रसार करने के लिए बहुत कुछ किया है और बहुत समय बिताया है, और इसे कभी भी अर्थहीन नहीं कहा जा सकता है। आपके द्वारा बिताया गया समय साधना में बिताया गया समय बन जाएगा, क्योंकि, आखिर, आप दाफा के लिए कुछ कर रहे हैं और एक अच्छा काम कर रहे हैं। हालाँकि, कुछ ऐसा है जिस पर आपको अब से ध्यान देना चाहिए: लोगों पर जबरदस्ती करने का प्रयत्न न करें। यदि आप उन्हें फा के विषय में कुछ स्वाभाविक रूप से बताते हैं तो यह पर्याप्त होगा। यदि वे इसके बारे में जानते हैं लेकिन सीखना नहीं चाहते हैं, तो उन्हें छोड़ दें।

शिष्य: लेख "बी क्लियरहेडेड" में कहा गया है कि एक व्यक्ति को विचार कर्म और अन्य अनुचित विचारों में फर्क करना चाहिए।

गुरु जी: यह सही है। सामान्य लोगों के लिए विचार कर्म से आने वाले हस्तक्षेप को अलग करना सरल नहीं है। यदि एक साधक परिश्रमी नहीं है और अपने विचारों के पीछे के मूल उद्देश्यों को नहीं ढूंढता है, तो उसके लिए यह बताना कठिन होगा कि कौन, कौन सा है। कुछ लोग विचार कर्म को समाप्त किए बिना लंबे समय तक साधना क्यों करते रहते हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि वे यह भेद करने का प्रयत्न नहीं करते हैं कि कौन से विचार उनके अपने हैं। हम आपको स्वयं की साधना करने के लिए क्यों कहते हैं? आपको सबसे पहले साधना के माध्यम से बुरे विचारों को दूर करना चाहिए। उन बुरी चीजों से छुटकारा इसलिए पा सकते हैं क्योंकि आप यह स्वीकार नहीं करते कि वे आपके स्वयं के विचार हैं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आप यह स्वीकार नहीं करते कि वे आपके स्वयं के विचार हैं इसलिए आप उन्हें समाप्त कर पाते हैं। सच्चाई यह है कि, वास्तव में वे आप नहीं हैं। वे विभिन्न धारणाएँ, या यहाँ तक कि बुरे कर्म भी हैं, जो आपके द्वारा आपके जन्म के बाद किए गए कार्यों से विकसित हुए हैं—वे चीजें। लेकिन लोग साधारणतः उन्हें अपने ही भाग के रूप में देखते हैं: "मेरे पास एक चतुर दिमाग है, और कोई भी मेरा लाभ नहीं उठा सकता है। मैं हर मामले में दूसरों से बेहतर हूं।" वे जन्म के बाद बनी चीजों को अपने ही भाग के रूप में देखते हैं या यहां तक कि उन्हें सबसे अच्छा मानते हैं। एक व्यक्ति जो कुछ भी चाहता है वह उस पर निर्भर करता है, और केवल जब आप वह चीजें नहीं चाहते हैं तो ही वह आपके लिए समाप्त की जा सकती हैं।

मानसिक रूप से रोगी व्यक्ति को बचाना कठिन क्यों है? यह ठीक इसलिए है क्योंकि वह चीजों में भेद नहीं कर पाता है। एक नए शिष्य के लिए विचार कर्म की पहचान करना और यह भेद करना बहुत कठिन है कि कौन से विचार स्वयं के नहीं हैं। यदि वह ऐसा कर सकता है, तो वह वास्तव में उत्कृष्ट है। आप निर्णय करने के लिए दाफा का उपयोग कर सकते हैं। वास्तव में, कोई भी बुरा विचार आपका नहीं हैं। यदि आप ऐसा कर सकते हैं, तो आप उनमें अंतर करेंगे और देखेंगे: "ओह, यह विचार अच्छा नहीं है और इसे हटा देना चाहिए। मुझे इससे छुटकारा पाना चाहिए। मुझे ऐसा नहीं सोचना चाहिए।" इसी को आपके द्वारा समाप्त करना कहा जाता है। क्या आपको लगता है कि जो लोग बुरे कर्म करते हैं, जैसे कि जघन्य अपराध करना, या यहां तक कि जो लोग समलैंगिक कृत्यों में लिप्त हैं, ऐसे काम करना चाहते हैं और ऐसा करने के लिए उनका जन्म हुआ है? यह उनकी जन्म के बाद की

अनुचित धारणाओं के शक्तिशाली, और शक्तिशाली होते जाने के कारण है, और उनकी इन्हीं धारणाओं ने पलट कर उन पर नियंत्रण कर लिया है। इस प्रकार वे ऐसे बन जाते हैं।

शिष्य: जो ज्ञानप्राप्त जीव लोगों को बचाते हैं वे साधारणतः तथागत होते हैं, लेकिन वे पदार्थ के मूल स्रोतों से साधकों के गोंग को कैसे परिवर्तित करते हैं?

गुरु जी: मैंने आपको कभी ऐसा कुछ नहीं कहा है। मैंने यह नहीं कहा कि शाक्यमुनि ने ऐसा किया, है ना? तथागत के फा की तुलना ब्रह्मांड के महान फा (दाफा) से नहीं की जा सकती। एक साधारण देवता भविष्य में ऐसा नहीं कर पाएगा, और न ही कोई एक देवता अतीत में ऐसा करने में सक्षम हुआ था। अतीत में लोगों को बचाने के लिए उपयोग किया जाने वाला फा छोटा था। अन्य तथागत या उच्चतर देवताओं की सहायता से लोगों का उद्धार किया जाता था। उन्हें भी दिव्यलोक की पूजा करने और उच्च देवताओं का सम्मान करने की आवश्यकता थी। यह वैसा नहीं है जैसा लोग कल्पना करते हैं, कि तथागत बुद्ध दिव्यलोक में सबसे श्रेष्ठ हैं—यह ऐसा नहीं है। यदि कोई फा छोटा होता है, तो एक व्यक्ति को बचाने के लिए एक जीवनकाल पर्याप्त नहीं होता है, और इससे पहले कि वास्तव में उसका उद्धार किया जा सके, व्यक्ति का कुछ जन्मों के लिए उद्धार करना होगा। लेकिन दाफा इसे [एक जीवनकाल में] करने में सक्षम है। (तालियाँ) ऐसा इसलिए है क्योंकि यह ब्रह्मांड का महान फा है, जो अन्य सभी फा से श्रेष्ठ है। अन्य सभी फा वही हैं जो ज्ञानप्राप्त जीव ब्रह्मांड के महान फा से, साधना द्वारा पुष्टि और ज्ञानप्राप्ति करते हैं। मुझे नहीं पता कि आपने इस संबंध को स्पष्ट रूप से समझा है या नहीं। चाहे वह कोई ज्ञानप्राप्त व्यक्ति हो जो लोगों को बचाता है या कोई तथागत, बुद्ध, या दिव्यलोक में देवता, उनके अपने दिव्यलोक की विशेषताएं या उनके द्वारा प्राप्त की गई फल पदवी के स्तर वही हैं जिनकी उन्होंने पुष्टि की है और ब्रह्मांड के महान फा से ज्ञानप्राप्ति पायी हैं। (तालियाँ) वे ऐसी चीज़ें नहीं हैं जो उन्होंने ब्रह्मांड के महान फा से सीधे हूबहू प्राप्त की थी, क्योंकि पहले उन्हें ब्रह्मांड के महान फा के बारे में थोड़ा सा भी जानने की अनुमति नहीं थी। वे केवल विभिन्न आयामों के उस मानक को जानते थे जिसका विभिन्न स्तरों पर रहने वाले जीवों को पालन करना चाहिए, और केवल उतना ही जानते थे।

इसलिए वे अपनी स्वयं की समझ के अनुसार उस स्तर तक कैसे पहुंचे, इसकी पुष्टि और ज्ञानवर्धन कर सकते थे। यह वे चीजें हैं जिनकी उन्होंने पुष्टि की है और उन्हें ज्ञानप्राप्त हुआ है। शाक्यमुनि ने जिस बात की पुष्टि की और ज्ञानप्राप्ति पायी, उसे "शील, समाधि और प्रज्ञा" कहा जाता है। क्या मैंने इसे स्पष्ट रूप से समझाया है? (तालियाँ) वे ब्रह्मांड के फा पर निर्भर करते हैं और उनकी सहायता के लिए उच्च देवताओं पर निर्भर करते हैं। वे स्वयं नहीं कर सकते।

इसके अतिरिक्त, कुछ तथागत भिन्न होते हैं। उदाहरण के लिए, शाक्यमुनि बुद्ध वैसे नहीं हैं जैसे आपने कल्पना की थी—कोई साधारण तथागत। इस आयाम में वे तथागत हैं, जबकि वास्तव में, उनके ऐसे रूप भी हैं जो अधिक सूक्ष्म हैं और जिनके बारे में अन्य बुद्ध नहीं जानते हैं। वे जिस स्तर से आये है वह बहुत उच्च है। उन्होंने चार महानों "पृथ्वी, जल, अग्नि और पवन" की पुष्टि की और ज्ञानप्राप्ति पायी। आप में से कुछ लोगों ने इस शब्द को शास्त्रों में पढ़ा होगा। वह स्तर बहुत ऊँचा है, ब्रह्मांडीय पिंडों से बहुत आगे, जहाँ औसत जीवन का अस्तित्व है। इसका अर्थ है कि उन्होनें पुष्टि की है और बहुत ऊँचे स्तरों पर ज्ञानप्राप्ति पायी है, यह दर्शाते हुए कि वे जहाँ से आये हैं वह बहुत उच्च है। लेकिन वे यहाँ आकर लोगों का उद्धार करने के लिए केवल तथागत आयाम की फा-शक्ति को ही अपने साथ लेकर आये थे।

शिष्य: क्या मानव समाज के विकृत होने के कारणों में से एक कारण यह है कि अधिकांश सामान्य लोगों की आणविक कोशिकाओं को परग्रहियों द्वारा बदल दिया गया है?

गुरु जी: मानव शरीर की चेतना और पदार्थ जिनका लोग उल्लेख करते हैं—अर्थात्, इस शरीर की संरचना—मन को विकृत करने के साथ-साथ व्यक्ति के व्यवहार और जीवन के तरीके को बदल सकते हैं, जबकि जीवन के तरीके भी मानव शरीर में कणों की संरचना को बदल सकते हैं। यदि इस प्रकार की विकृती पार्श्व में होती है, जिसे किसी प्रकार के जीव द्वारा नियंत्रित किया जाता है, तो यह मनुष्य के लिए बहुत ही भयानक है। यह इस प्रश्न के समान है कि मनुष्य जन्म के बाद धारणाएँ क्यों विकसित कर सकता है और वही धारणाएँ पलटकर मनुष्य

को नियंत्रित कर सकती हैं। यदि आप उन्हें समाप्त नहीं करते हैं, तो वे इस जीवन में आपका भाग बन जाएँगी, और यहां तक कि यह एक ऐसा भाग भी बन सकता है जो आप पर हावी हो सकता है। दूसरे शब्दों में, यह सांस्कृतिक ढांचा जिसे परग्रहियों ने पृथ्वी के लोगों पर थोपा है, भौतिक जगत में जीने और उसे समझने के तरीकों का पूरा एक संग्रह बनाया है; यह अब ऐसा हो चूका है। इसलिए, एक बार ऐसी व्यवस्था हो जाने के बाद, मैंने जिस प्रकार के शरीर का उल्लेख किया है, उसे विकसित किया जा सकता है। आप कार कैसे चलाते हैं? आपको उनके तरीकों का उपयोग करना होगा। आप मशीन कैसे बनाते हैं? आप उनके द्वारा बनाई गई सामग्री को कैसे संचालित करते हैं? चीजों की इस श्रृंखला ने मनुष्य के जीवन जीने के सभी तरीकों में प्रवेश कर लिया है। इसने इस तरह का शरीर विकसित किया है, इस तरह की सोच बनाई है, और इस तरह की चीजों को विकसित किया है। मैंने पिछली बार कहा था कि कंप्यूटर चलाने वाले हर व्यक्ति को परग्रहियों द्वारा एक नंबर के साथ सूचीबद्ध किया गया है। यह बिल्कुल सच है। लेकिन हमारे शिष्यों के साथ यह समस्या नहीं है। मैंने उनके लिए इसे हटा दिया है, और इसके अलावा, परग्रही समाप्त होने के अंतिम चरण में हैं। फिर भी कुछ ऐसे हैं जो छिपे हुए हैं, लेकिन अब वे कम ही देखे जाते हैं। वे मनुष्य को नियंत्रित करने के लिए उन उच्च-पदार्थ आयामों में छिप जाते थे। मैंने उच्च-पदार्थ के बारे में बात की है, और वे वहीं छिपे थे, इसलिए उन्हें ढूंढ पाना बहुत कठिन था। मनुष्य मानते हैं कि केवल मौजूदा अणु ही सबसे अधिक पदार्थ हैं, जबकि वास्तव में अणुओं के अतिरिक्त भी और अधिक पदार्थ होते हैं। वे मनुष्यों को नियंत्रित करने के लिए उन जगहों पर छिप गए थे। हम उन आयामों को पहले ही पूरा कर चुके हैं—उन आयामों की चीजों को हटा दिया गया है।

शिष्य: जब कोई त्रिलोक-फा से आगे निकल जाता है, तो क्या वह पहले से ही अर्हत की प्राप्ति की स्थिति तक नहीं पहुंच गया है? वह अभी भी एक जीव क्यों रह जायेगा?

गुरु जी: आपने फा को ध्यान से नहीं पढ़ा है या इसे अच्छी तरह से समझने का प्रयत्न नहीं किया है। कुछ लोग साधना तो करते हैं लेकिन उसमें सफल नहीं हुए हैं, और इसलिए वे केवल तीन लोकों में जिस भी स्तर पर पहुँचे हैं, उसी स्तर पर

रह सकते हैं। दिव्यलोक के लोग, दैवीय लोग, मनुष्य की दृष्टि में देवता ही हैं। यदि कोई व्यक्ति तीन लोकों से परे चला जाता है, तो वह जिस पहली फल पदवी की तक पहुँचता है, वह अर्हत है। एक और विशेष परिस्थिति होती है, जिसमें एक व्यक्ति ने साधना नहीं की है बल्कि एक बहुत अच्छे मानक तक पहुंच गया है। लेकिन उसकी फल पदवी की स्थिति नहीं है। यह संभव है कि उसका किसी बुद्ध के साथ पूर्वनिर्धारित संबंध हो या श्रोताओं में से किसी के साथ उसका पूर्वनिर्धारित संबंध हो जो भविष्य में बुद्ध बनने में सफल होगा। उनकी आपके दिव्यलोक में एक जीव बनने की संभावना है, अर्थात आपके दिव्यलोक में एक नागरिक। बुद्ध के दिव्यलोक में केवल बुद्ध और बोधिसत्व नहीं होते हैं। बल्कि, यह एक फलता-फूलता दिव्यलोक होता है। बुद्ध फा के स्वामी हैं और दयालु होते हैं। यही स्थिति है। यदि आप दिव्यलोक की बातों को समझने के प्रयत्न में मानवीय सोच का उपयोग करना चाहेंगे तो आप उन्हें कभी नहीं समझ पाएंगे। उन चीजों से भरे मस्तिष्क के साथ आप साधना नहीं कर पाएंगे। एक ब्रह्मांडीय शरीर जितना बड़ा मैंने आपको बताया है, वह धूल का केवल एक कण मात्र है। ब्रह्मांड की जटिलता का वर्णन नहीं किया जा सकता, यह शब्दों से परे है। पृथ्वी पर आप गोरे, पीले और काले रंग की त्वचा वाले लोगों को देखते हैं, और जातियों के बीच भी कुछ अंतर होते हैं। ब्रह्मांडीय पिंडों में विभिन्न अनगिनत जातीय हैं—वे सभी प्रकार की हैं—और यहां तक कि बहुरंगी भी हैं। इसका अर्थ है कि यह ब्रह्मांड बेहद जटिल है।

शिष्य: मानव जाति के कर्म अधिक से अधिक जमा हो गए हैं, लेकिन औसत जीवन दर क्यों बढ़ रहा है?

गुरु जी: आपने देखा होगा कि आज लोगों की औसत जीवन दर पुराने दिनों के लोगों की तुलना में अधिक लंबा है। जबकि दाफा व्यापक रूप से फैल रहा है, यह एक व्यक्ति का महान भाग्य है कि वह उस समय के दौरान जीवन प्राप्त कर रहा है जब दाफा व्यापक रूप से फैल रहा है। (तालियाँ) जिन्हें मैं बचाना चाहता हूँ, उन सबको एक अवसर अवश्य दूंगा। जब दाफा व्यापक रूप से फैल रहा हो उस दौरान पुनर्जन्म लेना या दाफा से सयोंग से मिलना सरल नहीं है। लोगों को अवसर दिया जाता है। लेकिन कोई व्यक्ति साधना करता है या नहीं यह उसकी अपनी इच्छा है। ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां दाफा नहीं फैला है, इसलिए लोगों को फा को सुनने के लिए

ठहरना पड़ेगा और जीना पड़ेगा, उस समय उनके मन की जांच की जाएगी कि वे कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। इसलिए लोगों को फा के बारे में बताना प्राथमिक आवश्यकता का विषय है और महत्वपूर्ण है। मेरे कहने का अर्थ यह है कि जब आप फा को फैलाते हैं, तो आपको लोगों को फा के बारे में बताना चाहिए, लेकिन कोई साधना करना चाहता है या नहीं, यह उनकी अपनी इच्छा है। मान लें कि आपने यहां इस जीव के रूप में पुनर्जन्म लिया, बुद्ध फा से परिचित हुए और इसे सुना, लेकिन परवाह नहीं की, इसमें साधना नहीं की, और इसका अध्ययन नहीं किया। तो यह आपका नुकसान होगा! आपने अभी-अभी जो प्रश्न पूछा, वह यह था कि कर्म इतने अधिक क्यों हैं, फिर भी जीवन को कम नहीं किया गया है, बल्कि बढ़ाया गया है। यही कारण है।

शिष्य: क्या अनुभवी शिष्यों के लिए यह ठीक है कि अभी भी वे अपने घरों में गुआनिन और अन्य मूर्तियां रखते हैं, यदि उन्हें गुरु जी की तस्वीर के साथ प्रतिष्ठित किया गया हो?

गुरु जी: उन्हें रखना कोई समस्या नहीं है, क्योंकि वे सभी महान देव हैं। यदि उनका प्रतिष्ठापन किया गया है, तो उनका होना ठीक है, और यदि आपने उन्हें वहां रखा है, तो कोई बात नहीं। लेकिन आपको अपने मन में पता होना चाहिए कि आप किस साधना मार्ग में साधना कर रहे हैं। आपको अपने मन में यह जानना चाहिए कि आपको किसको मानते हैं।

शिष्य: क्या यह सोचना उचित है कि हम सब गुरु के शरीर में रहते हैं?

गुरु जी: आप इसे इस तरह से समझ सकते हैं। (तालियाँ) वास्तव में, मैं आपको बता सकता हूँ कि एक व्यक्ति की साधना के दौरान उसके शरीर के विस्तार में लगातार वृद्धि हो रही है। एक व्यक्ति के इस आयाम में गिरने के बाद, वापस जाने के लिए, वापस साधना करके जाने के लिए, उसके शरीर को बदलने की आवश्यकता होती है। सबसे सूक्ष्म जगत के स्तर से परिवर्तन शुरू करने के लिए, उसे ब्रह्मांड के सूक्ष्म जगत के आदर्श को पूरा करना होगा और परम सूक्ष्म जगत

में वापस लौटना होगा। उस स्थिति में, उसके शरीर का विस्तार उस आयाम के मूल स्थिति के अनुरूप होना चाहिए। तो यह विस्तृत हो जाएगा। जितना अधिक सूक्ष्म जगत, उतना अधिक विस्तार। प्रत्येक साधक इस प्रकार के परिवर्तन से गुजरेगा। हालाँकि, सामान्य लोग आपको नहीं देख पाएंगे। उन्हें इसे देखने की अनुमति नहीं है। कई शिष्यों ने देखा है कि गुरु के इस शरीर के पीछे, परत दर परत, अनगिनत शरीर हैं, और यह कि प्रत्येक परत उसके पहले वाले से बड़ी है। कुछ इतने बड़े हैं कि अंत दिखाई नहीं देता और सब कुछ समाहित है। यदि पृथ्वी समाहित है... क्या आप इस स्थान पर नहीं हैं जहाँ पृथ्वी है? यही बात है। (तालियाँ)

शिष्य: क्योंकि हम अपनी मुख्य आत्मा की साधना करते हैं, हमारे आस-पास की हर चीज़ कभी-कभी अजीब और अपरिचित क्यों लगती है?

गुरु जी: जहाँ तक इस भावना की बात है, हाँ, ऐसी स्थितियाँ होती हैं। यदि आपके मन के एक निश्चित भाग का सुधार हो गया है या आपके सोचने के तरीके बदल गए हैं, तो यह कुछ वैसे ही लग सकता है जैसा कि आपने वर्णन किया है। चाहे कुछ भी हो, हालाँकि, यदि आप जानते हैं कि आप अभी भी यहाँ हैं और यह व्यक्ति आप हैं, तो यह कोई समस्या नहीं है।

शिष्य: मुझे लगता है कि ज़ुआन फालुन में पहले ही चीजों को स्पष्ट रूप से समझा दिया गया है। दूसरों के साथ चर्चा करने और अनुभवों का आदान-प्रदान करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

गुरु जी: तो, साधना में यह आपकी अपनी अवस्था है। ऐसा कुछ दूसरों पर थोपा नहीं जा सकता। हालाँकि, मैं यह नहीं कह सकता कि आप अनुचित हैं, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की अलग-अलग अवस्थाएँ होती हैं। साथ ही, यह तथ्य भी है कि हर समय नए शिष्य प्रवेश कर रहे हैं, इसलिए आपके पास एक शुद्ध वातावरण होना चाहिए।

शिष्य: क्या यह कहा जा सकता है कि कोई सामान्य लोगों के बीच जितना गहरा उतरता है, यदि वह लौट सकता है, तो साधना में सफल होने के बाद उसका शक्तिशाली सदगुण उतना ही अधिक होता है?

गुरु जी: नहीं, ऐसा नहीं है। जो जितना गहरा उतरता है, उसके लिए उतनी ही कम आशा होती है। यदि दाफा का व्यापक रूप से प्रसार नहीं होता तो यह सब समाप्त हो चूका होता।

शिष्य: गुरु द्वारा अपने शिष्यों के लिए कर्म को हटाने का विषय अन्य धार्मिक मार्गों की साधना में हमेशा स्पष्ट क्यों नहीं होता?

गुरु जी: "क्यों" की बात नहीं है। यीशु ने जो सिखाया वह शाक्यमुनि की शिक्षा से भिन्न क्यों है? सभी को एक जैसा क्यों होना चाहिए? शाक्यमुनि ने कर्म को हटाने के विषय पर बात की थी; ऐसा नहीं है कि उन्होंने इसके बारे में बात नहीं की। समकालीन बौद्ध धर्म में भी कर्म को हटाने की चर्चा की गई है। शाक्यमुनि ने फा को सिखाने के अपने उनतालीस वर्षों के दौरान कई विषयों पर बात की। वे बातें जो लोगों को समझ में नहीं आती, उन्हें पारित नहीं किया गया। बाद की पीढ़ियों ने उन भागों को चुना जो उनके मन की स्थिति के अनुकूल थे। यह ठीक वैसे ही है जैसे वे शिष्य जो चुन-चुन कर फा पढ़ते हैं—"मुझे लगता है कि यह अध्याय अच्छा है, इसलिए मैंने केवल इस अध्याय को पढ़ा।" वे केवल उस भाग को समझ पाते थे, इसलिए उन्होंने इसे अपनाया और इसे आगे पारित किया। जो वे समझ नहीं पाए या जो उनकी धारणाओं से अनुकूल नहीं था, उन्हें पारित नहीं किया गया था। जब शाक्यमुनि अपना फा प्रदान कर रहे थे, उस समय कुछ भी लिखा नहीं गया था। पांच सौ वर्ष बाद ही शाक्यमुनि के शब्दों का व्यवस्थित करना शुरू हुआ। मौखिक रूप से पारित होने के उन पांच सौ वर्षों के दौरान कितनी त्रुटियां हुईं?! बौद्ध धर्म ने कर्म को समाप्त करने की बात की है, यह कि आप इसके बारे में नहीं जानते। यीशु को सूली पर चढ़ा दिया गया। क्या ईसाई नहीं कहते हैं कि यीशु ने लोगों को उनके पापों से छुड़ाया?

शिष्य: "साथी साधक" शब्द का प्रयोग अक्सर कुछ शिष्य अन्य शिष्यों को संबोधित करते समय करते हैं। क्योंकि गुरु जी ने कभी भी इस शब्द का उल्लेख नहीं किया है, मुझे लगता है कि यह उचित नहीं है। बौद्ध धर्म में इस तरह की परंपराएं हैं।

गुरु जी: यह इस संसार में लोगों द्वारा आविष्कार किया गया एक शब्द है और यह विशेषकर बौद्ध धर्म के लिए ही नहीं है; यह कोई विशेष शब्द नहीं है। वास्तव में, विशेष शब्द निश्चित रूप से "साथी साधक" नहीं है। यह एक और शब्द है जिसे लोगों ने बाद में, जैसे कि पिछले कुछ वर्षों में बनाया है। हमें किस शब्द का प्रयोग करना चाहिए, यह ज्यादा महत्त्व नहीं रखता। जहाँ तक इसके सतही अर्थ की बात है, दाफा इसे महत्त्व नहीं देता है। साधना करते समय आपको सामान्य लोगों के साथ अधिक से अधिक तालमेल बिठाना चाहिए। ऐसे लोग थे जो मुझसे पूछते थे कि एक-दूसरे को कैसे संबोधित किया जाए। मैं उनसे कहूंगा कि यदि आप एक दूसरे को जॉन डो या ज़न डो कहते हैं तो यह ठीक है। यदि हम कुछ अनोखे शब्द निर्धारित करेंगे, तो दूसरे वास्तव में सोचेंगे कि हम एक संगठित धर्म हैं। बेहतर होगा कि हम साधारण लोगों के साथ व्यवहार करते समय इस संबंध में थोड़ा और अनुकूल हो सकें।

शिष्य: "मनुष्य का अपने आप को पृथक करना" की समस्या को हमें किस तरह से देखना चाहिए?

गुरु जी: यह एक व्यापक विषय है, जो हर तरह से मानव जाति पर लागू होता है। मैं आपको सबसे सरल उदाहरण देता हूं। उदाहरण के लिए, आइए आज के कानूनों के बारे में बात करते हैं। आप जानते हैं कि प्राचीन काल में कोई कानून नहीं थे। क्योंकि लोगों के मन अपेक्षाकृत दयालु थे, इसलिए इतने सारे कानूनों से लोगों को नियंत्रित करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। वे स्वयं जानते थे कि कैसे व्यवहार करना चाहिए और वे अच्छा व्यवहार करते थे। आजकल लोगों के मन अच्छे नहीं हैं और भ्रष्ट हो गए हैं, और इसलिए लोगों को नियंत्रित के लिए इतने सारे कानून बनाए गए हैं। जिस तरह से पशुओं का प्रबंधन किया जाता है, उसी तरह मनुष्यों

का प्रबंधन किया जा रहा है। यह एक अदृश्य पिंजरा है। फिर भी लोग अभी भी और अधिक भ्रष्ट होते जा रहे हैं, और कानून अभी भी लगातार बनाए जा रहे हैं। आखिर यह कानून-निर्माण कितनी दूर तक जाएगा? कानून इतने अधिक हो जाएंगे कि लोगों को पता भी नहीं चलेगा कि उन्होंने कब अपराध किया है क्योंकि याद रखने के लिए बहुत सारे होंगे। अंततः यह ऐसा भी हो जाएगा कि जब आप कोई भी हरकत करेंगे या अपने घर से बाहर पैर रखेंगे तो आप कानून का उल्लंघन कर रहे होंगे। क्या इसके उस हद तक विकसित होने की संभावना नहीं है? मानवजाति स्वयं को बेहद संकुचित कर रही है। लोग न केवल कानूनी तौर पर बल्कि हर विषय में स्वयं को संकुचित कर रहे हैं। अंततः, लोग इस तरह जकड़े जायेंगे कि उनके पास बहार निकलने का कोई रास्ता नहीं रह जायेगा, और लोगों ने जो कानून बनाए हैं, वे पलट कर उन्हीं को दंडित करना शुरू कर देंगे। कानून बनाने वालों का आशय दूसरों को दंडित करने का होता है, क्योंकि एक सामान्य व्यक्ति का मन दूसरों को पसंद नहीं करता है और ईर्ष्या के कारण उन्हें दंडित करना चाहता है। उन्होंने इस तथ्य के बारे में नहीं सोचा कि वे भी समाज का हिस्सा हैं, और यह कि कानून उन पर समान रूप से लागू होंगे। अंततः लोग इस तरह संकुचित हो जायेंगे कि उनके पास सांस लेने के लिए कोई जगह नहीं होगी, ऐसे में उनके पास कोई विकल्प नहीं होगा। जब यह उस बिंदु पर पहुँच जायेगा, तब लोग कैसे जी पाएंगे? इसलिए, मनुष्य की मूलभूत समस्याओं का समाधान कानून से नहीं, मन से है। (तालियाँ)

सभी देश अपने समाज की उथल-पुथल और अस्थिरता से निराश हैं, जैसे कि सार्वजनिक सुरक्षा समस्याएं इत्यादि, और कोई अच्छे समाधान नहीं हैं। वे बुरी घटनाओं को लक्षित करने वाले कानून बनाकर उन्हें नियंत्रण में रखना चाहते हैं। इस तरह के और भी कानून बन रहे हैं। लेकिन जो लोग बुरे काम करना चाहते हैं, वे तब भी करते हैं जब उन्हें कोई नहीं देख रहा होता है। वास्तव में, किसी को भी मूल कारण नहीं मिला है, जो यह है कि लोगों के मन को नियंत्रित करने की आवश्यकता है और लोगों के मन में दयाभाव जगाने की आवश्यकता है। यदि लोगों के मन अच्छे हो जाते हैं तो फिर इतने कानूनों की जरूरत नहीं पड़ेगी। पुलिस के नहीं होने पर भी, लोग कानून के विरुद्ध कुछ भी नहीं करेंगे। यदि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को अनुचित करने से रोकता है, तो पुलिस की कोई आवश्यकता नहीं है। कल्पना कीजिए कि वह कैसा समाज होगा। क्या यह सही

नहीं है? इस बीच, यदि इतने सारे पुलिसकर्मी होते कि भविष्य में हर व्यक्ति पर नजर रखी जाती, तो लोग तब भी बुरे काम करते यदि उनके मन अच्छे नहीं होते। पुलिस भी मनुष्य है, और ऐसे पुलिस वाले भी हैं जो बुरे काम करते हैं। तो फिर आप क्या करें? न्यायाधीश भी सामान्य लोग हैं, तो यदि न्यायाधीश भी बुरे काम करते हैं तो हस्तक्षेप करने वाला कौन होगा?

मेरा कहने का अर्थ यह है कि लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान निश्चित संख्या में कानून और नियम बनाने में नहीं है, न ही यह कि लोगों को कैसे प्रतिबंधित, सीमित या नियंत्रित किया जाए। यह इस बारे में है कि लोगों की दयालुता को कैसे जगाया जाए और मानव समाज को सच में कैसे सज्जन बनाया जाए। कोई भी बाहरी प्रतिबंध जो लोगों पर थोपा जाता है, उनके मन को नहीं रोक सकता। दूसरे शब्दों में, वे उपाय मूल कारण का समाधान नहीं करते हैं।

मैं मानव जाति के बारे में सब कुछ जानता हूं। हालाँकि, भले ही मैंने इन चीजों का खुलासा किया है, मैं मानव जाति के साथ अभी कुछ नहीं करना चाहता और इसे ऐसे ही छोड़ दूंगा। मैं राजनीतिक मामलों में भी हस्तक्षेप नहीं करता। लोग जिसे "राजनीति" कहते हैं, मैं इसे पूरी तरह से नापसंद करता हूं, और मैं इसके बारे में सुनना या पूछना नहीं चाहता हूं। फिर भी मैं मानव जाति के बारे में सब कुछ स्पष्ट रूप से समझा सकता हूं, और वर्तमान में मैं केवल अपने साधना करने वाले शिष्यों के लिए उत्तरदायी हूं। हालांकि, अधिक लोगों द्वारा साधना में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद, यह प्रबल पवित्र शक्ति समाज को कुछ बदल देगी। लोग निश्चित रूप से दया की आकांक्षा करेंगे और समाज स्थिर होगा। लेकिन यह ऐसा कुछ नहीं है जो मैं करना चाहता था। यह दाफा के प्रसार का परिणाम है।

शिष्य: गुरु जी, आपने कहा था कि आप इस संसार में फालुन गोंग प्रदान करने वाले एकमात्र व्यक्ति हैं और कोई अन्य व्यक्ति यहां सिखाने के लिए नीचे आने का साहस नहीं करता है।

गुरु जी: यह सही है। मैं बस फालुन दिव्यलोक का... फालुन दिव्यलोक मेरे द्वारा बनाया गया था। (तालियाँ) केवल मैं ही एक व्यक्ति हूँ जो दाफा प्रदान कर रहा है,

और वास्तव में कोई और नहीं है [जो ऐसा कर सकता है]। आपने जिस अवधारणा की कल्पना की है वह अस्तित्व में नहीं है।

शिष्य: हम अक्सर अनुभव करते हैं कि हम समझ पाते है कि जो विचार आया है वह अनुचित है।

गुरु जी: यह अच्छा है। यद्यपि आपकी मुख्य चेतना एक ज्ञानप्राप्त व्यक्ति की तरह शक्तिशाली नहीं है, जब भी कोई अनुचित विचार आता है तो आप उसे पकड़ सकते हैं और आप जानते हैं कि यह अनुचित है। ऐसा इसलिए क्योंकि आपके मन का वह भाग जिसने साधना पूरी कर ली है, पहले से ही बहुत शक्तिशाली है, इसलिए वह अपनी भूमिका निभा रहा है। जैसे ही बुरे विचार उठते हैं, आप जागरूक होते हैं, और इसलिए वे रोके जाते हैं।

शिष्य: कमल किसका प्रतीक है? क्या यह साधक के बिना दाग लगे गंदगी से उभरने का प्रतीक है?

गुरु जी: कमल का फूल मानव आयाम में नहीं बनाया गया है। लोग सोचते हैं कि कमल का फूल कमल के फूल जैसा दिखता है, लेकिन यह कमल नहीं है। कमल का फूल बुद्धों के संसार में बनाया गया है। बुद्धों के संसार में कमल के फूल को फूल नहीं माना जाता है, बल्कि, यह फल पदवी और बुद्ध का शक्तिशाली सदगुण है। कमल का फूल मानव अवधारणाओं द्वारा समझा जाने वाला फूल नहीं है, हालांकि इसकी तुलना एक फूल से की जा सकती है। आजकल बौद्ध धर्म में कमल के फूल का उपयोग पवित्रता और शुद्धता के प्रतीक के रूप में किया जाता है—बिना दाग के गंदगी से निकलता है। यह मिट्टी से उगता है और फिर भी यह दागदार नहीं होता है, और इतना स्वच्छ, पवित्र और शुद्ध रहता है। यह एक अलंकार के रूप में प्रयोग किया जाता है, लेकिन यह बिल्कुल भी बुद्धों का कमल का फूल नहीं है।

शिष्य: साधना के दौरान, हम विकास और स्तरों की ओर बढ़ने का अनुभव कैसे कर सकते हैं? मुझे हमेशा अपने शरीर में फिर से उसी स्तर पर गिरने का अनुभव होता है।

गुरु जी: यह सब स्वाभाविक है। तो आपको लगता है कि आपको यह अनुभव होना चाहिए कि आप साधना में किस स्तर तक पहुँचे हैं? यह संभव नहीं है। मैं इसे कैसे बताऊं... बहुत सारे लोग हैं। और इसके अतिरिक्त, प्रत्येक व्यक्ति को उसकी स्थिति के बारे में विस्तार से बताना, पहले तो, असंभव है, और दूसरी बात, आप इस कारण से उन मूर्त चीजों से जुड़ जाएंगे, और आपको अपना ध्यान उस पर केंद्रित नहीं करना चाहए। दाफा के शिष्यों के रूप में आप दाफा के अनुसार स्वयं की साधना करें, और केवल यही तरीका सबसे तेज है।

शिष्य: क्या किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके जन्मजात गुण से जुड़ा होता है?

गुरु जी: यदि यह आपका व्यक्तिगत विशिष्ट स्वाभाव है जो जन्म के बाद बना है, तो यह आपका व्यक्तित्व नहीं है बल्कि आपके मोहभाव हैं, और वे जन्म के बाद बनते हैं। यदि, मान लें, कुछ लोगों की वास्तव में अपनी विशेषताएं होती हैं—एक व्यक्ति जल्दी से कार्य करता है जबकि दूसरा बहुत धीमा होता है—या यदि उनके जन्मजात लक्षणों के संदर्भ में उनके बीच मतभेद हैं, तो यह कुछ ऐसा है जो उनके मूल से संबंधित है। उदाहरण के लिए, जन्म के बाद जो चीजें बनती हैं, वह ऐसे विचार हैं जैसे "मैं इसे इस तरह से पसंद करता हूं," "मैं ऐसा ही हूं," "मैं इसे इस तरह से करना पसंद करता हूं," या "मैं बस इसी तरह से करता हूं" जो, कुछ कार्य करते समय नजर आती हैं। इन मोहभावों, इन विशेषताओं को अपने स्वयं के लक्षण या व्यक्तित्व के रूप में मानना अनुचित है। इन सब चीजों को हटाना होगा।

शिष्य: हमें "ब्रह्मांड," "ब्रह्मांडीय शरीर," और "अंतरिक्ष-समय" की अवधारणाओं को कैसे समझना चाहिए?

गुरु जी: ब्रह्मांड, ब्रह्मांडीय शरीर और अंतरिक्ष-समय की अवधारणाओं की चर्चा इन तीन शब्दों से शुरू करने की आवश्यकता है। कारण यह है कि मानव भाषा अत्यंत सीमित है। साधारणतः लोग मानते हैं कि ब्रह्मांड वही है जो आंखें देख सकती हैं और जिसकी लोग कल्पना कर सकते हैं। मैंने आपको ब्रह्मांड के इतने स्तरों के बारे में और ब्रह्मांड के इतने स्तरों की अवधारणा के बारे में बताया है, और इससे भी आगे जाने पर, ब्रह्मांड की अवधारणा से परे अभी भी स्तर हैं। मैं उन्हें ब्रह्मांडीय पिंड कहता हूं। यह वह शब्द और अवधारणात्मक विचार है जिसे मैंने आपको समझाया है, और मनुष्य की "ब्रह्मांडीय पिंड" के अर्थ की जो समझ है, उससे अलग है जिसकी मैं चर्चा करता हूं। तो एक ब्रह्मांडीय पिंड के भीतर विभिन्न ब्रह्मांडों में विभिन्न आयामों के अस्तित्व होते हैं, और निश्चित रूप से विभिन्न आयामों के अपने समय होते हैं। वे उनके अंतरिक्ष-समय हैं। भिन्न-भिन्न समय में मौजूद आयामों के भिन्न-भिन्न अंतरिक्ष-समय होते हैं। इस तरह सतही तौर पर अवधारणा को समझा जाता है।

शिष्य: दाफा का समाज में व्यापक प्रसार मानव जगत में प्रकट होने वाले ब्रह्मांड के सिद्धांत हैं। क्या इसे इस तरह समझना उचित है?

गुरु जी: हाँ, लेकिन यह पूरी तरह से उचित नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मानव जगत में इतना विशाल फा पुन: प्रकट नहीं हो रहा है: जब से स्वर्ग और पृथ्वी का अस्तित्व है, तब से ऐसा नहीं हुआ है—ऐसा पूरी सृष्टि में पहली बार हुआ है। (तालियाँ)

शिष्य: जबकि अभी-अभी उन्होंने अभ्यास सीखना शुरू किया है, अमेरिकी चाहते हैं कि संगीत टेप के निर्देशों पर साथ-साथ अंग्रेजी अनुवाद भी हो।

गुरु जी: अनुवाद का काम चल रहा है। हालाँकि, मुझे लगता है कि अनुवादित निर्देशों को व्यायाम टेप में जोड़ना इतना अच्छा नहीं है। यह बिल्कुल "बुद्ध" शब्द की तरह है: पश्चिमी लोगों को इस शब्द का अर्थ नहीं पता था, लेकिन अब सभी जानते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि कुछ चीजों का अनुवाद नहीं किया जा

सकता है, हालांकि अभ्यास टेप पर स्पष्टीकरण हो सकता है। एक बार जब आप जीयिन और हशी जैसे शब्दों का अनुवाद कर लेंगे तो वे वैसे ही नहीं रहेंगे। वे अपने मूल अर्थ खो देंगे। इसलिए उन शब्दों का अनुवाद नहीं किया जा सकता है।

शिष्य: जिनके स्वयं के मन से ही आसुरिक बाधा होती है, उनको हम साधना के मार्ग पर चलने के लिए सहायता कैसे कर सकते हैं?

गुरु जी: सबसे पहले, मैं यह नहीं कह सकता कि वे अच्छे शिष्य हैं, क्योंकि जिस शिष्य ने अच्छी तरह से साधना की है, उसे यह समस्या कभी नहीं होगी। उसका मन, जो दाफा में इतना दृढ़ है, चट्टान की तरह ठोस है, जिसे देखते ही असुरों में भय पैदा हो जाता, तो वे उसके साथ हस्तक्षेप तो नहीं कर सकेंगे। (तालियाँ) उसे छूने का प्रयत्न करना एक चट्टान पर अंडे फेंकने जैसा होगा, और वे उसे जरा भी छूने का साहस नहीं करेंगे। तो यह अभी भी ऐसा इसलिए है क्योंकि इन लोगों के मन में समस्याएँ हैं, और वह विशेष रूप से तब होता है जब बाहरी जीव उनके मन के मोहभावों का लाभ उठा रहे हैं जिससे धोखे से उनके साथ हस्तक्षेप कर सकें। यह एक सौ प्रतिशत इस तथ्य के कारण है कि उनमें अभी भी अतीत की चीजें हैं जो छोड़ी नहीं गई हैं—[यदि आप ढूंढेंगे तो पाएंगे] इसके पीछे के कारणों को। यदि उन्होंने उस चीज़ का पीछा नहीं किया, तो वह आने का साहस नहीं करेगा। चाहे वे ब्रह्मांड में अतीत के जीव हैं या सभी जीव जो अब सुधार से गुजरे है, वे सभी देख रहे हैं। केवल इसलिए कि आपका मन पवित्र नहीं है, आप उन बुरी चीजों को आकर्षित करते हैं। यदि आपका मन पवित्र है, तो कोई भी आने का साहस नहीं करेगा। और यदि वे वास्तव में आ भी सकते थे, तो देवता इसकी अनुमति नहीं देंगे। जहाँ तक उस व्यक्ति को सुधारने की बात है, इसे समझने में उसकी सहायता करें; उसके लिए एक ही मार्ग है कि वह अपने मोहभावों को छोड़ दे और फा का अधिक अध्ययन करे। एक बार जब किसी के अपने मन से आसुरिक हस्तक्षेप विकसित हो जाता है, तो व्यक्ति के लिए स्वयं चीजों को समझना बहुत कठिन होता है। जितना अधिक लोग उससे इस बारे में बात करते हैं, वह उतना ही अधिक अड़ जाता है; वह बस समझना नहीं चाहता। ऐसा होने पर कोई मार्ग नहीं रह जाता है, इसलिए उसे छोड़ दें। ऐसे में अब किसी को भी उसे तंग नहीं करना चाहिए। उसपर ध्यान न दें—बस ऐसे दिखाएं जैसे कि वह है ही नहीं। संभवतः वह शांत हो

जाएगा जब उसे वह अर्थहीन लगने लगेगा। लेकिन जिन्होंने फा को बहुत हानि पहुंचायी है, उनके पास फा प्राप्त करने का दूसरा अवसर नहीं होगा, और इससे भी बढ़कर, भविष्य में उन्हें अपने पापों का प्रायश्चित करना होगा। यह उनके अपने द्वारा किया गया है—ऐसा इसलिए नहीं है क्योंकि हममें उनके प्रति करुणा की कमी है। मैंने फा के इस पहलू पर बार-बार चर्चा की है।

शिष्य: मैं इस बात से भली-भांति अवगत हूं कि मैं लगातार परीक्षाओं पर विजय प्राप्त कर रहा हूं, लेकिन मैंने कभी भी शरीर में कोई विशेष परिवर्तन अनुभव नहीं किया।

गुरु जी: हमारे कई शिष्यों ने बहुत सी कठिनाइयों का सामना किया है; उनके बलिदान और कठिनाइयाँ जो उन्होंने सहन की हैं, वे वास्तव में दूसरों की तुलना में अधिक हैं। इसके पीछे दो कारण हैं। एक यह है कि अतीत में उन्होंने जो बुरे कर्म उत्पन्न किए हैं, वे वास्तव में विशाल हैं, या उनके द्वारा किए गए बुरे काम सामान्य से भी बदतर थे। आप कह सकते हैं कि अब, इस जीवन में, आप इसके बारे में नहीं जानते हैं और आप इसका भुगतान नहीं करेंगे, लेकिन इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? आपने दाफा में साधना की है, इसलिए मैं आपकी देखभाल करूंगा। मुझे यह भी निश्चित करना है कि आप अपनी साधना में सुधार करें और फल पदवी प्राप्त करें। लेकिन साथ ही, मैं आपको यह नहीं बता सकता कि आपने कभी इस तरह के काम किए थे। फिर भी आप मुझसे पूछते हैं कि ऐसा और वैसा क्यों है। (निःसंदेह, मैं उस शिष्य की बात नहीं कर रहा हूं जिसने प्रश्न पूछा था। मैं आपको इन चीजों को समझाने के लिए केवल एक उदाहरण दे रहा हूं।) तो आपको क्या लगता है कि क्या किया जा सकता है? जब मैं देखता हूं कि आप कष्ट और दुःख सह रहे हैं, तो मुझे वास्तव में आपकी चिंता होती है। लेकिन अपेक्षाकृत देखा जाए तो, जो हटा दिया गया है वह पहले से ही काफी अधिक है। जो गुरु ने आपके लिए हटा दिया है और तुम्हारे लिए वहन किया है वह पहले से ही बहुत ही अधिक है; इसे और हटाने से काम नहीं चलेगा या इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। तो क्या करना है? जो बचा है उसके लिए आपको थोड़ी सी तो कठिनाई सहनी होगी।

एक और संभावना यह है कि कुछ लोग केवल अपनी चीजों से मोहभाव रखते हैं और छोड़ते नहीं हैं। आप बस इसे छोड़ना नहीं चाहते, और यह इतनी गहराई में छुपा हुआ होता है कि जब आपने इसे अनुभव करते हैं तब भी आप इसे छोड़ना नहीं चाहते हैं। जैसे ही आप इसका सामना करते हैं, आप तुरंत इसे टाल देते हैं और इसके बारे में अधिक सोचना नहीं चाहते हैं। क्योंकि आप इसे छोड़ना नहीं चाहते हैं—आप इसे छोड़ना नहीं चाहते हैं तब भी आप साधना करना चाहते हैं, और मैं देख रहा हूं कि आप में वह गुण है और आप साधना करने में सक्षम हो सकते हैं—तो मुझे आपको समझाना होगा। जब आप हमेशा उस स्थिति में फंसे रहते हैं, तो आप जिन परीक्षाओं से गुजरते हैं, वे व्यापक हो जाएंगी। तब [और] क्या किया जा सकता था? और कोई मार्ग नहीं है। यह एक ऐसी संभावना है, जहां, परीक्षाएं स्वयं व्यक्ति द्वारा थोपी जाती है।

साथ ही, साधना करते समय प्रत्येक व्यक्ति अपने शरीर में उन परिवर्तनों को अनुभव नहीं करते हैं जैसे कि अन्य करते हैं। कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हें कुछ भी अनुभव नहीं होता। कुछ भी हो, उन्हें कुछ भी अनुभव नहीं होता। ऐसे मामले सामने आए हैं। आइए इसे इस तरह से समझें: चाहे आपका सूक्ष्म जगत में कितना भी बड़ा परिवर्तन हुआ हो—यहां तक कि कुछ ऐसा जो आकाश और पृथ्वी को उलट-पलट दे—सतह पर आपका शरीर आपके प्रसवोत्तर जीवन से असंवेदनशील हो गया है, सुन्न हो गया है, और कुछ भी अनुभव नहीं कर पाते। ऐसे भी मामले हैं। लेकिन इस बात की चिंता किए बिना कि सतह पर आपका शरीर कैसे पतित हो गया है और कुछ भी अनुभव नहीं करता है, आपकी साधना प्रभावित नहीं होगी, और आपकी प्रगति दूसरों की तुलना में धीमी नहीं होगी। जब आप अंत में फल पदवी प्राप्त कर लेंगे, तो सतह की बाधाएं नगण्य रह जाएँगी। जैसे ही आपका गोंग आ जाएगा सब कुछ एक पल में हो जाएगा। लेकिन वे [आपके शरीर में प्रसवोत्तर परिवर्तन] वास्तव में आपको असंवेदनशील बना सकते हैं।

शिष्य: गुरु जी ने विकृत समाज और विकृत मानवजाति की बात की है। क्या आप कृपया इसे शिष्यों के लिए और विस्तार से बता सकते हैं?

गुरु जी: आप जानते हैं, चाहे पूर्व के लोग हों या पश्चिम के, प्राचीन काल में लोगों की सोच, व्यवहार और उनके समाजों ने जो रूप धारण किए थे, वे आज के लोगों से बिल्कुल अलग थे। सभी देवताओं ने इसे मानव जीवन के जीने का तरीका माना था। लेकिन इसमें भी विकास की एक प्रक्रिया थी। आप जानते हैं कि चीन कई राजवंशों से गुजरा है। भले ही कपड़ों की शैली बदलती रही और प्रत्येक राजवंश की अलग-अलग थी, लोगों की धारणाएं, एक मानव की तरह कैसे रहना है उसकी समझ, और समाज में वे जो कुछ भी करते थे वह वास्तव में एक मानव का जीवन था। तो आज की बातों का क्या? यह समाज बहुत उन्नत प्रतीत होता है, लेकिन यह सब आज के विज्ञान द्वारा लाया गया था।

फिर देवताओं ने मानव समाज को विकृत क्यों होने दिया? जैसे ही इस प्रश्न पर चर्चा की जाती है, कई सारे मुद्दे सम्मिलित हो जाते हैं, इसलिए मैं इस पर चर्चा नहीं करना चाहूंगा। लेकिन मैं आपको कुछ वाक्यों में संक्षिप्त विवरण दे सकता हूं। यह कि इस ब्रह्मांड में प्राचीन प्रभाव हैं। ये प्राचीन प्रभाव असुर नहीं हैं: ये वे जीव हैं जो लंबे समय तक चीजों के फा के मार्ग से भटकने के बाद आए हैं। उन्हें पता नहीं है कि ब्रह्मांड पतित हो गया है। यह ठीक इसी प्रकार का जीव है, जो अपनी तरह की हर चीज की रक्षा करने के लिए, अन्य जीवों को फा प्राप्त करने में बाधा डालता है, फा-सुधार में बाधा डालता है, और एक अत्यंत बुरी शक्ति का निर्माण किया है। लेकिन वे असुर नहीं हैं, हालांकि वे ऐसे काम कर रहे हैं जिन्हें करने की असुर कदापि इच्छा नहीं करते। वे पाखंडी रूप से दिखावा करते हैं कि वे लोगों की भलाई का सोचते हैं, लेकिन उनके द्वारा पहुंचायी गयी हानि वास्तविक है।

उनका स्वरूप देवताओं जैसा है, जबकि वास्तव में वे परोपकारी जीव नहीं हैं। आज मेरे द्वारा यह दाफा प्रदान करने के दौरान इन प्रभावों का गंभीर रूप से अवरोधक असर हुआ है। जैसे ही मेरा गोंग उन तक पहुंचता है, वे वास्तव में नष्ट हो जाते हैं। एक बार जब वे इसे समझ लेंगे तो वे पाएंगे कि वे स्वयं पूरी तरह से नष्ट होने वाले हैं, और उनमें से कोई भी फा-सुधार द्वारा मिटाए जाने की संभावना से नहीं बच पाएगा। इस उपक्रम के दौरान यही प्रक्रिया है। वैसे भी, एक बार जब इस विषय पर चर्चा हो जाती है तो इसमें कुछ बड़ा सम्मिलित होता है, यह मुद्दे बहुत बड़े होते हैं। तो दूसरे शब्दों में कहा जाए तो, ये प्राचीन प्रभाव काफी लंबे समय से अस्तित्व में

हैं, और इसलिए वे यह नहीं मानते हैं कि जीव फा से विचलित हो गए हैं, और न ही वे यह मानते हैं कि ब्रह्मांड में कोई परिवर्तन हुआ है।

तो, मेरे इस उपक्रम के विषय में, ऊपर से नीचे तक सभी जीव जानते हैं। जो देवता सर्वोच्च हैं वे इसमें सहयोग करना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने व्यवस्थाओं की एक श्रृंखला बनाई है। उनका मानना है कि इस प्रकार से कार्य करना मेरे लिए सबसे अच्छा होगा। ऊपर से नीचे तक विभिन्न स्तरों पर इस तरह की व्यवस्था की गई है। लेकिन उन्हें इस बात का एहसास नहीं हुआ कि उनके आदर्श और उनकी व्यवस्था, उल्टे, मेरे उपक्रम में बाधा बन गए हैं। वे प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक मानव समाज के लिए इसकी भी व्यवस्था करते रहे हैं कि यह निर्धारित किया जा सके कि आज की मानव जाति फा को कैसे प्राप्त करेगी। वे पर-ग्रहियों के ज्ञान को संरक्षित रखने के लिए मानव शरीर और मस्तिष्क का उपयोग करना चाहते हैं। यह भी एक संकट है, एक कठिनाई है, जो मेरे लिए मेरे फा-सुधार और लोगों को बचाने के निम्नतम स्तर पर बनाई गई है। इसलिए जबकि उन्होंने जो कुछ भी किया है वह इस उपक्रम में सहायता करने के ध्येय से है, यह सब वास्तव में एक बाधा के रूप में कार्य करते हैं। लेकिन इससे जो मानव जाति को सबसे बड़ी हानि पहुँचती है, वह है लोगों को फा प्राप्त करने में बाधा होना। यह विशेष रूप से आधुनिक विज्ञान का देवताओं में अविश्वास, और साथ ही सच्ची मानव जाती के विचार और आचरण के पारंपरिक तरीकों को नकारने में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। ये सभी चीजें लोगों को फा प्राप्त करने में बाधक बनती हैं। परग्रही देवता नहीं होते हैं, और वे नहीं जानते कि उन देवताओं ने इस तरह से चीजों को व्यवस्थित किया है। यह केवल इतना है कि देवताओं ने उन्हें नियंत्रित कर रखा है और उन्हें प्रवेश करने के लिए द्वार खोल दिया है। इससे, परग्रहिओं को एक अवसर मिला है, क्योंकि मानव शरीर कुछ ऐसा है जिसकी वे लंबे समय से इच्छा रखते थे। कोई भी उन्हें अब और प्रतिबंधित नहीं कर सकता, चाहे वे कुछ भी करें, इसलिए वे मानव शरीर प्राप्त करने और मनुष्य के स्थानों पर कब्जा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। तो यदि हम इसके बारे में बात करें तो यह वास्तव में जटिल है। जो कुछ मैंने अभी-अभी आपको बताया, उसे कहने में पहले से ही बहुत बड़े मुद्दे सम्मिलित हैं। यही कारण है कि विकृत समाज और आज की मानव जाति की स्थिति ने जन्म लिया है।

कुछ शिष्यों ने कहा है, "चाहे कितने भी शिष्य हों, गुरु जी भविष्य में केवल कुछ शिष्यों को ही फल-पदवी प्राप्त करवा कर ले जा सकते हैं।" मैंने अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों को यह कहते हुए सुना है। यह दाफा को गंभीर रूप से हानि पहुंचा रहा है। आपने जो कहा था, यदि ऐसा होता, तो आज यहाँ फा पर मेरे व्याख्यान देने का क्या अर्थ होता? मेरे लिए इतना ही पर्याप्त होता कि मैं उन थोड़े से लोगों को इकट्ठा करूं और केवल उन्हें सिखाऊँ। मैं सभी जीवों को मोक्ष दिलाने की बात क्यों करता? फिर भी, हमारे कुछ अभ्यासी वास्तव में उन शब्दों पर विश्वास करते हैं। तो फिर मेरा यह प्रश्न है, आपने फा का अध्ययन कैसे किया है? यह एक समस्या है। ऐसे लोग भी हैं जो कहते हैं, "गुरु जी कुछ कहने के लिए, दूसरों को संकेत देने के लिए, या दूसरों को कुछ बातें बताने के लिए किसी एक शिष्य के शरीर से जुड़ जाएँगे। यह कुछ ऐसा है जो बिल्कुल नहीं होगा। मैं अक्सर दूसरे लोगों के मुंह, आपके परिवार के सदस्यों के मुंह, या किसी के भी मुंह का उपयोग कर सकता हूं—मैं उनके मुंह का उपयोग आपको कुछ बातें बताने और आपको संकेत देने के लिए कर सकता हूं—यह संभव है। लेकिन किसी व्यक्ति के शरीर से जुड़ना... कौन इतना विशेष है? ऐसा कुछ भी नहीं है। जो ऐसा कह रहा है उसे कोई समस्या है। यह निश्चित है कि उसी व्यति को कोई समस्या है, और यह उस चीज़ का परिणाम है जो ग्रसित आत्माओं (फुटी) ने किया है।

शिष्य: जब मैं साधारण लोगों को फा का प्रचार करता हूं, तो मैं उन्हें पहले तीन बार ज़ुआन फालुन को पढ़ने के लिए कहता हूं। यदि उसके बाद वे सीखना चाहते हैं, तो मैं उन्हें व्यायाम सिखाता हूँ ।

गुरु जी: इसे इतना कठोर न बनाएं। नए लोगों के हमेशा एक या दूसरे प्रकार के विचार होते हैं, इसलिए आप उन्हें व्यायाम भी सिखा सकते हैं, और उनका इन चीजों को धीरे धीरे समझना भी ठीक है। आप उन्हें पुस्तक दे सकते हैं, और यह भी ठीक होगा यदि वे इसे पढ़ने के बाद सीखना चाहते हैं। कुछ भी निश्चित नहीं है। इसे मानकीकृत न करें। कुछ लोगों को एक बार पुस्तक पढ़ने के बाद अच्छा लगता है और वे व्यायाम को सीखने के लिए उत्सुक हो जाते हैं। लेकिन यदि आप उन्हें कहते हैं, "नहीं, आपको पहले इसे पढ़ते रहना होगा।" ऐसा करना ठीक नहीं होगा।

शिष्य: कुछ शिष्य कहते हैं: "नए शिष्यों को पहले पुस्तक नहीं पढ़नी चाहिए। उन्हें चिंतन करना चाहिए, उन्हें ज्ञानप्राप्त करना चाहिए और चीजों पर चिंतन करना चाहिए।"

गुरु जी: चाहे वह ज्ञान प्राप्ति हो, चिंतन करना हो, या मनन करना हो, इस परिस्थिति में कि उन्होंने फा प्राप्त नहीं किया है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप उन्हें किस बारे में सोचने या ज्ञान प्राप्ति पाने के लिए कहते हैं, वे ज्ञान प्राप्ति नहीं पाएंगे, है ना? प्रत्येक व्यक्ति को पुस्तक को पढ़ना चाहिए और इसे अधिक से अधिक पढ़ना चाहिए, और तब आप अपनी साधना के दौरान प्रकट होने वाली कुछ परिस्थितियों से उचित ढंग से निपटने में सक्षम होंगे। यही सच्ची ज्ञान प्राप्ति होगी। "ज्ञान प्राप्ति" का क्या अर्थ है? यह वही ज्ञान है जो एक व्यक्ति प्राप्त करता है। यही सच्ची ज्ञान प्राप्ति है। इसलिए यदि आप चिंतन और मनन करते रहेंगे, तो आप किस विषय में सोच रहे होंगे? आपको वास्तव में आने वाले सभी विचारों को छानना चाहिए, और देखना चाहिए कि इनमें से आप के कौन से हैं और कौन से बुरे विचार हैं। यदि यह एक बुरा विचार है, तो आप इसे सोचते नहीं रह सकते। जहां तक चिंतन का संबंध है, तो आपको चिंतन करने का प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं है। जब आप फा को समझने लगे, तो आप सभी इस प्रकार की प्रक्रिया से गुज़रे: पुस्तक को उठाने और पढ़ने के बाद आपने इसे अच्छा पाया। आपको यह अच्छा क्यों लगा? आप समझदार हैं, आपकी अपनी एक सोच है, और आपके पास साधारण समाज में वास्तविक जीवन के अनुभव हैं, इसलिए आप जानते हैं कि फा अच्छा है। आप इसे उस क्षण जान गये थे जब आपने पुस्तक पढ़ी थी, लेकिन वह केवल एक अवधारणात्मक स्तर पर था। पुस्तक को लगातार पढ़ने से आप इसके मूल्य को अधिक से अधिक समझने लगते हैं, और यह आपकी समझ को तर्कसंगत बनाता है। तो चिंतन करने के लिए और क्या है? यदि आप सोचते हैं, "क्या आज मैंने जिस फा का अध्ययन किया है वह उचित है? क्या यह खंड उचित लग रहा है?" तो आपकी समझ भटक रही है। इस प्रकार करना निश्चित रूप से अनुचित होगा।

शिष्य: फा के प्रसार में कमियों के कारण, आज तक वैज्ञानिक और तकनीकी समुदाय में बहुत से वरिष्ठ कर्मचारी नहीं हैं जो सच्चे साधक हैं। हम क्या कर सकते हैं ?

गुरु जी: इसके बारे में, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कौन सा विभाग है या यह कौन सा सामाजिक वर्ग है, दाफा का प्रसार लोगों के मनों को लक्षित करता है, इसका लक्ष्य व्यक्तियों पर होता है, न कि किसी सामाजिक समूह पर। उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि किसी व्यक्ति के पास कुछ अधिकार हैं और वह लोगों को आज्ञा देता है: "सभी को सीखना होगा। नहीं सीखना कोई विकल्प नहीं है।" फिर अपने मन से कौन आएगा? वे आएंगे क्योंकि आपने उन्हें विवश किया, आपने उन्हें आदेश दिया, या मित्रता के नाते से; वे दाफा पाने के लिए नहीं आयेंगे। यह तभी काम करता है जब कोई व्यक्ति वास्तव में अपनी इच्छा से सीखना चाहता है। तो लोगों के पद कितने भी ऊँचे हों या उनके पास कितने भी अधिकार क्यों न हो, हम केवल उनके मन को देखते हैं। कोई किसी और का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता। हम में से कुछ कहते हैं कि कुछ संगठनों के लोगों द्वारा फा प्राप्त करने के बाद, दाफा को फैलाने और दाफा के वैज्ञानिक होने की पुष्टि करने के मामले में वे हमें अधिक लाभान्वित कर सकते हैं। मैं आपके इस तरह से सोचने के विरुद्ध नहीं हूं। यह बहुत अच्छा है कि आप दाफा की रक्षा करना चाहते हैं और दाफा के लिए कार्य करना चाहते हैं। हालाँकि, चीजें आमतौर पर वैसी नहीं होती जैसी आपने उनकी कल्पना की थी। यह इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति इसे प्राप्त करना चाहता है या नहीं। यह तभी काम करता है जब वह इसे प्राप्त करना चाहता है। यदि वह नहीं चाहता है, तो यह काम नहीं करेगा। किसी के छूट जाने से दाफा को हानि नहीं होगी। कुछ शिष्य बहुत चिंतित हो जाते हैं और कहते हैं: "हम शिष्यों को यह बताने से डरते हैं कि अभ्यास स्थल पर आचरण कैसे करें। एक बार जब हम उन्हें बता देंगे कि चीजों को कैसे करना है, तो शिष्य अभ्यास करना बंद कर देंगे और चले जाएंगे।" मैं कहूंगा कि यह तब स्वीकार्य हो सकता है जब किसी शिष्य में दाफा की गहरी समझ का अभाव हो। लेकिन यदि कोई शिष्य कुछ समय के अभ्यास के बाद भी ऐसा ही है, यदि वह चाहता है तो उसे जाने दें। हम जो चाहते हैं, वे साधक हैं, न कि वे लोग जो कुछ पाने करने के लिए भीड़ में शामिल हो जाते हैं, या वे लोग जो यहां अपना कोई कोटा पूरा करने के लिए आते हैं। यदि सौ में से निन्यानवे सच्चे नहीं हैं और केवल एक सच्चा व्यक्ति शेष रह जाता है, यह तब भी

आपकी उपलब्धि होगी। यदि केवल एक व्यक्ति को भी बचाया जाए, तो यह उत्कृष्ट होगा। लेकिन ऐसा नहीं होगा। देख लीजिये, अब दाफा में बहुत से लोग साधना कर रहे हैं।

शिष्य: किसी कठिन परीक्षा को पार करते समय, कभी-कभी मुझे लगता है कि मैंने उसका ज्ञान प्राप्त किया है और तुरंत राहत अनुभव करता हूँ। लेकिन बाद में मैं देखता हूँ कि वही परीक्षा दुबारा लौट आती है।

गुरु जी: अभी-अभी एक शिष्य ने मुझसे पूछा कि दिव्य परिपथ (झोउटियन) को जोड़ने की स्थिति, जो पहले अनुभव की गई थी, अब क्यों दोहराई जाती है। मैं आपको बता सकता हूं कि आपकी साधना में साधारण लोगों के समाज के तरीकों में अधिकतम रूप से समायोजित होने के लिए, आपने जिस भाग की साधना की है, उसे सूक्ष्म रूप से अलग कर दिया गया है। जिस भाग की अभी साधना पूरी होनी शेष है, उसमें पहले जैसी ही समस्या हो सकती है और साधना जारी रखनी होगी; बाद में, जब इसकी साधना समाप्त हो जाएगी तो इसे अलग कर दिया जाएगा। इसे मैं एक उदाहरण देकर समझाता हूं। आपके शरीर के हर स्तर पर यंत्र हैं। आपके शरीर के कई स्तरों में बुरे विचार हो सकते हैं। दूसरे शब्दों में, एक बुरा विचार सबसे बाहरी सतह पर बहुत उथली चीजों से बना होने की संभावना है; यह उस पदार्थ से भी बना हो सकता है जो कुछ अधिक सूक्ष्म है। तो सूक्ष्म स्तर से होते हुए सतह तक कुछ बुरे विचारों का अस्तित्व हो सकता है। इसलिए, भले ही आप का यह पक्ष आदर्श को पूरा कर चुका है और एक परत को साफ और अलग कर दिया गया है, फिर भी अगली परत में कुछ शेष हो सकता है। आपकी साधना में जिन चीजों को छोड़ने की आवश्यकता है, उनका उन्मूलन दोहराना होगा।

कुछ लोग कहते हैं: "मुझे लगता है कि मैंने बहुत अच्छी तरह साधना की है और कुछ समय से अच्छे से कर रहा हूँ। लेकिन अब फिर से बुरे विचार क्यों आ रहे हैं?" यह ऐसा है कि जिस भाग की आपने अच्छी तरह से साधना की है, उसे अलग कर दिया गया है, जबकि जिस भाग की अभी तक साधना सम्पूर्ण नहीं हुई है, उसे साधना जारी रखनी है; हालांकि, यह दुर्बल और दुर्बल होता जा रहा है। मुझे पता है—कभी-कभी जो विचार उभरते हैं वे बहुत ही बुरे होते हैं। आपको चिंता करने की

आवशकता नहीं है; पदार्थ जितना अधिक सूक्ष्म होता है, उसकी ऊर्जा उतनी ही अधिक होती है, अर्थात उसके पास जितनी अधिक शक्ति होती है, उसका बुरा प्रभाव उतना ही अधिक होता है, और वह लोगों को नियंत्रित कर सकता है। सबसे बाहरी सतह पर, पदार्थ सतह के जितना पास होता है, उसकी ऊर्जा उतनी ही कम होती है, और जितनी कम ऊर्जा होती है, उसकी क्षमता उतनी ही कम होती है; लेकिन यह जितना कम होता है और सतह के जितना पास होता है, उतना ही बुरा होता जाता है। तो यह जितना बुरा और निम्न होता है, उतनी ही कम उसकी ऊर्जा होती है। यही संबंध है। यही कारण है कि भले ही आपने बहुत सारी बुरी चीजों को हटा दिया हो और कम कर दिया हो और यह निर्बल हो गया हो, इसके और भी बुरे लगने की संभावना है। आपको इन चीजों के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आप पहले से ही इस स्तर तक साधना कर चुके हैं, और इसका अर्थ है कि जैसे ही कोई बुरा विचार उठेगा, आप उसके प्रति जागरूक हो जायेंगे। यह कुछ ऐसा है जो शुरुआती चरण में करना कठिन है। परत दर परत बुरे विचार धीरे-धीरे हटाये जा रहे हैं। लेकिन मैंने जो कहा है, उसे आपको स्पष्टता से समझना चाहिए। आप शायद सोचेंगे : "ओह, यह ऐसा है। अब जब फिर से बुरे विचार आएंगे तो मैं परवाह नहीं करूंगा।" यदि आप अपने आप को संयमित नहीं करते हैं और उनका विरोध नहीं करते हैं, तो आप साधना नहीं कर रहे हैं। यह बिलकुल ऐसा ही संबंध है। आप उन्हें परख पाते हैं, आप उन्हें रोकते हैं, और आप स्वयं की साधना करना और बुरे विचारों को रोकना जानते हैं। जब आप ऐसा करते हैं, तो आप साधना कर रहे हैं और बार-बार लगातार उन्हें नष्ट कर रहे हैं, और आवश्यकता को पूरा करने वाले भाग अधिक से अधिक होते जाते हैं। जब वे सभी आवश्यकता को पूरा कर लेते हैं, तो यह फल पदवी होगी। यही प्रक्रिया है।

शिष्य: उत्तरी अमेरिका में शिष्यों ने फा को अमेरिकियों तक फैलाने के लिए कई अवसरों का उपयोग किया है, लेकिन अभी भी बहुत कम अमेरिकी हैं जिन्होंने वास्तव में फा प्राप्त किया है।

गुरु जी: ब्रह्मांड में प्राचीन शक्तियों के पास व्यवस्थाओं का एक क्रम है, और उनकी व्यवस्थाओं ने उन चीजों को गंभीरता से बाधित किया है जो मैं आज करना चाहता हूं।

उनमें से कोई नहीं जानता कि मैं कहाँ से आया हूँ। मैंने आपको पहले एक सिद्धांत समझाया है। आइए उदाहरण के लिए देवताओं को लेते हैं। कोई देवता चाहे किसी भी स्तर का हो, वह नहीं जानता कि क्या उससे भी ऊंचा कोई देवता है। और इसके अतिरिक्त, देवताओं का अस्तित्व मनुष्य के अस्तित्व से भिन्न है। आज जब मैं आपसे कहता हूं कि दिव्यलोक से भी परे दिव्यलोक होते हैं, तो आप सभी इसे सिद्धांत के रूप में मान लेते हैं, लेकिन आपकी सोच देवताओं से भिन्न है। आप सभी इसे फा के द्वारा समझते हैं, जबकि एक देवता यह सोचता है कि वह सब कुछ देख सकता है और सब कुछ जानता है। यदि आप कहते हैं कि उसके ऊपर और भी बहुत कुछ है, तो वह आप पर विश्वास नहीं करेगा—वह वास्तव में आप पर विश्वास नहीं करेगा। यह उनकी फल पदवी की स्थिति और स्तर द्वारा निर्धारित किया जाता है, और यही उसकी बुद्धिमत्ता द्वारा पुष्टि किया गया और समझा गया है। अपने स्तर से नीचे या अपने समान स्तरों पर, वह सब कुछ एक दृष्टी में देख लेता है और जो चाहे कर सकता है। अपने स्तर से नीचे के सभी जीवों के लिए वह परम पूजनीय हैं। जहां तक मेरी बात है, वे सभी मेरी अभिव्यक्त छवियों और अभिव्यक्ति के तरीकों को अपने स्तर पर देख सकते हैं, लेकिन उनमें से कोई भी मेरे अस्तित्व के रूपों को नहीं देख सकता जो उनसे ऊंचे हैं। इसलिए वे वह करने का सहस करते हैं जो कर रहे हैं।

वे सोचते हैं कि मैं भी वहीं से आया हूं जहां पर वे हैं—"मैंने इसे इस तरह व्यवस्थित किया है, और यह आपके लिए लाभदायक है।" वास्तव में, वे यह नहीं जानते कि मुझे उच्च कार्य करने हैं। वे इसे इस तरह से करते हैं, स्तर दर स्तर, इस स्तर पर इस तरह कि सोच है, और उस स्तर पर उस तरह की सोच हैं—वे सभी इस तरह सोचते हैं—इसलिए उन्होंने हर स्तर पर एक के बाद एक बाधा की व्यवस्था की है। जहां तक फा के प्रसार की बात है, मैं पहले चाहता था कि फा-सुधार प्रक्रिया के दौरान 20 करोड़ लोग फा प्राप्त करें। क्योंकि पृथ्वी पर 7 अरब से अधिक लोग हैं, 20 करोड़ अभी भी एक छोटी संख्या है, है ना? हालांकि, उन्होंने इसे 10 करोड़ तक सीमित कर दिया है, हठपूर्वक अपनी विकृत सोच को जकड़े हुए है और छोड़

नहीं रहे हैं। जब भी मैं एक स्तर को पार कर जाता हूं, उन्होंने अगले उच्च स्तर पर पहले से ही व्यवस्था की होती है। मुझे उन सभी को पार करना है, स्तर दर स्तर... तभी मैं उनकी व्यवस्था के इस क्रम से प्रतिबंधित नहीं रहूँगा। तो उनकी व्यवस्थाओं ने मेरे फा-सुधार के लिए एक विशाल बाधा उत्पन्न कर दी है।

शिष्य: बहुत से लोग साधना करने के लिए प्रेरणा चाहते हैं, जैसे "घर वापसी " की अवधारणा को स्थापित करना। मुझे सोचता हूँ कि क्या बिना किसी ध्येय के साधना करना बेहतर नहीं होगा।

गुरु जी: साधना के लिए प्रेरणा के रूप में कहीं जाने के लिए एक प्रकार का आत्मविश्वास, प्रेरणा, या आकांक्षा स्थापित करना सैद्धांतिक रूप से अनुचित नहीं है। लेकिन मुझे लगता है कि अभी भी एक त्रुटी रह जाती है, क्योंकि आप अभी भी किसी चीज के लिए साधना कर रहे हैं। निःसंदेह, यदि आप लौटने के लिए, या एक निश्चित अवस्था तक पहुँचने के लिए साधना करना चाहते हैं, तो मुझे लगता है कि जब तक आप एक लक्ष्य स्थापित करते हैं या एक पवित्र विचार की पुष्टि करते हैं, आपको इसके विषय में आगे नहीं सोचना चाहिए। वह इच्छा करने के बाद आपको केवल स्वयं की साधना पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि आपको किसी और चीज की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। यदि आप हमेशा ऐसा ही सोचते रहेंगे, इसे अपने आप को प्रेरित करने के लिए एक प्रकार की प्रेरक शक्ति के रूप में उपयोग करते रहेंगे, तो एक निश्चित स्तर तक पहुंचने के बाद आप पर आवश्यकताएं बढ़ जाएगी, और उस समय मुझे लगता है कि यह एक प्रेरक शक्ति नहीं रह जाएगी बल्कि एक मोहभाव के रूप में प्रतीत होगी। लेकिन शुरुआती स्तर पर कोई समस्या नहीं है। मैंने कहा कि तथागत करुणा का उपदेश देते हैं। लेकिन जब एक बहुत ऊंचे स्तर के देवता देखते हैं, तो वे सोचते हैं, "कैसी करुणा? करुणा का क्या अर्थ है?" वह इसे नहीं समझते हैं। ऐसा नहीं है कि वे नहीं समझते—वे सब कुछ समझते हैं—लेकिन वे सोचते हैं कि आपकी करुणा एक मोहभाव है। सिद्धांत हमेशा ऊंचे होते जाते हैं, और फा भी ऊंचा और ऊंचा होता जाता है। विभिन्न स्तरों पर, उन स्तरों के जीवों के लिए हमेशा अपने क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताएं होती हैं।

शिष्य: हर बार जब मैं किसी फा सम्मेलन में भाग लेता हूं, तब मैं बाद में बहुत उत्साहित और प्रोत्साहित अनुभव करता हूं। लेकिन घर लौटने के कुछ समय बाद, मैं फिर से स्वयं को दृढ़ नहीं रख पाता हूं।

गुरु जी: मैं कल ही अपने शिष्यों के साथ इस विषय में बात कर रहा था। आप सभी ने यह अनुभव किया है। आप सभी जानते हैं कि दाफा के वातावरण में गुरु की बात सुनने के बाद आपको दृढ़ होना चाहिए। लेकिन आखिरकार, आप साधारण लोगों के समाज में साधना कर रहे हैं, और इसलिए आप जिस भी चीज के संपर्क में आते हैं, वह साधारण स्वार्थ से जुड़ा हुई होती है, और हर चीज आपके स्वार्थ को प्रभावित करती है। इसलिए समग्र रूप से समाज द्वारा उत्सर्जित वातावरण भी इस प्रकार जीने के लिए है। इस वातावरण में, इसके विषय में सचेत हुए बिना, आपको लग सकता है कि सब कुछ ऐसा ही होना चाहिए, और यह आपको दृढ़ नहीं रहने देगा। दृढ़ बने रहने में असफल होने का यह एक प्रमुख कारण है। लेकिन दूसरी ओर, यह ठीक इसलिए है क्योंकि यह वातावरण एक व्यक्ति को आलसी बना सकता है, एक व्यक्ति को बुरा बना सकता है, और इसमें साधना करना जटिल और कठिन है, यह कि यदि आप इससे उभर सकते हैं तो आप महान हैं, आप बहुत ऊपर जा सकते हैं, आप वापस लौट सकते हैं, और दूसरे लोग आप के विषय में कहेंगे कि आप असाधारण हैं। क्या ऐसा नहीं है? इसलिए किसी भी वातावरण में, और आज के इस वातावरण में, हमें लगातार दृढ़ बनने के लिए, मुझे लगता है कि हमें पुस्तक को खूब पढ़ना चाहिए, और पुस्तक को अधिक पढ़ना चाहिए।

शिष्य: जितना सूक्ष्म, उतना ही ऊँचा स्तर। गुरू जी ने कल उल्लेख किया कि स्वर्ग के विभिन्न स्तर नीचे की ओर सूक्ष्म जगत की ओर बढ़ते हैं।

गुरु जी: कोई "ऊपर" या "नीचे" नहीं होता है जैसे कि आप कल्पना करते हैं। पृथ्वी गोल है—"नीचे" भी "ऊपर" होता है। पहली बात तो पृथ्वी गोल है, और मनुष्य एक क्षण उल्टा हो जाता है और दुसरे क्षण फिर से ऊपर कि ओर सीधा हो जाता है। कोई "ऊपर" और "नीचे" की मानवीय अवधारणा नहीं होती है। आसपास की चार

भुजाएँ और आठ सतहें सभी "ऊपर" हैं। जब मैं कहता हूं "ऊपर की ओर बढ़ना", तो इसे वास्तव में सूक्ष्म जगत की ओर जाने के रूप में समझा जा सकता है। निश्चित रूप से कहा जाए तो, स्वर्ग की ओर ऊपर बढ़ना सूक्ष्म जगत की ओर जाना है।

शिष्य: झुआन फालुन में समय का वर्णन करने के लिए गुरू जी ने "प्रकाश वर्ष" का उपयोग किया, लेकिन क्या भौतिकी में "प्रकाश वर्ष" को दूरी नहीं समझा जाता है?

गुरु जी: जब मैंने ब्रह्मांडीय पिंड के विषय में बात की, तो मैंने आवश्यक समय पर चर्चा करने के लिए अन्तरिक्ष-समय अवधारणा की दूरी का उपयोग किया। उसी स्तर के भीतर, दूरी पर चर्चा की जा सकती है। स्थूल जगत से सूक्ष्म जगत तक, दूरी की अवधारणा अंतरिक्ष और समय के अंतर के साथ बदलती रहती है। मानव जाति के पास स्थायी अंतरिक्ष-समय या एकीकृत समय की दूरी के लिए कोई अवधारणा या शब्द नहीं है। मैं इस उपक्रम को करने में हर तरह के समय से अलग हो रहा हूं—यही मेरा तरीका है। लेकिन कोई भी जीव, जब तक वे एक विशेष वातावरण के भीतर हैं, उस वातावरण के उस समय तक सीमित रहेंगे। इसीलिए ब्रह्मांडीय पिंडों की संरचना की चर्चा करते समय, दूरी की अवधारणा को समय और गति से अलग नहीं किया जा सकता है। किसी विशेष आयाम में, एक ही स्तर के विभिन्न विश्व या विभिन्न कण अस्तित्व में होते हैं। उन्हें दूरी से मापा जा सकता है क्योंकि वे एक ही स्तर के हैं और एकीकृत समय और दूरी साझा करते हैं। सूक्ष्म जगत से स्थूल जगत तक जाने की प्रक्रिया में, हालांकि, एकीकृत समय या एकीकृत दूरियां नहीं होती हैं। ब्रह्मांड में सब कुछ दाफा द्वारा संवेदनशील जीवों के लिए बनाया गया है, जिसमें विभिन्न स्तरों पर संवेदनशील जीवों की संस्कृतियां भी सम्मिलित हैं। फा-सुधार न केवल किसी भी ऐसी चीज को ठीक करता है जो ठीक नहीं है, यह एक नई मानव संस्कृति का निर्माण भी कर रहा है। पिछले अपर्याप्त हैं। मुझे लगता है कि मैंने इसे स्पष्ट रूप से समझाया है। (तालियाँ)

शिष्य: जब भी मैं भावनाओं *(*चिंग*)* द्वारा चुनौतियों का अनुभव करता हूं, तो मुझे हमेशा ऐसा लगता है कि मैं इन्हें किसी भी तरह छोड़ नहीं पाता। क्या मैं उन लोगों में से एक हूं जो अपने अंतरतम स्वभाव को बदलने को तैयार नहीं हैं*?*

गुरु जी: यह अनुचित है यदि आप भावनाओं को अपनी तर्कसंगतता या कुछ ऐसा मानते हैं जो आपके शरीर का भाग है। लेकिन यदि आप जानबूझकर स्वयं को किसी ऐसी चीज को छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं जिसके मानक तक आप नहीं पहुंचे हैं, तो आप इसे बलपूर्वक कर रहे हैं। निरंतर साधना की प्रक्रिया के दौरान, पुस्तकों को पढ़ने और व्यायामों के अभ्यास के माध्यम से, व्यक्ति फा के निहित फा को धीरे-धीरे समझ सकता है। आपकी स्वयं के लिए एक उच्च आवश्यकता है और उन बुरे विचारों और चीजों पर लगाम लगाने का पूरा प्रयत्न करें जिनका आपको मोहभाव है; आप उन्हें हल्के में लेने और उनका विरोध करने का प्रयास करते हैं। आप का वह भाग जो आदर्श तक पहुँचने में सक्षम होता है, भले ही वह केवल एक क्षण के लिए ही क्यों न हो, वहीं स्थिर हो जाता है। यह निरंतर और लगातार इस तरह से सतह की ओर बढ़ते जाता है। जब अंत में यह पूरी तरह से पार कर जाता है, जब अंतिम परत पार हो जाती है, तो आप पाएंगे कि आपकी सोच और विचार पहले से बिलकुल भिन्न हैं। आपके सोचने का तरीका भी पहले से भिन्न होगा। वह आपका सच्चा स्व है, आपका वास्तविक स्वभाव है, जबकि हर चीज और कुछ भी जिसके बारे में आप सोचते हैं और छोड़ नहीं सकते हैं, वे जन्म के बाद प्राप्त धारणाएं हैं जो आपको उलझा रही हैं।

उन धारणाओं के साथ-साथ मनुष्य का भी इस आयाम में एक विशेष वातावरण होता है, अर्थात् भावना। तीन लोकों में सब कुछ भावनाओं में डूबा हुआ है। आप इस भाव से अलग भी नहीं हो सकते—आप इसके भीतर हैं। वास्तव में, आपको जो करने की आवश्यकता है वह है भावनाओं से दूर होने का एक तरीका ढूँढना। हालाँकि मैंने जो कहा वह बहुत स्पष्ट है, जिन्होंने थोड़े समय के लिए साधना की है, वे ऐसा नहीं कर सकते। अनुभवी शिष्यों के लिए फल पदवी प्राप्त करने से पहले इसे पूरी तरह से करना भी कठिन है। साधना में स्वयं के प्रति कड़े बने रहें और उन बुरी चीजों को नष्ट करें। दाफा साधना में सब कुछ बदला जा सकता है। यदि आप निरंतर पुस्तक पढ़ते हैं और दैनिक जीवन में स्वयं का एक साधक के रूप में

आचरण करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हैं, तो यह आपको एक पूर्ण परिवर्तन से गुजरने में सक्षम करेगा, क्योंकि दाफा आपको ढाल रहा है।

शिष्य: एक ऐसा क्षेत्र है जो हर महीने एक बार बड़े स्तर पर अनुभव-साझाकरण सम्मेलन आयोजित करने की योजना बना रहा है। अब तक वे तीन सम्मेलन कर चुके हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत अधिक है।

गुरु जी: यह बहुत अधिक है। उन्हें इतनी बार आयोजित मत करो। मुझे लगता है कि यह पर्याप्त होगा, यदि इस तरह के बड़े स्तर पर सम्मेलन वर्ष में एक या दो बार आयोजित किए जाते हैं। यदि उन्हें बहुत बार आयोजित किया जाता है तो इससे आपकी साधना प्रभावित होने की संभावना है। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि साधना पहली प्राथमिकता है; आपका फा को फैलाना, लोगों को फा प्राप्त करने में सहायता करने के उद्देश्य से भी है। वास्तव में आपके फा सुधार के लिए और साधना में आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए, हम फा को फैलाने के लिए कुछ करते हैं, लेकिन हमें केवल औपचारिकताओं में नहीं पड़ना चाहिए।

शिष्य: कल गुरु जी ने कहा था, "मेरी पहली योजना *20* करोड़ लोगों की थी।" क्या इसका अर्थ यह है कि हमारे द्वारा फा के प्रसार की संभावना *20* करोड़ लोगों तक की है?

गुरु जी: सब कुछ जो फा-सुधार में बाधा डालता है, समाप्त होने के अंतिम चरण में है। फिर भी लोगों के साधना करने के लिए तय किया गया बहुत अधिक समय नष्ट हो गया है और यह वापस नहीं लाया जा सकता है। यदि और 10 करोड़ लोग आते हैं, तो यह निश्चित है कि वे आपके जैसे नहीं होंगे, और वे आपकी गति के साथ चल नहीं पायेंगे या आप तक नहीं पहुँच पाएंगे। लेकिन क्या इसका अर्थ यह है कि हम फा को फैलाने के कार्य बंद कर दें? नहीं, हमें अभी भी उन्हें करना चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि मानव जाति के अगले चरण के लिए अभी भी कुछ चीजें हैं जिन्हें करने की आवश्यकता है, और अभी भी बहुत से लोग हैं जिन्होंने

साधना या अध्ययन नहीं किया है। आपको उन लोगों को बताना चाहिए जो फा के बारे में नहीं जानते हैं।

शिष्य: जब हम फा को फैलाने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में जाते हैं, तो मुझे चिंता होती है कि गुरु जी ने शिष्यों के लिए जिस साधना कार्यक्रम की व्यवस्था की थी, वह ऐसा करने से बाधित हो जाएगा।

गुरु जी: ऐसा नहीं होगा। यदि किसी दूरस्थ क्षेत्र में फा के बारे में कोई नहीं जानता है, तो आपका इसे फैलाने के लिए वहां जाना अनुचित नहीं है, और इसके कारण आपकी साधना में विलंब नहीं होगा। पुस्तक को पढ़ना जारी रखें और फा को फैलाने के लिए चीजें करते हुए व्यायामों का अभ्यास करते रहें, और यह अपने आप में साधना है।

शिष्य: "स्वार्थ" कितने ऊँचे स्तर तक जा सकता है? हम उस स्तर को कैसे पार कर सकते हैं?

गुरु जी: जीव फा से भटक सकता है और जीव उच्च स्तरों से नीचे गिर सकता है इसका कारण यह है कि उनमें स्वार्थ उत्पन्न होता है। मानव जाति में स्वार्थ उत्पन्न होने का कारण यह है कि लोगों के मन में जन्म के बाद कई बुरी धारणाएँ विकसित होती हैं। वास्तव में, यह मन का प्रदूषण है। उच्च स्तर के देवता अधिक शुद्ध और पवित्र होते हैं। यदि उनमें ऐसी चीजें उत्पन्न होती है जो उन्हें उत्पन्न नहीं करनी चाहिए, तो वे अशुद्ध हैं। जिस स्तर का आपने अनुभव किया है उसकी अवधारणा या अभिव्यक्ति का अस्तित्व नहीं है।

शिष्य: गुरु जी ने कहा कि हम केवल उन स्थानों पर नहीं लौट सकते जहां हमारे जीवन का निर्माण हुआ था, बल्कि और भी ऊंचे जा सकते हैं।

गुरु जी: ऐसे मामले हो सकते हैं, लेकिन ऐसा करना बहुत कठिन है। हालांकि, एक बात है: जब तक आप साधना करते रहेंगे, और इसमें वे लोग सम्मिलित हैं

जिन्होंने फा प्राप्त किया है, मैं एक भी व्यक्ति को पीछे नहीं छोड़ना चाहता। (तालियाँ) मैं निश्चित रूप से आपको वहाँ वापस ले जाने के तरीके ढूँढूँगा जहाँ आपका निर्माण हुआ था। (तालियाँ) जहाँ तक उच्च स्थानों पर जाने की बात है, यह आप पर ही निर्भर है। विशेष लोग भी हैं, बहुत ही विशेष हैं। वास्तव में, आप इस पर विचार करने के लिए मानवीय सोच का प्रयोग कर रहे हैं। आपके जीवन में जो सबसे महत्वपूर्ण है वह है अपने मूल स्थान पर लौटना—यही आपकी सबसे बड़ी इच्छा और सबसे आनंददायी इच्छा है। जीवन का अर्थ यह नहीं है कि कोई जीव कितने ऊँचे स्तर पर है। बल्कि, यह है कि जो उसे पाना चाहिए उसे प्राप्त करने में वह सक्षम है, और तब वह संतुष्ट होगा। वही सुखी होना है। लेकिन जब इसे मानवीय शब्दों में वर्णित किया जाता है तो यह काफी अशिष्ट लगता है। सभी मनुष्यों में एक निरंतर इच्छा होती है जो उन्हें सब कुछ पता लगाने के लिए प्रेरित करती है, और यह मानसिकता अच्छी नहीं है। देवताओं की ऐसी मानसिकता नहीं होती है। जीवों के लिए ब्रह्मांड असीम है और इसका अंत नहीं देखा जा सकता है। तो उच्च स्तर की चीजों के बारे में जानने की हर इच्छा एक तरह की अतृप्त, भयानक चीज है, और ऐसा नहीं हो सकता है।

अतीत में साधना करने वालों में, वास्तव में ऐसे लोग थे जिन्होंने बहुत उच्च स्तर तक साधना की, लेकिन उन्होंने जिन कठिनाइयों का सामना किया, वे वास्तव में विशाल थीं! मैं आपको एक उदाहरण देता हूं। जब मैं इस उपक्रम को कर रहा हूं, तो मैं सूक्ष्म जगत की ओर निरंतर आगे बढ़ने और फा-सुधार करने का पूरा प्रयत्न करता हूं; जिस तरह से मैं इसे करता हूं वह नीचे से ऊपर की ओर है। आपको क्या लगता है कि ऐसा करते हुए मैं कहाँ पहुँच गया हूँ? मैं एक ऐसे स्थान पर पहुंच गया हूं जो मानव शरीर से बहुत परे है। उस स्थान पर पदार्थ के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है और जीव पदार्थ के रूप में व्याप्त हैं।

ब्रह्मांड में बड़े बदलावों की एक विशेष ऐतिहासिक अवधि के दौरान, कुछ देवता ऐसे थे जो एक विशेष स्तर तक खींचे गए और नीचे नहीं उतर सके, इसलिए वे बस वहीं रहे। उन्होंने अनुभव किया कि वहां पर जीवन बहुत नीरस था, और वे पुरे मन से नीचे आना और अपने मूल स्थानों पर लौटना चाहते थे। यह आपकी कल्पना से भिन्न है; यह सच नहीं है कि जितना अधिक ऊपर होगा उतना बेहतर होगा। बाद में, जब मैं अपने उपक्रम के दौरान उस स्तर पर पहुँचा, तो मैंने उन्हें वापस भेज

दिया और वे सभी प्रसन्न हुए। (तालियाँ) मैं जो कुछ कह रहा हूँ, उस पर विश्वास करना कठिन लग सकता है। यहाँ बैठे हुए, मैं केवल ली होंगज़ी हूँ, एक मनुष्य के पूरे रूप में। जो मैंने आपको बताया है वह फा के सिद्धांत हैं; जो कुछ मैंने आपको बताया है, वह सब सच्ची घटनाएँ हैं। फिर भी सामान्य लोगों के आयाम में कोई भी क्षमता अभिव्यक्त नहीं होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मुझे आपको आत्मसात करने और पार करवाने के लिए उस तरह की क्षमता का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। दाफा के सिद्धांतों का उपयोग करके किसी की भी प्राप्ति पायी जा सकती है।

शिष्य: मैंने सुना है कि हर बार जब हम ज़ुआन फालुन को पढ़ना समाप्त करते हैं, तो हम आवरण की एक परत से छुटकारा पा सकते हैं? *(छात्र हँसते हैं)*

गुरु जी: हंसो मत। मुझे लगता है कि इसमें वास्तव में वह शक्ति है। ज़ुआन फालुन को पहली बार पढ़ते हुए आप जो सीखते हैं, उसे दूसरी बार पढ़ने पर दोहराया नहीं जाएगा। इसलिए मैं आपसे कहता हूं कि अधिक पढ़ो और खूब पढ़ो। आप उच्च सिद्धांतों के प्रति जागृत हो सकते हैं इसका कारण यह है कि आप दूसरे आयाम में आगे बढ़ चुके हैं। यदि आप उस आयाम तक नहीं पहुंचे हैं, तो आपको उस स्तर के सिद्धांतों को जानने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

शिष्य: क्या फा को एक निश्चित संख्या में पढ़ने और फल पदवी पाने पर प्राप्त स्तर के बीच कोई संबंध है?

गुरु जी: फा को जितनी बार पढ़ा जाता है, वह फल पदवी की ओर प्रगति को तेज कर सकता है। लेकिन आप फल पदवी प्राप्त कर सकते हैं या नहीं, यह आपकी अपनी साधना और कुछ अन्य बातों पर भी निर्भर करता है। वास्तव में, यदि आप इस तरह [अच्छी तरह से] पुस्तक पढ़ सकते हैं, तो मुझे पता है कि आप सब कुछ अच्छी तरह से करेंगे।

शिष्य: एक ही जन्मजात गुण वाले दो व्यक्तियों की सामाजिक स्थिति अलग-अलग हो, तो क्या वे फल पदवी के बाद समान स्तर पर पहुंचेंगे?

गुरु जी: साधना मानव समाज में सामाजिक स्थिति पर निर्भर नहीं करती है। अमीर और गरीब, या उच्च और निम्न वर्ग के बीच कोई भेद नहीं होता है, जिस तरह से लोग चीजों को वर्गीकृत करते हैं—सभी के साथ समान व्यवहार किया जाता है। यदि दो व्यक्ति एक ही स्तर के हैं, तो उनमें कोई भी अंतर नहीं है, और उनका स्तर समान होना निश्चित है। और यदि वे अलग-अलग साधना तरीकों से हैं, तो इससे भी कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। यदि कुछ लोगों ने विशेष योगदान दिया है, तो इससे उन्हें अपनी साधना की प्रगति के विषय में एक बड़ा कदम आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। (तालियाँ) हालाँकि, मुझे लगता है कि आपको उस विषय पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए, और घर लौटने पर, एक सरल तरीके की खोज करके, और अच्छे काम करने का प्रयत्न करने लगें। यह संभावना है कि चीजें इसके ठीक विपरीत होंगी। ऐसा नहीं है कि आप जो करना चाहते हैं उसे पूरा कर सकते हैं।

शिष्य: कुछ एक स्वयंसेवक दाफा की आवश्यकताओं पर पूरा नहीं उतरते हैं, और कुछ शिष्यों ने उनको बदले जाने के लिए कहा है। हमें इससे कैसे निपटना चाहिए?

गुरु जी: यदि यह व्यक्ति फा को नुकसान पहुंचाता है तो उसे बदला जाना चाहिए। यदि उसे बदला नहीं भी जाता है, तो भी मुझे लगता है कि कोई भी शिष्य उसके साथ नहीं रहेगा, इसलिए वह स्वाभाविक रूप से स्वयंसेवक नहीं रहेगा। यदि ऐसा नहीं है कि वह दाफा को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि केवल इसलिए कि उसके काम करने के तरीकों में समस्या है, तो आप उसे करुणा से बता सकते हैं कि उसने कहाँ अनुचित किया। उसे इसका एहसास हो सकता है, या नहीं भी। लेकिन वह एक साधक भी है और उसे अंततः इसका अनुभव होगा; शायद कोई प्रक्रिया होनी चाहिए। उस स्थिति में, क्या हमें वास्तव में इस प्रक्रिया के दौरान उसकी गलतियों से मोहभाव हो गया है और उसे छोड़ नहीं सकते हैं? यदि ऐसा है, तो आप इसके प्रति मोहभाव रखते हैं, और यह होता है कि आप बाहर की ओर देख रहे हैं। आप क्यों नहीं सोच सकते कि आपने उसकी गलती क्यों देखी? यह उसकी गलती है,

लेकिन आप इससे इतने दुखी क्यों हैं? क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि ऐसा कुछ है जो आपने उचित नहीं किया? आप इसे इतनी बड़ी बात क्यों समझते हैं? परिस्थिति जो भी हो, जब आप किसी समस्या का सामना करते हैं, तो आपको हमेशा स्वयं की साधना करनी चाहिए और स्वयं को परखना चाहिए।

यदि इस स्वयंसेवक ने वास्तव में बहुत अच्छी तरह से साधना की है, जब उसे कोई समस्या होती है और आप उसे इंगित करते हैं तो निश्चित ही वह स्वयं को जांचेगा। यदि कोई और किसी स्वयंसेवक को समस्या बताते हैं और वह स्वयं की जांच नहीं करता है, तो मैं कहूंगा कि स्वयंसेवक ने फा का अध्ययन ठीक से नहीं किया है और उसे बड़े सुधार करने की आवश्यकता है। (तालियाँ) यह किसी के प्रति उदार होने के बारे में नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आप सभी स्वयं की साधना करने की प्रक्रिया में हैं और सभी के मोहभाव होते हैं और ऐसी चीजें जिन्हें आप छोड़ नहीं सकते। शायद आप उचित हो, शायद नहीं। और आपका अनुचित होना आपको दूसरे व्यक्ति के उचित होने को अनुचित के रूप में देखने का कारण बन सकता है, या आपके उचित होने के कारण आप किसी अन्य व्यक्ति के अनुचित होने को उचित होने के रूप में देख सकते हैं।

आप सब साधना कर रहे हैं। आप सभी ने एक क्षण पहले तालियाँ बजाईं जब आपने मुझे ये शब्द कहते हुए सुना—मैंने कहा कि मैं अपना पुरा प्रयत्न करूँगा कि मैं एक भी शिष्य को पीछे नहीं छोड़ूंगा जिसने फा प्राप्त किया है। यदि मैं ऐसा भी कर सकता हूं, तो क्या आप कम से कम सबके साथ करुणा का व्यवहार नहीं कर सकते? (तालियाँ) यदि आप सभी संघर्षों का सामना करने पर अपने भीतर गहराई से खोज कर सकते हैं—यह पूछते हुए "क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि मुझे कोई समस्या है?"—मैं कहूंगा कि हर चीज से निपटना सरल होगा, और आपकी साधना की गति बहुत ही तेज होगी। लेकिन मैं इस विषय पर आपसे केवल इस तरह बात कर सकता हूं। जैसे-जैसे आप अपनी साधना में आगे बढ़ते हैं, आप अच्छी तरह से समझ पाएंगे कि आप अनुचित हैं, लेकिन फिर भी इसे संभालने में कठिनता अनुभव हो सकती है, इसलिए मैं आपको केवल इतना कह सकता हूं कि अच्छा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें और परिश्रमी बने रहें। संघर्ष अपरिहार्य हैं। संघर्षों के बिना कोई सुधार नहीं होगा। यदि स्वयंसेवकों ने अच्छा किया, शिष्यों ने अच्छा किया, और इस व्यवस्था में किसी का कोई संघर्ष नहीं है, तो कौन

खुश होगा? असुर खुश होंगे, और मैं नहीं। इसका कारण यह है कि, आप अपनी साधना का वातावरण खो देंगे, आप सुधार नहीं कर पाएंगे, और आप लौटने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम नहीं होंगे। इसलिए आपको संघर्षों को बुरा नहीं मानना चाहिए।

मैं अक्सर कहता हूं कि थोड़ी कठिनाई सहने में कोई बुराई नहीं है। क्या आपने अनुभव नहीं किया कि संघर्ष भी कठिनाई का एक रूप है? (तालियाँ) यही कारण है कि हाल के दिनों में अमेरिका में हमारे दाफा शिष्यों के बीच इस तरह की चीजें अपेक्षाकृत अधिक बार होती थीं। बेशक, आखिरकार, आपने मुख्य भूमि चीन में शिष्यों के जितना जल्दी फा प्राप्त नहीं किया था। आपकी समझ इतनी तेजी से आगे बढ़ी कि वह प्रक्रिया पहले ही समाप्त हो चुकी है। मुझे लगता है कि अब से... विशेष रूप से हाल के समय में, चीजें काफी अच्छी रही हैं, और अनुभवी शिष्यों की फा के विषय में समझ बहुत अधिक है, और वे पहले की तरह चरम सीमा तक चीजें नहीं करेंगे। यह बहुत अच्छा है। मुझे लगता है कि अब से चीजें बेहतर और बेहतर होती जाएंगी, क्योंकि आप परिपक्व हो रहे हैं और फा के बारे में आपकी समझ और भी उच्च होती जा रही है।

कुछ लोगों ने कहा है: "गुरु जी, मुझे वास्तव में चिंता है कि जब मैं पद्मासन में बैठता हूं तो मेरे पैरों में दर्द नहीं होता है। क्या यह सच है कि बिना कठिनाई के मेरी साधना बहुत तेजी से नहीं बढ़ रही है?" यदि दूसरे लोग इतना समझ सकते हैं, तो संघर्ष होने पर आप खुश क्यों नहीं हो सकते? [क्यों नहीं सोचें कि,] "आहा, यहाँ मेरे लिए सुधार करने का अवसर आ गया है।" जब लोग संघर्ष का सामना करते हैं, तो वे सभी इसे दूर धकेल देते हैं, इसे किसी और पर थोपने का प्रयत्न करते हैं। इसलिए आप निश्चिन्त हो जाते हैं और सोचते हैं कि जब कोई संघर्ष नहीं होता है तो यह बहुत अच्छा है, और फिर जब संघर्ष आते हैं तो आपको यह अच्छा नहीं लगता है। संघर्ष अपने आप में कठिनाई के बीच साधना करने का भाग है। कुछ लोग कहते हैं कि वे समाज के साथ ज्यादा घुलते मिलते नहीं हैं क्योंकि वे वृद्ध हो रहे हैं। यद्यपि आपकी आयु बढ़ी हुई है, आप से यह करवाया जायेगा, ताकि आप सुधार कर सकें और फल पदवी प्राप्त कर सकें, आप कष्टदायक चीजों के बारे में सोचेंगे जैसे कि उन वर्षों की कठिनाई जो आपने अतीत में शायद झेली थी। यह तब भी हो सकता है जब आप अपने बिस्तर पर बैठने के अलावा और कुछ नहीं

करते। जब आप वहां बैठ होते हैं तो आपको क्रोधित किया जायेगा, इतना क्रोधित कि आप इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते, जिसके बाद आपको एहसास होगा: "अरे, मैं एक साधक हूं। मुझे इस तरह क्रोध नहीं करना चाहिए।" यह आपके मोहभाव को हटाने के लिए है। जो भी हो, यदि आप चाहते हैं कि हर चीज सुखद हो तो आपके पास सुधार करने का कोई मार्ग नहीं होगा, इसलिए मैं ऐसा नहीं होने दे सकता। (तालियाँ)

केवल संघर्षों के बीच में ही मानवीय मोहभावों को हटाया जा सकता है, और संघर्षों के बीच ही कोई व्यक्ति समझ सकता है कि उसने क्या अनुचित किया। जब भी आप दूसरों के साथ संघर्ष करते हैं, तो मैं गारंटी देता हूं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि आपका मोहभाव उभर आया है और यह बिल्कुल स्पष्ट है। यदि आप उस क्षण का उपयोग नहीं करते हैं और आप अड़े रहते हैं और अपनी बातों को मनवाना चाहते हैं, तो आपके हठपूर्वक वाद-विवाद करने की प्रक्रिया कुछ और नहीं बल्कि उस मोहभाव को दर्शा रही है। इसके पीछे क्या है, यह देखने के लिए यदि आप और खोज कर सकते हैं, तो मोहभाव की जड़ पता चल जाएगी। (तालियाँ) तो, साधना में आपको कर्तव्यनिष्ठा से स्वयं की साधना करनी चाहिए, और आप हमेशा मेरे सिद्धांत शरीरों से आपको संकेत देने के लिए नहीं सोच सकते। सिद्धांत शरीर आपको सीधे-सीधे कभी नहीं बताएंगे कि क्या करना है।

जैसा कि आप जानते हैं, मैंने अभी आपको बताया कि फा-सुधार के दौरान मैं लगातार सूक्ष्म जगत की ओर बढ़ता रहता हूं। यह कैसे संभव होता है? यह इसलिए है क्योंकि मैंने सभी अलग-अलग स्तरों के मुख्य भागों को पकड़ लिया है और उन्हें अपने साथ (तालियाँ) यहाँ ले आया हूँ ताकि वे बच न सकें। हालाँकि, एक समस्या है: विनाश के दौरान, जब वे नष्ट होकर धूल की तरह किसी चीज जैसे बन रहे हैं और नीचे गिर रहे हैं—वे नष्ट किये जाते हैं क्योंकि वे असुरों से भी बदतर हैं, और जब उनका विनाश किया जा रहा होता है, क्योंकि वे दुष्ट प्राणी हैं, वे अभी भी मरने से ठीक पहले बुरे काम करना चाहते हैं—वे जानबूझकर बीजिंग पर गिरते हैं।

जैसा कि आप जानते हैं, बीजिंग में मौसम को लेकर लोग इतने चिंतित हैं। बीजिंग में क्या समस्या है? पिछले दो वर्षों में मौसम ऐसा रहा है कि बादल छाए हुए हैं लेकिन वे बादल नहीं हैं, और कोहरा दिखता है फिर भी यह कोहरा नहीं है। हवा में तैरने वाले पदार्थों के कण काफी बड़े होते हैं, और यहां तक कि खुली आंखों से भी उन्हें देखा जा सकता है। ऐसा कहा जाता है कि यह कारों से निकलने वाला धुंआ है, इसलिए लोगों ने गाड़ियों के उत्सर्जन को नियंत्रित करना शुरू कर दिया। मुझे लगता है कि इसका गाड़ियों से कोई संबंध नहीं है। गाड़ियों से जो उत्सर्जित होता है वह ज्यादातर कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड होता है, जबकि हवा में तैरने वाले पदार्थ अधिकतर नाइट्राइड होते हैं। अमेरिका में इतनी सारी गाड़ियां हैं कि राजमार्गों पर कारें पानी की तरह बहती हैं; दशकों से ऐसा ही है, फिर भी वहां इतना प्रदूषण नहीं है जितना कि बीजिंग में होता है। तो यह समस्या कारों के कारण नहीं है। यह भी कहा जाता है कि यह औद्योगिक प्रदूषण से होता है। भले ही विकासशील देशों में प्रदूषण काफी गंभीर है, लेकिन यह इस हद तक नहीं पहुंचा है, और फिर बीजिंग में बहुत से भारी प्रदूषण करने वाले उद्योग भी तो नहीं हैं। कुछ लोग कहते हैं कि ऐसा जलते कोयले के कारण है। लेकिन आजकल लोग हीटिंग सिस्टम का उपयोग करते हैं, और चिमनियाँ दुर्लभ हैं। और अतीत में भी जब कोयले की भट्टियों का उपयोग किया जाता था, और हर घर में कोयले से जलने वाला चूल्हा होता था, यह उस हद तक प्रदूषित नहीं था जितना कि अब है। आज का प्रदूषण एक अलग प्रकार का है। वास्तव में, लोग इस बात पर विश्वास नहीं करेंगे, और मुझे उन्हें यह बताने की आवश्यकता नहीं है। लोग जो कुछ भी कहना चाहते हैं, ठीक है।

यह वास्तव में नष्ट हो चुके सूक्ष्म जगत के आयामों से लगातार नीचे गिरने वाले बहुत ही पतित पदार्थ हैं। जब आप हवाई जहाज में उड़ान भरते हैं, हवाई जहाज के हवाई अड्डे से पांच सौ मीटर की दूरी पर उड़ान भरने के बाद आपको एक अच्छा सा नीला आकाश दिखाई देता है, लेकिन जब आप नीचे देखते हैं, "ओहो" - ऐसा लगता है जैसे एक ढक्कन ने सब कुछ ढंक दिया है। यह कहाँ से आया और यह

कभी बिखरता क्यों नहीं है? यह सूक्ष्म जगत से आया है। इसलिए इसकी उत्पत्ति का पता नहीं लगाया जा सकता है। यह सतह के अणुओं से छोटे कणों से आता है, इसलिए लोग यह पता नहीं लगा सकते कि यह कहाँ से है। इसे अंततः नाइट्राइड निर्धारित किया गया। नाइट्राइड के बारे में (आपमें से जो रसायन विज्ञान का अध्ययन करते हैं, वे इसे समझ सकते हैं), यह जैविक पदार्थों की धूल है, और यह एक भस्मक से निकलने वाले धुएं के समान है। वास्तविकता में, यह उन पतित सूक्ष्म जगत के जीवों के विनाश से उत्पन्न होता है।

शिष्य: गुरु जी के निबंध "रीमेकिंग मैनकाइंड," "डीजनरेशन," और "डायलॉग विद टाइम" *1996* और *1997* में लिखे गए थे। आपने हमें उन्हें देखने के लिए *1998* तक प्रतीक्षा क्यों की?

गुरु जी: मेरे उन्हें बाहर लाने और आपको उन्हें देखने देने का कारण उचित समय होना चाहिए था। वे बाद में प्रकाशित हुए क्योंकि मैंने उन्हें कुछ चीजों को उभरते देखने पर लिखा था। एक बार जब वे व्यापक हो गयीं तो मैंने उन्हें प्रकाशित किया। (तालियाँ)

शिष्य: जैसे-जैसे गुरु जी जिस ब्रह्मांड की चर्चा करते हैं, वह बड़ा और बड़ा होता जाता है, मेरे विचार और मन की व्यापकता का विस्तार होता जा रहा है। इस पर चर्चा करने का गुरु जी का उद्देश्य ...?

गुरु जी: क्या आपने इसे अभी-अभी नहीं समझाया था? वास्तव में, मैं आपकी क्षमता का विस्तार कर रहा हूं, और आपकी हर चीज को इसके साथ विस्तृत होने और बढ़ने की आवश्यकता है। मैंने कहा कि एक ब्रह्मांडीय पिंड ब्रह्मांड में केवल धूल का एक कण है। जितना आप समझ सकते थे जो मैंने आपको बताया है और वह जो अरबों या खरबों गुना बड़ा है वह अभी भी ब्रह्मांड में धूल का एक कण है। कोई अन्य नहीं जानता कि ब्रह्मांड आखिरकार क्या है। (तालियाँ) इसके

अतिरिक्त, ब्रह्मांड और इसमें जो कुछ भी है वह विशाल और जटिल है, और मानव मन यह सब समाहित नहीं कर सकता है। ऐसी कोई भाषा नहीं है, इसलिए आपके लिए इसका वर्णन करना मेरे लिए असंभव है। वास्तव में, मैं इसका वर्णन कैसे भी करूँ, ऐसे या वैसे, यह एक प्रणाली से आगे नहीं गया है। यह इस तथ्य के समान है कि पृथ्वी एक कण है, लेकिन मैं आपको बताता हूं कि पृथ्वी के समान कण ब्रह्मांड के ब्रह्मांडीय पिंडों में व्याप्त हैं; यह वायु में एक निश्चित आकार के कणों की तरह है जो वायु के अणुओं की रचना करते हैं, जो हर चीज में व्याप्त हैं और हर जगह हैं। तो फिर आपको क्या लगता है कि उनके ब्रह्मांडीय पिंड कितने विशाल हैं?! मैंने आपको जो बताया है वह एक प्रणाली के भीतर का एक स्पष्टीकरण है, और जटिलता की मात्रा बस शब्दों से परे है। और इसे रेखाचित्रों द्वारा भी चित्रित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि संरचना की जटिलता एक दुसरे को पार करने वाली खरबों त्रि-स्तरीय आयामों के चित्रण से परे है, इसलिए आपको इसे स्पष्ट रूप से समझाना बहुत कठिन है। (तालियाँ) फिर भी, ज़ुआन फालुन के माध्यम से, या जब आप साधना में एक निश्चित स्तर तक पहुँच जाते हैं, तो आप इसे अपने मन में समझने लगेंगे और आप इसकी विशालता को महसूस करेंगे, हालाँकि आप इसे शब्दों में व्यक्त करने में सक्षम नहीं होंगे। (तालियाँ)

शिष्य: भावनाओं को छोड़ देना इतना कठिन क्यों है?

गुरु जी: मैं आपको बता दूं: एक मनुष्य, आपका यह आवरण, इसी भावना में पैदा होता है और जन्म से ही भावना में डूबा रहता है। इस आवरण को बनाने वाली शारीरिक कोशिकाएं भावनाओं के वातावरण में पैदा होती हैं। यदि आप इससे अलग हो जाते हैं तो आप अब मनुष्य नहीं बल्कि देवता हैं। जब लोग भावनाओं से जुड़ जाते हैं तो वे वास्तव में निष्क्रिय होते हैं, भले ही उन्हें लगता है कि वे सक्रिय हैं।

शिष्य: समलैंगिकता पाप है, लेकिन मैं पीड़ा और निराशा में डूब गया हूं। मैं ज़न, शान, रेन में विश्वास करता हूं, लेकिन क्या मैं साधना के योग्य हूं?

गुरु जी: प्रचलित सोच द्वारा अनुचित तरीके से निर्देशित होने के कारण, अनुचित द्वारा क्षीण होकर, प्रबल प्रचार के साथ-साथ इस वातावरण में, लोग बहुत सी गलतियाँ कर सकते हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि वे आशाहीन हैं। आप दाफा का अध्ययन कर सकते हैं और अपने उन अनुचित विचारों और व्यवहारों को ठीक कर सकते हैं। यह ठीक वैसा ही है जैसा मैंने कहा—एक व्यक्ति समलैंगिक क्यों होगा? वास्तव में, मनुष्य भावनाओं से निष्क्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। और जब आप इससे जुड़े होते हैं, तो यह आपके मन में सभी प्रकार के मोहभाव पैदा कर देगा। उन मोहभावों से, सभी प्रकार की धारणाएँ या यहाँ तक कि पतित धारणाएँ भी उत्पन्न होंगी। हो सकता है कि आपको अचानक उस व्यक्ति का कोई विशेष व्यवहार या शायद उसका रूप पसंद आ जाए, और फिर काफी समय के लिए आप उन चीजों के प्रति मोहित हो जाते हैं। या शायद आप किसी व्यक्ति के स्वभाव और व्यवहार को पसंद करते हैं, और फिर समय के साथ-साथ एक धारणा बन जाती है जिससे आपको उसका विशेष व्यवहार पसंद आ जाता है। फिर, जैसे-जैसे वह चीज़ धीरे-धीरे शक्तिशाली और शक्तिशाली होती जाएगी, वह आपके मन पर नियंत्रण करने लगेगी। किसी चीज के लिए आपकी पसंद जब एक धारणा बन जाती है, यह शक्तिशाली और शक्तिशाली होती जाएगी। और यदि वह मानसिक स्थिति विकृत है, तो धीरे-धीरे वह पतित विचार विकसित और विस्तारित होगा, और भी विकृत हो जाएगा। तो समलैंगिकता एक ऐसी विकृत चीज है जिसका अस्तित्व भावनाओं में है। यह वास्तव में एक धारणा बनी हुई है, लेकिन पतित।

लेकिन इस समय लोग इन सभी चीजों को अपना ही एक भाग मानते हैं। वे वास्तव में आपकी अनुचित प्रसवोत्तर धारणाओं द्वारा आप पर नियंत्रण पाने वाली चीजें हैं, फिर भी आपको लगता है कि वे आपके अपने विचार हैं। लोग यह

कभी नहीं मानते हैं कि उनकी धारणाएं स्वयं का भाग नहीं हैं, इसलिए यह निश्चित है कि आप स्वयं द्वारा निर्मित किये गए विचार कर्म के बारे में नहीं जानते हैं। आपने कभी इस बारे में नहीं सोचा है कि विचार कर्म द्वारा अभिव्यक्त किये गए विचारों में से कोई भी विचार वास्तव में आप हैं या नहीं। वास्तव में, आपके मन में प्रकट होने वाले विचार हमेशा आप ही नहीं हो सकते हैं। लेकिन उन अनुचित विचारों को ठीक करना असंभव नहीं है, क्योंकि दाफा का अध्ययन करने का अर्थ है लोगों द्वारा एक सीधा रास्ता अपनाना और बेहतर करना। मुझे लगता है कि दाफा में सब कुछ ठीक किया जा सकता है। कोई समस्या नहीं है, और आप फा का अध्ययन कर सकते हैं। लेकिन आपको वास्तव में स्वयं के प्रति उत्तरदायी होना है और विशेष रूप से उन विचारों को अस्वीकार करना चाहिए। वे आपको हानि पहुंचा रहे हैं, वे आपसे ऐसे काम करने के लिए कह रहे हैं जो मानवीय नहीं हैं, और वे आपको नर्क की ओर खींच रहे हैं। फिर भी विकृत मानसिकता वाले लोग अभी भी मानते हैं कि यह स्वयं का एक भाग है। जैसे ही वह विचार आता है, जो आपको एक ही लिंग के किसी व्यक्ति को पसंद करने के लिए कह रहा है, आपको याद रखना चाहिए कि यह आप नहीं हैं और यह आपको फिर से हानि पहुंचाने के लिए है। लेकिन क्योंकि आप लंबे समय तक निष्क्रिय रूप से इसकी बात मानते रहे हैं, आपको लगता है कि इसकी बात सुनना बहुत अच्छा है, और इसलिए आप समलैंगिक बन गए हैं। आपको उस मानसिकता को ठीक करना होगा।

शिष्य: मैं पचास साल का हूँ, लेकिन कुछ शिष्य जब मुझे देखते है तो उनको लगता कि मैं सोलह या सत्रह साल का हूँ। क्या वह "मैं" दूसरे आयाम का है या "मैं" जो साधना कर रहा है?

गुरु जी: मैं इस प्रश्न पर पहले भी चर्चा कर चुका हूँ। जब आप यहां बैठे होते हैं, चाहे आपकी आयु कितनी भी क्यों न हों, वह आपके मूल प्रकृति की आयु नहीं है, और न ही यह आपकी वास्तविक आयु है। यही मनुष्य के काल और वातावरण में

अभिव्यक्त होता है। शायद आप अपने साठ या सत्तर के दशक में हैं, लेकिन आपकी मुख्य आत्मा सिर्फ सात या आठ वर्ष की है; शायद आप अपने चालीस या पचास के दशक में हैं, और आपकी मुख्य आत्मा केवल सत्रह या अठारह वर्ष की है। हालाँकि, आपकी साधना के माध्यम से, आप—और इसमें मानवीय स्तर की आपकी सतह की परत सम्मिलित है—सर्वोत्तम और सबसे कम आयु वाली अवस्था में परिवर्तित हो रहे हैं। यह निश्चित है।

शिष्य: मैं एक पश्चिमी और एक पेशेवर जादूगर हूँ। मुझे लगता है कि डेविड का जादू दिव्य सिध्दियों का उपयोग किए बिना किया जा सकता है। मुझे विश्वास है कि आपने जो कहा वह सच है, लेकिन अंदर ही अंदर मैं अभी भी अनिश्चित हूं।

गुरु जी: जादू एक तकनीक है, और यह हाथ की सफाई या किसी सामग्री की आड़ पर निर्भर होती है। इसे कभी भी दिव्य सिध्दियों के साथ भ्रमित नहीं करना चाहिए। लेकिन, जब कोई व्यक्ति कुछ विशिष्ट कौशलों को प्राप्त कर लेता है, तो दिव्य सिध्दियों के समान एक अवस्था विकसित हो सकती है। उदाहरण के लिए, कुछ लोग अपनी टोपियाँ उतारते हैं और उन्हें आगे-पीछे उछालते हैं—एक हाथ फेंकता है और दूसरा हाथ पकड़ता है। वे उन्हें बहुत तेजी से फेंकते हैं, और भले ही उनके हाथ बहुत तेज चलते नहीं लगते, फिर भी वे उन्हें पकड़ लेते हैं। इसका अर्थ यह है कि एक लंबी अवधि के बाद, वे एक प्रकार का समान समय अंतर विकसित कर सकते हैं जो एक दिव्य सिध्दि के समान है, और इस तरह के प्रभाव को प्राप्त किया जा सकता है।

जैसा कि आप जानते हैं, ताई-ची चुआन धीमा और आराम से किया जाता है। तो यह कैसे है कि इसका प्रयोग वास्तविक युद्ध में किया जा सकता है? यद्यपि यह धीमा और आराम से प्रतीत होता है, इसकी दिव्य क्षमता इसको समय के बराबर कर देती है। यह इस आयाम में समय का उपयोग नहीं करता है। आपकी मानवीय आंखें देखती हैं कि यह धीमा है, लेकिन यह वास्तव में बहुत तेज गति से चल रहा

है। आप कितनी भी तेजी से मुक्का मारें, आप उसकी तरह तेज नहीं होंगे; वह धीरे-धीरे और आराम से गति कर रहा होगा लेकिन आपको एहसास होने से पहले ही वह आपको मार चुका होगा। इस तथ्य के कारण कि ताई-ची चुआन के मन-निर्देशक सिद्धांतों में से कोई भी पारित नहीं किया गया था, आज लोग ताई-ची चुआन के पीछे के वास्तविक कारकों को नहीं जानते हैं। आप जानते हैं कि यह अंतर समय और स्थान से संबंधित है, और यह असमानता काफी अधिक है। हम पूर्वी लोगों ने पौराणिक "जादुई पैर" के बारे में सुना है, जहां आप एक बूढ़े आदमी को चलते हुए देखते हैं जो बहुत धीरे और आराम से चलता है, लेकिन आप घोड़े पर भी उसे पकड़ नहीं सकते। इसका अर्थ है कि वह एक ही आयाम में नहीं चलता है। मैंने पाया है कि जब जादू बहुत कुशल स्तर पर पहुंच जाता है, तो जादूगर कभी-कभी इस चीज का बहुत दुर्बल रूप अपना लेते हैं, लेकिन वे स्वयं इसको अनुभव नहीं कर पाते। वे इसे स्वयं नहीं जानते और उन्हें लगता है कि यह एक कौशल है। "अभ्यास परिपूर्ण बनाता है"—शायद इसका यही अर्थ है। लेकिन वे दिव्य सिध्दि का जादू नहीं कर पाते।

शिष्य: जब हम दाफा पुस्तकों का अनुवाद या समीक्षा करते हैं, तो हम अपनी मानवीय धारणाओं या मानवीय चीजों को घुलने-मिलने से कैसे रोक सकते हैं?

गुरु जी: मुख्य भूमि चीन में, जब उन्होंने अंग्रेजी संस्करण का अनुवाद करना शुरू किया था, तो वे बहुत बहस करते थे। उन्होंने बहस क्यों की? उनको हमेशा लगा कि दूसरों के अनुवाद अच्छे नहीं थे, जबकि उन दुसरे लोगों को भी लगा कि उनके अनुवाद अच्छे नहीं हैं। यह इस तथ्य के कारण है कि कोई भी दो लोग एक ही आयाम में या एक ही स्तर पर नहीं होते हैं। वे शब्दों में अभिव्यक्त नहीं कर सकते कि उन्होंने क्या ज्ञानप्राप्त किया है, इसलिए उन्हें लगता है कि दूसरा व्यक्ति सही नहीं है। जैसे ही कोई व्यक्ति इसे मौखिक रूप से व्यक्त करता है, वह स्वयं भी इसे उचित नहीं पाता है, और दूसरों को भी यह उचित नहीं लगता है। ऐसा क्यों है?

उच्च स्तरों पर सिद्धांतों को केवल अनुभूति के रूप में समझा जा सकता है, और शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। मैंने बहुत समय पहले कुछ कहा था, अर्थात्, यदि आप ज़ुआन फालुन में उच्च-स्तरीय सिद्धांतों को समझाना चाहते हैं, तो इसकी बिल्कुल अनुमति नहीं है, और आप चाहें तो भी नहीं कर सकते। ऐसा इसलिए है क्योंकि उच्च-स्तरीय सिद्धांत लोगों को बताये नहीं जा सकते हैं और मानव जगत में अभिव्यक्त नहीं हो सकते हैं। आपको केवल अपनी साधना के दौरान ही उन्हें देखने की अनुमति दी जा सकती है; साधक उन्हें जान सकते हैं, लेकिन अन्य लोग नहीं जान सकते। यह ऐसे ही है। इसलिए, यदि आप पुस्तकों का अनुवाद करना चाहते हैं, तो आप केवल शब्दों के सबसे सतही अर्थ का अनुवाद कर सकते हैं, और यह पर्याप्त है। यदि शब्दों के सतही अर्थों का सटीक अनुवाद किया जाता है, जब मैं उनके आंतरिक अर्थ जोड़ता हूं तो यह यह स्वाभाविक रूप से फा होगा और काम करेगा। अनुवाद के मामले ऐसे होते हैं।

अक्सर आप सभी सोचते हैं, "आप अनुचित हो," या "मैं उचित हूँ," और बहस करना शुरू कर देते हैं। वास्तव में, आप जो कहना चाहते हैं, उसके बाद आप पाते हैं कि आपने जो कहा है वह भी अनुचित है। इसका अर्थ यह है कि आप इसे केवल अनिभूति के रूप से समझ सकते हैं और इसे मौखिक रूप से व्यक्त नहीं कर सकते। उच्च स्तर पर समझे जाने वाले सिद्धांतों को मानवीय भाषा में नहीं लिखा जा सकता है। इसलिए यदि आप इसे लिखित रूप देना चाहते हैं, तो यह पर्याप्त होगा यदि आप शब्दों के सतही अर्थ का सटीक रूप से अनुवाद करते हैं। फा का अनुवाद करने के लिए सटीक शब्द खोजने की पूरी कोशिश करें, और इस तरह आपके लिए स्वयं की धारणाओं को जोड़ना कठिन होगा।

शिष्य: मैंने कई बार एक चमकदार, सफेद फालुन देखा। बीच में एक लाल 卍 था। क्या मैं भटक गया था?

गुरु जी: नहीं, ऐसा नहीं है। आपने जो रंग देखे, वे आपके तीसरे नेत्र से संबंधित कारणों से थे, और आप भटके नहीं थे। फालुन ब्रह्मांड का एक लघु रूप है, और ब्रह्मांड में इसके कई रंग हैं जो हमेशा बदलते रहते हैं—लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी, बैंगनी, सफेद और रंगहीन—काफी रंग हैं, न कि केवल एक। हमें लगता है कि यह रंग उज्ज्वल है, अपेक्षाकृत, इसलिए हम इसे अपने दाफा के प्रतीक के रूप में उपयोग करते हैं। 卍 के सुनहरे रंग और ताई-जी के रंग नहीं बदलते हैं, उसके अतिरिक्त अन्य रंग बदल सकते हैं। इसके अतिरिक्त, अन्य आयामों में चीजों के लिए रंग की संरचना मनुष्यों के इस आयाम के रंगों से भिन्न होती है, जो अणुओं से बनी होती है। उन आयामों में रंग उन पदार्थ के कणों से बने होते हैं जो अधिक परिष्कृत होते हैं। यही कारण है कि वे इतने चमकदार और परिष्कृत दिखते हैं, और अविश्वसनीय रूप से सुंदर हैं।

पिछले दो दिनों में फा सम्मेलन के माध्यम से, और विशेष रूप से शिष्यों के भाषणों के माध्यम से जो कल दोपहर दिए गए थे, कई शिष्यों को गहराई से प्रभावित किया है। फा सम्मेलन आपके लिए यह पता लगाने का अवसर है कि आप कहां पीछे रह गए हैं और साधना में विश्वास पैदा करने का अवसर है। इसलिए आपको अपनी आगामी साधना में इस सम्मेलन से प्राप्त और समझी गई बातों को सम्मिलित करना चाहिए, वास्तव में जितनी जल्दी हो सके सुधार करना चाहिए, और परिश्रमी बनने में समय व्यर्थ नहीं करना चाहिए। यह सबसे महत्वपूर्ण बात है।

फा सम्मेलन आयोजित करना अपने आप में लक्ष्य नहीं है। लक्ष्य आपको स्वयं को बेहतर बनाने में सहायता करना है। मैं यह भी जानता हूं कि फा के बारे में आपकी समझ ऊंची और ऊंची होती जा रही है। ऐसी बहुत सी बातें हैं जिनके बारे में मुझे कुछ भी कहने की आवश्यकता नहीं है, इनमें वे प्रश्न भी सम्मिलित हैं जिनका मैंने आज उत्तर दिया—आप बहुत सी बातें समझते हैं।

पहले इस फा सम्मेलन का उद्देश्य पश्चिमी अमेरिका के लिए एक क्षेत्रीय अनुभव-साझाकरण सम्मेलन होना था, लेकिन अब यह एक विस्तारित सम्मेलन बन गया है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां से आए हैं, इस सम्मेलन से आपने जो अंतर्दृष्टि प्राप्त की है उसे अपने साथ ले जाएं। कम से कम इस सम्मेलन द्वारा तो आपका स्वयं में कुछ सुधार हुआ होगा, और तभी आपकी हजारों मील की यात्रा व्यर्थ नहीं होगी। (तालियाँ)

शिष्य: विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न देशों के शिष्य अपने-अपने क्षेत्रों या देशों के शिष्यों की ओर से गुरु जी का सम्मान करना चाहते हैं।

गुरु जी: मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं। (तालियाँ)

मैं और कुछ नहीं कहना चाहता। मुझे आशा है कि आप और अधिक परिश्रमी होंगे, उच्च समझ रखेंगे, स्तरों को और अधिक तेज़ी से पार करेंगे, फल पदवी तक पहुँचेंगे, और जल्द से जल्द गोंग के खुलने और पूर्ण ज्ञानोदय को प्राप्त करेंगे।